फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 105 प्रभात जयपुर, बुधवार 16 नवम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**This Fork In Time...** The Industrial Revolution changed the time of day from sunrise to sunset, to shift start and knock off in the factory.

**Manipulate Stress Response**

**Why Do Batteries Lose Charge?** Although we take them for granted, batteries are technological miracle

# प्रेस काउन्सिल ऑफ इण्डिया ने अखबारों की स्वतंत्रता के पक्ष में भारी वार किया राजस्थान सरकार पर

**प्रेस काउन्सिल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रेस के बारे में व्यक्त किये गए उद्गारों के प्रति ''भारी नाराज़गी'' जताई। गहलोत ने अखबारों को, दिसम्बर 2019 की प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुली धमकी दी थी कि, सरकार उन अखबारों को ही विज्ञापन जारी करेगी जो सरकार की रीति-नीति व कामकाज को पूरे विश्वास से प्रसारित व प्रचारित करते हैं। गहलोत ने अपने इन विचारों को मूर्त रूप देने के लिये, राष्ट्रदूत को टारगैट किया। कई महीनों राष्ट्रदूत के दफ्तर में पुलिस भेजी, कम्प्यूटर ''सीज़'' करने की धमकी के साथ तथा लगभग तीन साल विज्ञापन बंद कर दिये। प्रेस काउन्सिल ने सरकार की अखबार को डराने की इस प्रवृत्ति की तो निन्दा की है, साथ में मूल प्रश्न उठाया है कि, सरकारी कोष किसी भी राजनीतिज्ञ की सम्पत्ति नहीं है, सरकारी विज्ञापन जारी करने की भी एक घोषित सरकारी नीति होना कानूनन जरूरी है, और उसका निष्पक्षता से क्रियान्वयन होना भी जरूरी है। प्रेस काउन्सिल की दृष्टि में गहलोत सरकार इन स्थापित मापदण्डों में खरी नहीं उतरी। अतः प्रेस काउन्सिल ने ''एक्स्ट्रीम डिस्प्लैज़र'' लिखित में व्यक्त किया।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पी.सी.आई.) ने मंगलवार को इस बात के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लताड़ा कि उन्होंने जनवरी 2020, अर्थात् पिछले करीब तीन साल से अपने अनुकूल खबरें प्रकाशित नहीं करने के कारण राज्य के प्रमुख हिन्दी दैनिक राष्ट्रदूत को राज्य सरकार के विज्ञापन देना बंद कर रखा है। पी.सी.आई. ने प्रथम दृष्टया उन्हें विज्ञापन जारी किये जाने के मामले में इस समाचार पत्र के प्रति भेदभाव बरतने का दोषी ठहराया।

प्रैस काउंसिल के इस ऐतिहासिक फैसले से अन्य ऐसे बहुत से अखबारों को सरकार के दमन के खिलाफ संघर्ष में मदद मिलेगी, जो, यदि सरकार की राजनैतिक सोच का अनुसरण नहीं करते हैं तो उन्हें दबाने के लिए उनके विज्ञापनों में भारी कटौती कर दी जाती है, इस प्रकार कई अखबार तो बंद होने को मजबूर कर दिए जाते हैं।

पी.सी.आई. ने राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा 16 दिसम्बर, 2019 को जयपुर की एक प्रैस कॉन्फ्रेंस में दिये गये इस विवादास्पद बयान पर ''कड़ी नाराज़गी'' व्यक्त की कि ''केवल उन्हीं अखबारों को सरकारी विज्ञापन मिलेंगे, जो सरकारी स्कीमों का प्रचार-प्रसार पूरे मनोयोग के साथ करेंगे।''

पी.सी.आई. ने इसका स्वतः संज्ञान लेते हुये, राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर दिया तथा कहा कि, वह अशोक गहलोत की इस अनुचित टिप्पणी का स्पष्टीकरण दे। पी.सी.आई. ने मंगलवार को एक अंदरूनी जाँच रिपोर्ट को भी स्वीकार कर लिया, जिसमें कहा गया है कि ''मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया यह बयान कि, विज्ञापन उन्हीं समाचार पत्रों को जारी किये जायेंगे, जो सरकारी स्कीमों का प्रचार-प्रसार करेंगे, एक ऐसा कदम है जिससे जनता के हित तथा उसके लिये महत्वपूर्ण समाचारों का प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार रूक जाने की संभावना है। अगर ऐसे बयानों पर अमल होता है तो इससे उन अखबारों की आर्थिक जीवन क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है, जिन्हें संभवतया राजनैतिक कारणों से विज्ञापन नहीं दिये जायेंगे, तथा इसके चलते, जनता के हित तथा उसके लिये महत्वपूर्ण समाचारों के प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार करने की अखबरों की क्षमता पंगु हो जायेगी।''

''राष्ट्रदूत'' राजस्थान का तीसरा सर्वाधिक सर्कुलेशन वाला दैनिक है जिसके 8 संस्करण प्रकाशित होते हैं, लेकिन सरकारी विभागों, बोर्डों तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'पी.सी.आई. ''सैंसर बोर्ड'' नहीं है गहलोत साहब'

**सरकार ने पी.सी.आई. में यह दलील दी थी कि, पी.सी.आई. केवल अखबारों और न्यूज़ एजेंसी को सैंसर करने के लिए बनाई गई है**

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 15 नवम्बर। अशोक गहलोत सरकार द्वारा मीडिया में स्वतंत्र अखबारों और पत्रकारों की आवाज पर ताला लगाने की कोशिशों और सामंतवादी रवैये का ''प्रैस काउन्सिल ऑफ इंडिया'' (पी.सी.आई.) ने कठोर शब्दों में आलोचना की है। पी.सी.आई. ने 15 नवम्बर को जारी अपने आदेश में स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मीडिया में ही दिये एक बयान कि '' हमारी (अशोक गहलोत सरकार) न्यूज छापोगे तो ही विज्ञापन मिलेंगे'' पर अत्यंत नाराजगी भी जताई है।

- **राष्ट्रदूत के जवाब और पी.सी.आई. के आदेश में प्रस्तुत एतिहासिक तथ्यों ने राज्य सरकार की इस दलील की हवा निकाल दी।**

इस प्रकरण में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 16 दिसम्बर, 2019 को सीएम आवास पर लाइव प्रैस कॉन्फेंस के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मीडिया को खुली धमकी देते हुए कहा था कि सरकार उन्हीं अखबारों को विज्ञापन देगी, जो सरकार की रीति-नीति के बारे में बढ़ा-चढ़ा कर लिखेंगे। इस घटना को एक कमज़ोर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 122 सांसदों और विधायकों पर ई.डी. का शिकंजा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। एनफोर्समेंन्ट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 51 सांसदों और 71 विधायकों के विरूद्ध दर्ज किए गए मनी लॉड्रिंग केसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि इनमें से कितने वर्तमान सांसद और विधायक हैं और कितने पूर्व सांसद या विधायक हैं।

सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सी.बी.आई.) ने भी वर्तमान तथा पूर्व सांसदों व विधायकों के खिलाफ 121 केस दायर किए थे। उनमें से 51 सांसद थे, जिनमें 15 तो निवर्तमान हैं, जबकि

- **ई.डी. ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिपोर्ट दी है। जिसके अनुसार 51 सांसद और 71 विधायकों, जिसमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल हैं, पर मनी लॉडरिंग का केस है।**

पांच अन्य का निधन हो चुका है। जहां तक विधायकों की बात है, सी.बी.आई. ने 112 विधायकों की सूची दी थी, जिनमें 34 निवर्तमान तथा 78 पूर्व विधायक हैं, जबकि 9 अन्य का निधन हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय की एक याचिका पर सांसदों-विधायकों के खिलाफ चल रहे लंबित केसों के संबंध में दोनों एजेंसियों से रिपोर्ट मांगी थी। उपाध्याय की याचिका में इन केसों पर सुनवाई जल्दी निबटाने की मांग की गई थी। सीनियर एडवोकेट विजय हंसारिया ने एक अलग रिपोर्ट में कानून निर्माताओं के केसों की सुनवाई में हो रहे भारी बिलम्ब के बारे में बताया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कई केस तो पांच वर्ष से अधिक समय से लम्बित हैं।

## राहुल संभालेंगे गुजरात में चुनाव प्रचार की कमान

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। कांग्रेस ने मंगलवार को इस असमंजस की स्थिति को समाप्त कर दिया कि राहुल, ''भारत जोड़ो यात्रा'' में व्यस्त होने के कारण गुजरात में चुनाव-प्रचार करेंगे या नहीं।

राहुल का नाम प्रथम चरण के मतदान वाले चुनाव क्षेत्रों के लिये जारी की गई 40 स्टार प्रचारकों की सूची में मौजूद है।

उनके प्रचार-अभियान की तारीखें अभी नहीं बताई गई हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में उनके गहन प्रचार-अभियान से पार्टी को लाभ हुआ था।

- **भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्तता की वजह से राहुल गांधी के गुजरात के चुनाव प्रचार करने पर व्याप्त तमाम संशय को दूर कर दिया गया है। गुजरात में ए.आई.सी.सी. के 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में राहुल टॉप पर हैं।**

उनकी माँ तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा उनकी बहिन प्रियंका गांधी वाड्रा भी स्टार प्रचारकों की सूची में हैं।

प्रचार-अभियान का नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे।

स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल प्रमुख नेता हैं- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तथा कमलनाथ, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, ए.आई.सी.सी. महासचिव शक्ति सिह गोहिल तथा तारिक अनवर, अर्जुन मिडिवाडिया, सिद्धार्थ पटेल, जिग्नेश मेवानी तथा गुजरात-प्रभारी रघु शर्मा।

## एमेज़ॉन एक बार फिर संघ के निशाने पर

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। विशाल ई-कॉमर्स कंपनी एमेज़ॉन को आर.एस.एस. ने पुनः निशाने पर लिया है। संघ से सम्बद्ध पत्रिका ''ऑर्गनाइज़र'' ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि वह देश के पूर्वोत्तर भाग में धार्मिक धर्मान्तरण के लिये धन उपलब्ध करा रही है। आर.एस.एस. से जुड़े संगठन पिछले कुछ समय से अमेज़ॉन को निशाना बना रहे हैं। इससे पूर्व, ऑर्गनाइज़र ने एमेज़ॉन पर आरोप लगाया था कि कंपनी खुदरा बाजार पर कब्जा करके छोटे व्यापारियों/दुकानदारों को जबरदस्त नुकसान पहुँचा रही है। ज्ञातव्य है कि यह समुदाय संघ परिवार तथा भाजपा का परम्परागत समर्थक रहा है। पिछले वर्ष

- **संघ का आरोप है, एमेज़ॉन नॉर्थ-ईस्ट में धर्म परिवर्तन के अभियान को फाइनैंस कर रहा है।**

सितम्बर में, ऑर्गनाइज़र के हिन्दी संस्करण ''पांचजन्य'' ने कंपनी पर ईसाई संगठनों की फंडिग में लिप्त होने का आरोप लगाते हुये, कथित रूप से भ्रष्ट करतूतों के मामले में एमेज़ॉन को ईस्ट इंडिया कंपनी के समान बताया था। पिछले वर्ष दिसम्बर में, स्वदेशी जागरण मंच ने एक प्रस्ताव पारित कर माँग की थी कि एमेज़ॉन तथा फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स फर्मों को दी गई तमाम अनुमतियाँ एवं स्वीकृतियाँ वापस ले ली जायें। एस.जे.एम. ने कहा था कि इन फर्मों द्वारा दिये जाने वाले डिस्काउन्ट आस पास की किराने की दुकानों पर प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। सितम्बर की इससे पूर्व की रिपोर्ट में, ऑर्गनाइज़र ने आरोप लगाया था कि ''आल इंडिया मिशन (ए.आई.एम.), जो एमेज़ॉन से जुड़ा हुआ बताया जाता है, ने झारखंड में दो मोर्चे खोल रखे हैं तथा इसके संस्थापक ''भारत एवं केन्द्र सरकार को बदनाम करने का निष्ठुर अभियान'' चला रहे हैं।''

एमेज़ॉन पर यह नया हमला ऐसे समय पर हुआ है, जब कंपनी की आय घट रही है तथा रिपोर्ट बता रही हैं कि एमेज़ॉन मोटे तौर पर अपने 10,000 कर्मचारियों की छँटनी की योजना बना रही है तथा छँटनी की यह प्रक्रिया इसी सप्ताह शुरु होने की संभावना है। अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सरदारशहर से भाजपा ने अशोक पिंचा को उतारा

जयपुर, 15 नवंबर। भाजपा ने सरदार शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए अशोक कुमार पिंचा पर ही एक बार फिर भरोसा जताया है। पिंचा वर्ष 2018 में भी पार्टी के प्रत्याशी रहे थे। भाजपा

- **अशोक पिंचा अब तक चार बार चुनाव हार चुके हैं ऐसे में उन्हें टिकट दिए जाने से भाजपा में अटकलों का दौर शुरू हो गया है।**

की केन्द्रीय चुनाव समिति ने अशोक कुमार पिंचा को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ में भी उपचुनाव वाली सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## टी.आर.एस. व भाजपा में नयी होड़ शुरू हुई तेलंगाना में

**भाजपा ई.डी. का इस्तेमाल कर रही है, तो टी.आर.एस. अपने जी.एस.टी. स्टाफ का**

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। तेलंगाना में चल रही राजनैतिक लड़ाई में, सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दल, तेलंगाना राष्ट्र समिति भी विधायक एवं नेताओं को छीनने के मामले में अपनी मुख्य प्रतिद्वंदी भाजपा से कम नहीं पड़ रहीं है। नेताओं को चुराने का उद्देश्य, अगले वर्ष दिसम्बर के अन्त में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले एक ऐसा वातावरण बना देना है कि संबंधित पार्टी नेताओं की पसंदीदा पार्टी है।

ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ टी.आर.एस., भाजपा की नकल करते हुये एक ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रही है कि उसकी प्रतिद्वंदी पार्टी (भाजपा) भ्रष्ट है। टी.आर.एस. यह आरोप लगा रही है कि भाजपा उसके

- **इस स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य है, विधायकों को डरा धमका कर या प्रलोभन देकर अपने खेमे में लाना।**
- **यह स्पर्धा शुरू हुई, भाजपा के मुनुगोडे के उपचुनाव में अच्छे प्रदर्शन से, भाजपा बहुत कम वोटों से हारी यह उपचुनाव।**

विधायकों को खरीदने के लिये पैसा काम में ले रही है। बताया जाता है कि भाजपा के नजदीकी लोगों द्वारा अपने चार विधायकों को लुभाये जाने के आरोपों की जाँच की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव स्वयं कर रहे हैं।

और तो और, तेलंगाना सरकार के जी.एस.टी. अधिकारियों ने भी भाजपा नेता कोमाति रेड्डी राजगोपाल रेड्डी के बेटे के व्यावसायिक ठिकानों पर छापे मारे हैं। मुनुगोडे विधानसभा उपचुनावों, जिनमें भाजपा मामूली अंतर से हारी थी, के चन्द दिन बाद, राज्य सरकार के जी.एस.टी. विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशी कोमाति रेड्डी राजगोपाल रेड्डी के बेटे संकीर्त रेड्डी के पोस्ट बंजारा हिल्स-स्थित व्यावसायिक परिसरों पर छापे मारे थे। जी.एस.टी. जाँचकर्ताओं की 20 टीमों, जिनमें करीब 150 अधिकारी थे, ने भाजपा नेता के बेटे द्वारा संचालित सुश्री इन्फ्रा एंड माइनिंग के परिसरों पर छापे मारे थे। ये छापे टी.आर.एस. की एक शिकायत पर मारे गये थे, जिसमें यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अन्ततोगत्वा रिपब्लिकन पार्टी में ट्रम्प का ''चैलेंजर'' उभरा, 2024 के राष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में

**फ्लोरिडा के गवर्नर के हाल ही में हुए चुनाव में रॉन डीसैन्टिस न केवल गवर्नरी जीते, बल्कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में ट्रम्प के आगे निकले**

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैन्टिस घबराहट पैदा कर सकते हैं क्योंकि अमेरिका में वर्ष 2024 में होने जा रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव में वह रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों की दौड़ में अगुवा बन कर उभरे हैं। एक नया सर्वेक्षण दर्शाता है कि राष्ट्रपति के लिए अगले चुनाव में डैमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी के सामने डीसैन्टिस को रिपब्लिकन पार्टी के चुनौतीकर्ता के रूप में चुने जाने की संभावनाएं स्पष्ट लग रही हैं।

यूजीओवी अमेरिका का एक सर्वेक्षण दर्शाता है कि पिछले हफ्ते हुए मध्यावधि चुनाव में, फ्लोरिडा के गवर्नर ने ग्राण्ड ओल्ड पार्टी (जी.ओ.पी.) रिपबल्किन्स की ओर एकतरफा जीत दर्ज कर स्वयं को सुपरस्टार साबित किया है। चुनाव से प्रकट होता है कि डीसैन्टिस पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प को 7 प्रतिशत पीछे धकेल रहे हैं।

यूजीओवी अमेरिका सर्वेक्षण ने 15 सौ वोटर्स से पूछा कि वे वर्ष 2024 में राष्ट्रपति चुनाव में किसे रिपब्लिकन पार्टी के प्रमुख उम्मीदवार के रूप में देखना चाहेंगे। बियालीस प्रतिशत रिपब्लिकन वोटर्स ने इसके लिए डीसैन्टिस को चुना जबकि 35 प्रतिशत रिपब्लिकन वोटर्स ने ट्रम्प को चुना।

- **नवीनतम सर्वे के अनुसार, रिपब्लिकन पार्टी के केवल 35 प्रतिशत लोग ट्रम्प को उम्मीदवार के रूप में देखना चाहते हैं, जबकि डीसैन्टिस के पक्ष में 42 प्रतिशत रिपब्लिकन हैं।**
- **महिलाओं में भी ट्रम्प का समर्थन करने वाली लेडीज़ केवल 15 प्रतिशत हैं, जबकि डीसैन्टिस को 22 प्रतिशत महिलाओं का समर्थन प्राप्त है।**
- **डीसैन्टिस की बढ़ती लोकप्रियता से ट्रम्प, स्वाभाविक ही है, ज्यादा खुश नहीं हैं। उन्होंने कटाक्ष किया कि, डीसैन्टिस के पास ''लो-अप्रूवल'' (नगण्य समर्थन) व ''नो मनी'' (पैसा नहीं) है।**

रिपब्लिकन्स के 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वोटर्स में डीसैन्टिस पूर्व राष्ट्रपति की तुलना में अधिक लोकप्रिय साबित हुए हैं। इनमें 16 प्रतिशत वोटर्स गवर्नर डीसैन्टिस को प्राथमिकता देते हैं। विशेष यह भी है कि डीसैन्टिस ने महिलाओं के 22 प्रतिशत वोट प्राप्त किए, जबकि ट्रम्प को उनकी तुलना में महिलाओं के सिर्फ 15 प्रतिशत ही मत प्राप्त हुए।

मध्यावधि चुनावों के बाद ट्रम्प डिसान्टिस की आलोचना करते रहे हैं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव में उनका समर्थन किया, जबकि ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''ट्रूथ सोशल'' पर गवर्नर रॉन को ''डिसैक्टिमॉन्यस'' बताते हुए कहा था कि वर्ष 2018 में हुए गवर्नर पद के चुनाव में उन्होंने डैमोक्रेट प्रत्याशी एन्ड्रयू गिलम के विरूद्ध जीत दर्ज करने में डीसैन्टिस की मदद की थी।

ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने यह भी कहा कि ''रॉन के प्रति जनता का समर्थन बहुत कम था, उनका चुनावी करियर खराब था और उनके पास धन नहीं था, लेकिन रॉन ने मुझसे कहा कि यदि मैं उनका समर्थन करूं तो वह जीत सकते हैं।''

इस बीच फॉक्स न्यूज की रायशुमारी स्तम्भकार लिज़ पीक ने पूर्व राष्ट्रपति को मध्यावधि चुनाव का ''बिगैस्ट लूज़र'' बताते हुए उनकी भर्त्सना की और कहा कि यदि वह वर्ष 2024 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ते हैं तो वह रिपब्लिकन पार्टी की संभावनाओं को और नुकसान पहुंचाएंगे।

पीक ने लिखा कि ''वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकलन पार्टी का नामांकन प्राप्त करने में ट्रम्प कोई भी तिकड़म आजमाने को तत्पर रहेंगे और ''यदि वह ऐसा करेंगे तो वे अपनी ही पार्टी में अपने प्रति नफरत और घ्रणा को और मजबूत करेंगे तथा ऐसा करके वह डैमोक्रेट्स को परास्त करने की रिपब्लिकन्स की संभावनाओं को एक बार धूमिल कर देंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

लोहा गरम भले ही हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रह कर ही काम कर सकता है। –सरदार पटेल

# संवैधानिक व लोकतान्त्रिक आस्थाओं के तिरोहित होने का समय

देश के विभिन्न प्रदेशों में राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच रार-तकरार के किस्सों से पिछली आधी सदी का इतिहास भरा पड़ा है। अनेकों बार यह सवाल उठाया जाता रहा है कि राज्यपाल संस्था की क्या कोई उपयोगिता भी है? संविधान के प्रावधान अनुसार कि वे राज्य मंत्रीमंडल की सलाह पर ही काम करेंगे का यदि अक्षरश: पालन किया जाय तो फिर उनके पास अपने विवेक से करने को क्या रह जाता है? संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट कहा था कि राज्यपालों के पास मंत्रिपरिषद के फैसलों को रद्द करने की शक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा था "पहली बात जो मैं सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं वह यह है। संविधान के तहत राज्यपाल के पास कोई कार्य नहीं है जिसका वह स्वयं निर्वहन कर सकता है: कोई कार्य बिल्कुल नहीं...। तो क्या राज्यपाल केवल अलंकारिक पद है? यह भी सच है कि संविधान निर्माताओं ने राज्यपाल का पद निर्वाचित पद नहीं रखा। वह केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त व्यक्ति होता है। इस पद को निर्वाचित न बना कर नियुक्ति वाला बनाने के पीछे संविधान निर्माताओं की यही मंशा थी कि राज्यों में शक्ति या सत्ता के दो केंद्र न बन जाएं। उनके मन में कहीं यह जरूर रहा कि समाज में अनेकों ऐसे लोग हो सकते हैं जो सक्रिय राजनीति से कोई वास्ता न रखते हों और राजनीति की उठापटक से दूर अपने काम में लगे रहते हुए ऐसा कुछ करते रहते हों जिससे वृहद समाज समृद्ध होता है। ऐसे लोगों की चुनावी चौसर खेलने में कोई रुचि नहीं होती। ऐसे प्रबुद्ध लोगों के ज्ञान और अनुभव का लाभ शासन को मिले तो वैसे अनुभवी लोगों को राज्य प्रमुख के अलंकारयुक्त पद पर बिठाया जाय जिनकी रोज़मर्रा के शासन के काम-काज में तो कोई भूमिका न हो मगर उनकी उपस्थिती और उनका नैतिक नेतृत्व लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना की राह प्रशस्त कर सके। संविधान निर्माता शायद मान कर चल रहे थे कि निर्वाचित प्रतिनिधि जो सदन में बहुमत के आधार पर सरकारें बनायेंगें वे तथा उनके प्रमुख लोकतान्त्रिक आदर्शों से सरोबार होंगे। परंतु समय के साथ संवैधानिक आदर्श स्थिति और व्यावहारिक राजनीति में दूरियां इतनी बढ़ती गई कि राज्यपाल और राज्य शासन के बीच विवाद अप्रीतिकर स्थितियां पैदा करने लगे। इन हालात को अब दक्षिण भारत के राज्यों में देखा जा रहा है। इसे कुछ समय पहले तक पश्चिम बंगाल में भी देखा था। राजस्थान में भी हम राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच तनातनी के हालात देखते रहते हैं। हाल ही में हमने देखा राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही आहूत करने में राज्यपाल की राजनीति को परास्त करने के लिए यहां सदन का एक सत्र पूरा होने पर उसके अनिश्चित काल के लिए सत्रावसान की कार्यवाही इसलिए नहीं की गई कि कहीं जरूरत पड़ने पर सदन के कार्यवाही आहूत करने से राज्यपाल बाधा न डाल दे। राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच ऐसी आपसी पटखनियों की संविधान निर्माताओं ने सपने में भी कल्पना नहीं की होगी।

जब तक देश में एक ही पार्टी कांग्रेस का रुतबा और दबदबा बना रहा तब तक ऐसे हालत बनने की नौबत नहीं आई क्योंकि राज्यपाल और सरकारें एक ही राजनैतिक दल के होते थे। परंतु अब भारतीय लोकतंत्र में भाजपा के प्रतिष्ठापित होने और कांग्रेस द्वारा अपना खोया हुआ वैभव पुन: प्राप्त करने की जद्दोजहद के बीच राज्यपालों और राज्य सरकारों के बीच दंगल जैसे हालत बन गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 155 के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय मंत्रिमंडल की सिफ़ारिश पर की जाती है। राज्यपाल की नियुक्ति के सम्बन्ध में दो प्रकार की प्रथाएं बन गयी थीं कि किसी व्यक्ति को उस राज्य का राज्यपाल नहीं नियुक्त किया जाएगा, जिसका वह निवासी है तथा राज्यपाल की नियुक्ति से पहले सम्बन्धित राज्य के मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श किया जाएगा। यह प्रथा 1967 तक तो चली लेकिन उस साल के चुनावों में जब कुछ राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकारों का गठन हुआ, तब दूसरी प्रथा को समाप्त कर दिया गया और मुख्यमंत्री से विचार विमर्श की बजाय सिर्फ सूचना दी जाने लगी। कांग्रेस के वैभव काल में ही राज्यपाल पद पर संविधान निर्माताओं की मंशा के विपरीत राजनैतिक आधार पर नियुक्तियां होने लगी जो बाद में स्थायी परंपरा ही बन गई। अपनी राजनीतिक पारी में बीत चुके या बाहर धकेल दिये राजनेता राज्यपाल नियुक्त होने लगे। उधर सरकारों में बैठे निर्वाचित प्रतिनिधि भी सिर्फ और सिर्फ अपनी कुर्सी के लिए हो गए जिसे बचाने के लिए वे अपने प्रतिद्वंदियों को समूल मिटा देने को आमादा नज़र आने लगे। ऐसे में राजनीति की चौसर की चालें राजभवन तक पहुंचने लगी तो इसमें क्या आश्चर्य है। जब केंद्र और राज्य में अलग-अलग दलों की सरकारें होती हैं तब यह दंगल भयानक हो जाता है। यह सब होता है आम जनता की बेहतरी उसके विकासके नाम पर। मगर यह विकास हमेशा दिवास्वप्न ही बना रहता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि राजनीति आज ज्यादातर ऐसे लोगों को आकर्षित करती है जिनमें सरपरस्त बनने का लालच होता है। ऐसा बनने के लिए राजनीति और आर्थिक संस्कृति में नीतिभ्रष्टता और कुटिलता जरूरी औज़ार होते हैं। ऐसी संस्कृति में सने राजनेता उस गरीब के प्रति असंवेदनशील होते हैं जिसके पास काम नहीं है और न दो जून रोटी का जुगाड़।ऐसे राजनेताओं ने जरूर सीख लिया है कि किस प्रकार अपनी लुभावनी बातों, सार्वजनिक वक्तव्यों तथा भाषणों से अपने असली रूप को छुपाये रखा जाय ताकि बहुसंख्यक मज़लूमों के वोट उन्हें मिल सकें और वे सत्ता में पहुंच कर अपना और अपनों का हित साध सकें। आज़ादी के बाद जिस तरह के लोकतान्त्रिक नेतृत्व, शासन और समाज की कल्पना हमारे संविधान निर्माताओं ने की थी उसको ध्वस्त होने में आज़ादी के बाद अधिक देर नहीं लगी। एक पूरे युग की भ्रष्ट सामंती व्यवस्था हमें विरासत में मिली थी जिसे बदल कर असली गणतंत्र की स्थापना की आज़ादी के बाद कोई कोशिश नहीं हुई। हम भारत के लोग उसे अपनी नियति मान कर स्वीकार करते चले गए। आजादी के अमृत काल के आते-आते राजसत्ता को निजी सत्ता की तरह इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति कम होने की बजाय बढ़ती ही गई है।

> **संविधान निर्माता शायद मान कर चल रहे थे कि निर्वाचित प्रतिनिधि जो सदन में बहुमत के आधार पर सरकारें बनायेंगें वे तथा उनके प्रमुख लोकतान्त्रिक आदर्शों से सरोबार होंगे। परंतु समय के साथ संवैधानिक आदर्श स्थिति और व्यावहारिक राजनीति में दूरियां इतनी बढ़ती गई कि राज्यपाल और राज्य शासन के बीच विवाद अप्रीतिकर स्थितियां पैदा करने लगे।**

आज़ादी के बाद हम भारत के लोग ऐसा राजनैतिक नेतृत्व नहीं खड़ा कर सके हैं जो प्रशासन तंत्र को देश के आम जन के प्रति संवेदनशील बना सके। वास्तव में इसका उल्टा ही हुआ। सत्ता में आना ही सबका लक्ष्य होचला है क्योंकि इससे उन्हें अपने और अपनों के हित साधने की ताकत मिलती है। सत्ता से बाहर रह गए सभी अगले चुनावों का इंतज़ार इसलिए नहीं करते कि उन्हें आम जन के लिए कुछ करना है बल्कि इसलिए करते हैं कि अब तक दूसरों ने अपना घर भरा अब उनकी बारी है। इसीलिए सत्ता में बैठे लोग भले ही वे किसी भी विचारधारा के हों प्रशासन तंत्र को तुष्ट करके चलते हैं। एक समय प्रतिबद्ध कार्यपालिका की वकालत की गई। वह मांग वैचारिक आधार पर थी। मगर तब से अब तक गंगा में मैल की न जाने कितनी धाराएं जा कर मिलती चली गई है। अब कार्यपालिका के लोग सच में प्रतिबद्ध होने लगे हैं। यह प्रतिबद्धता जनहित में वैचारिक स्तर पर नहीं होती बल्कि पूरी तरह शीर्ष राजनैतिक नेतृत्व दे रहे व्यक्ति के प्रति होती है। ऐसी हालत में राजनेता और नौकरशाहों के बीच गठबंधन बन जाता है। इसमें जाति की भूमिका भी जुड़ जाती है। एक ऐसी व्यवस्था बन जाती है जिसमें कानून और नियम सिर्फ राज में बैठे लोगों के लिए होते हैं। इस तंत्र में विधिवत बने कानून की नहीं सत्ता और तंत्र में बैठे लोगों की मर्जी की चलती है। राज्यपाल पद पर बैठे लोग भी इसके अपवाद नहीं रहे हैं। आकंठ राजनीति में डूबा कोई व्यक्ति जब इस संवैधानिक पद पर बिठाया जाता है तब उससे यह अपेक्षा करना व्यर्थ है कि वह अपना चरित्र बदल लेगा। राज्यपालों ने अब विश्वविद्यालयों के मामलों में अपनी सक्रिय भूमिका खोज ही ली है। राज्यपाल पद पर बैठा व्यक्ति राज्य के विश्वविद्यालयों का पदेन कुलाधिपति होता है और उसका विश्वविद्यालयों के रोजमर्रा के कामकाज में दखल आम हो चला है। कुलपतियों की नियुक्तियों में भी वह दखल देता है। इसी कारण अनेक दक्षिणी राज्यों में मुख्यपयांत्रियों के साथ उनके संबंध इस हद तक बिगड़ गये हैं कि वहां कानून बदल कर राज्यपाल का विश्वविद्यालयों के काम में हस्तक्षेप को खत्म करने की नौबत आ गई है। इसीलिए यह यह सवाल फिर उठने लगा है कि राज्यों में राजभवनों की कोई जरूरत भी है?

वर्ष 1966 में केंद्र सरकार ने मोरारजी देसाई की अध्यक्षता में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया था। उस आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि राज्यपाल के पद पर किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिये जो किसी दल विशेष से न जुड़ा हो। परंतु उस सिफारिश पर कभी कोई चर्चा ही नहीं की गई क्योंकि वह दलीय राजनीति को रास नहीं आई। मगर अब समय आ गया है कि राज्यपाल के कार्यालय से जुड़ी शक्तियां और उनके विशेषाधिकार की जवाबदेही निर्धारित हो तथा उनके कामकाज को पारदर्शी बनाया जाय। साथ ही राज्यपाल अपने दायित्वों का किस प्रकार उचित निर्वहन करें उसके लिये आमसहमति से 'आचार संहिता' विकसित की जानी चाहिये और राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियों पर अंकुश लगाया जाना ही श्रेयकर होगा।

**–अतिथि संपादक**
**राजेंद्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# पांच सितारा जेल

बेटी के पास अमेरिका आये हुए थे, उससे मिलने। उसके साथ कुछ दिन रहने। बिटिया शादी के बाद अमेरिका आ गई थी। कंवरसाब यहीं एक बड़ी आईटी कंपनी में कार्यरत थे। हम अमेरिका पहली बार आये थे। सच में तो विदेश ही पहली बार आये थे। बेटी का घर और रहन-सहन देख कर बड़ा अच्छा लगा। अपना आलीशान घर, कार, फ्रीज, वाशिंग मशीन, डिश वाशर, आधुनिक मोडयूलर किचन, बड़े स्क्रीन वाला कलर टेलीविजन, कम्प्यूटर आदि आदि सब सुविधायें। हमारे लिए काफी कुछ नया और भव्य। उनकी आय अच्छी थी। अमरीकी जीवन शैली रास आ रही थी। सप्ताह के 5 दिन काम करना और वीक एण्ड पर एन्जोय करना, दोस्तों के साथ सैर-सपाटे, घूमना-फिरना, पिकनिक, पार्टी, पिक्चर। घूमों-फिरो, खाओ-पिओ, मौज-मस्ती करो। बिटिया भी काम करती थी। कार चलाती थी। वीक डेज पर हमें ले जाते। बड़े बड़े मॉल, बाजार, लाईब्रेरी, मैकडोनल्ड, आइसक्रीम पार्लर, ग्रोसरी शॉप, पिकनिक स्थल, रमणीय स्थान।

शाम को कंवरसाब घर लौटते ही चाय का प्याला ले, डाक देखते। फ्री कूपन और सेल आदि के नोटिस निकाल कर बताते और किस चीज के इन्स्टालमेण्ट ड्यू के नोटिस आये हैं अलग करते। कौन से इन्स्टालमेण्ट ड्यू हैं, कोई बड़ा इन्स्टालमेण्ट तो ड्यू नहीं, की चर्चा करते। मैंने पूछा तो बताया कि यहाँ सभी साधन, यहां तक कि फ्रीज और वाशिंग मशीन भी, लोन पर लेने की सुविधा है। ईजी मन्थली इन्स्टालमेण्ट में चुकाना होता है। पूरा चुकाने पर ही मालिकाना हक मिलता है, तब तक वह रेहन पर। उसे काम में लेने, भोगने का अधिकार आपका। बड़ा व्यवस्थित काम है। इन्स्टालमेण्ट समय पर नहीं चुकाओ तो वसूली करने वाले घर आकर सामान जब्त कर ले जायेंगे और आपको ब्लेकलिस्ट कर देंगे। हालांकि ऐसी नौबत नहीं आती। आप सचेत रहते हैं। सजग रहते हैं। ऐसा मौका कभी न आये। आप इसके लिए प्लान करते हैं। सुविधायें जुटाने और भोगने कि लिए यह आपके कार्य का अनिवार्य हिस्सा होता है, जीवनयापन का अंग।



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

यह भोग की संस्कृति है जिसे लोग सहर्ष अंगीकार करते हैं। ऋण चुकाना (डेट सर्विसिंग), खपना जीवनशैली का अंग। हर चीज की कीमत चुकानी होती है। सुख सुविधा भोगने के लिए इच्छाओं की दासता।

मुझे याद आता है गांव में एक सम्पन्न व्यक्ति के लिए किसी का कथन, "ओ क्यां को सेठ, ई को घर तो गिरवी पड्यो है।"

अमेरिका से लौट कर मैने एक कविता लिखी थी–

**अमरीका में जिंदगी पांच सितारा जेल**
**सुख सुविधायें खूब हैं, लेकिन सभी उधार,**
**जीना भी रुजगार है, जीवन मुक्त बाजार,।**
**सुख सुविधा से पूर्ण सब, घर, मोटर, बाजार,**
**वातानकूलित बंद सब, कांच ढके, बेजार।**
**घर के दरवाजे खुले, सीधे कारों पास,**
**कारों भीतर जिंदगी, लंबा कारावास।**
**घर के बाहर कुदरती, यद्यपि खिली बहार,**
**बस खिड़की से देखलो, बंद कांच के पार।**
**सड़कें भी सुंदर बहुत, स्वच्छ नील आकाश,**
**वातानुकूलित कार में, छनी हवा का वास।**
**भौतिक सुख के दास सब, माया का सब खेल,**
**अमरीका में जिंदगी पांच सितारा जेल।**

एक ओर अमरीका की उधार, भोग-विलास की संस्कृति, औवर सेनिटाइज्ड, रेजिमेंटेड जीवन शैली, और दूसरी ओर शेखावाटी, राजस्थान की बचत (थ्रिफ्ट) की संस्कृति और नैसर्गिक, स्वच्छन्द जीवन। क्या तुलना करें, वैसे अपनी-अपनी जगह सभी ठीक हैं, सुख के आधार अपने अपने। फर्क सुख की अवधारणा का है।

भौतिक सुख, सुख का आधार सुविधायें, अमारीकी जीवन शैली का कोई मुकाबला नहीं। हमें भी कुछ दिन बड़ा अच्छा लगता है, उनके सुख में भागीदार हो कर। बच्चों पर गर्व मिश्रित आनन्द। फिर अकेलापन हावी हो जाता है, अपने नीड़ में लौटने की छटपाटाहट तारी हो जाती है। अधिक सुख मिलता है जब बच्चे यहां आते हैं, पारिवारिक जश्न का आनन्द, सुख।

**- डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

## (17 नवंबर - मानगढ़ धाम शहादत दिवस)

# मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं किया जाना आश्चर्यजनक

देश को अंग्रेजी शासन, जागीरदारों एवं जमींदारों के अत्याचारों से आजादी दिलाने के लिए संत गोविंद गुरु ने 17 नवंबर 1913 को मानगढ़ पहाड़ी पर आदिवासी भगतों की सत्संग सभा आयोजित की थी। इस सभा पर अंग्रेजी फौज ने बंदूकों से अंधाधुंध गोलियां बरसाई जिससे लगभग 1500 आदिवासी भगत शहीद हो गए थे।

मानगढ़ पहाड़ी जनसंहार के 6 वर्ष बाद 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में एक शांति सभा पर ब्रिगेडियर जनरल डायर ने अंग्रेजी फौज से बरबस गोलियां चलवाईं जिससे लगभग 750 निर्दोष लोग शहीद हो गए थे। मानगढ़ पहाड़ी आदिवासियों का जनसंहार जलियांवाला बाग जनसंहार से अधिक बड़ा, वीभत्स और बर्बर था लेकिन आश्चर्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा जलियांवाला बाग को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया गया लेकिन मानगढ़ धाम को अभी तक राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं किया गया है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मानगढ़ धाम पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने व सीएम गहलोत के कार्यक्रम में उपस्थित रहकर मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग के बाद भी मानगढ़ धाम राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं हुआ, यह आश्चर्यजनक है।

आदिवासी जिले डूंगरपुर के बांसिया (बेडसा) गांव में 30 दिसंबर 1858 को बनजारा जाति में जन्मे गोविंद गुरु ने किशोरावस्था से आदिवासी भील समाज में सुधार आंदोलन की अलख जगाई। आदिवासी भीलों एवं मीणों की बिखरी हुई भोली किंतु पिछड़ी जनता को संगठित कर गोविंद गुरु ने स्वामी दयानंद सरस्वती के संपर्क में स्वदेशी मंत्र की दीक्षा लेकर, उन्हीं के उपदेशों और विचारों से प्रेरित होकर 1883 में संप सभा की स्थापना की।



पन्नालाल मेघवाल



संप सभा के माध्यम से गोविंद गुरु आदिवासी भील समाज में भक्ति भाव एवं देश प्रेम का जज्बा फैलाते। गोविंद गुरु से आदिवासी भील समाज इतना प्रभावित हुआ कि उनका हर शब्द उनके लिए अलिखित कानून बनने लगा। गोविंद गुरु के सुधारवादी आदिवासी भील अनुयाई भगत कहलाने लगे। लेकिन दुर्भाग्य से इस संगठन को अंग्रेजों ने विद्रोहियों का समूह समझा।

राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात के इलाकों के बीच अवस्थित मानगढ़ पहाड़ी पर गोविंद गुरु ने सन् 1903 में मेले की शुरुआत की। संप सभा के तत्वावधान में लाखों की संख्या में लोग मेले में जुटते तथा समाज सुधार कार्यों का लेखा-जोखा करते थे। इन्हीं मेलों की श्रृंखला में 17 नवंबर 1913 को मगसर पूनम मेले में लाखों आदिवासी भील भगत जमा हुए थे।

कर्नल शटन के आदेश पर अहमदाबाद, बड़ौदा एवं गोधरा से बुलाई गई फौजों ने मानगढ़ पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया। यह फौज बंदूकों, तोपों और मशीनगनों से लैस थी। मानगढ़ मेले में संप सभा को गोविंद गुरु संबोधित कर रहे थे। अचानक कर्नल शटन ने फायर का आदेश दिया। बंदूकों, तोपों और मशीनगनों से उगलती आग ने आदिवासी भगत भीलों को भून दिया। महज पन्द्रह बीस मिनट के इस तूफान में मानगढ़ पहाड़ी लाशों से पट गई। इस गोलीकांड में लगभग डेढ़ हजार आदिवासी भील भगत मारे गए तथा हजारों घायल हुए।

गोविंद गुरु के पांव में गोली लगी, वे अंग्रेजों की हुकूमत की इस बर्बरता को देखकर फूट-फूटकर रो पड़े। सैनिकों ने उन्हें बंदी बना लिया तथा अहमदाबाद की सेंट्रल जेल में ले गए। अंग्रेजों तथा उनके दरबारी राजाओं ने गोविंद गुरु पर अलग आदिवासी भील राज्य बनाने के षड्यंत्र का आरोप लगाया। उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। उनके प्रमुख साथी पूंजा धीरजी भगत को आजीवन कारावास की सजा हुई। कुरिया भगत को भी सजा हुई। अहमदाबाद जेल में अच्छे चलन तथा विनम्रता के कारण गोविंद गुरु की फांसी रोक दी।

> ■ शहादत के सौ वर्ष 17 नवंबर 2012 को पूर्ण होने पर राज्य सरकार ने यहां शताब्दी समारोह का आयोजन किया

दस वर्ष के कारावास के बाद उन्हें जेल से तो रिहा किया लेकिन राजस्थान आने पर रोक लगा दी। गोविंद गुरु ने जेल से छूटकर पहले जालोद और बाद में कंबाई में जाकर भील चेतना का काम जारी रखा और 30 अक्टूबर 1931 को इस दुनिया से विदा हो गए। मानगढ़ पहाड़ी पर बना स्मारक गोविंद गुरु तथा अनाम शहीदों की स्मृति को जिंदा रखे हुए हैं। मानगढ़ की पवित्र धूणी पर मार्गशीर्ष की पूर्णिमा पर विशाल मेला भरता है। यहां लोग गोविंद गुरु की धूणी पर हवन और भजन कीर्तन कर उन्हें नमन करते हैं। मानगढ़ पहाड़ी शहादत के सौ वर्ष 17 नवंबर 2012 को पूर्ण होने पर राज्य सरकार ने यहां शताब्दी समारोह का आयोजन किया। इस बलिदान में शहीद हुए सभी आदिवासी भगतों को श्रद्धांजलि एवं शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र चढ़ाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# कम बारिश से इस बार प्रदेश में ग्वार की फसल की कम हुई पैदावार

## एक करोड़ बोरी ग्वार होने की उम्मीद थी लेकिन 75 लाख बोरी ही उत्पादन हुआ

**बीकानेर,** (कासं)। अगस्त और सितंबर में कम बारिश होने के कारण इस बार प्रदेश में ग्वार की फसल कमजोर हुई है। फसल कमजोर होने से पिछले 10 दिनों से ग्वार के भावों में 700 रुपए क्विंटल और गम में 2000 रुपए क्विंटल की तेजी आ गई। सोमवार को ग्वार के भावों में 300 रुपए क्विंटल की तेजी आई। भाव बढ़ते देख किसानों ने ग्वार की फसल बाजार में लानी कम कर दी है।

आमतौर पर इन दिनों मंडी में एक लाख बोरी ग्वार की आवक होती है लेकिन पिछले 10 दिनों में मंडी में 50 से 52 हजार बोरी ही आ रही है। व्यापारी बाबूलाल सारस्वत का कहना है कि अरब और यूरोपीय देशों में लगातार बढ़ रही डिमांड के कारण भाव बढ़ रहे हैं। विदित रहे कि भारत से 80 प्रतिशत ग्वार और उससे जुड़े उत्पाद यूरोपीय देशों के अलावा सऊदी अरब, रूस, अमेरिकी देशों में भेजा जाता है। पाकिस्तान और सूडान से भी 20 प्रतिशत ग्वार इन देशों में जाता है लेकिन इस वहां बारिश कम होने से वहां से ग्वार नहीं भेजा जा रहा। इसलिए ग्वार के भावों में तेजी आई है। इस बार मंडी में अब तक 15 लाख बोरी ग्वार की आवक हो चुकी है। दीपावली के बाद जैसे ही इसके भाव बढ़ने शुरू हुए किसानों ने फसल को लाना कम कर दिया। अब प्रतिदिन 50 हजार तक बोरी आ रही है।

# हिण्डौन जिला अस्पताल में एक बैड पर तीन मरीज

**हिण्डौन सिटी** (निस)। बारिश का दौर खत्म होने के बाद मौसमी बीमारियां थमने का नाम नही ले रही। जिला चिकित्सालय में वायरल बुखार की लैब में कुल 20 मरीज डेंगू के होने की पुष्टि हो चुकी। फिर भी शहर के जलभराव क्षेत्रों में नगर परिषद द्वारा मच्छर निरोधी दवाओं का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से जिला चिकित्सालय में मरीजों की प्रतिदिन ओपीडी 2500 पहुंच चुकी है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पुष्पेंद्र गुप्ता ने बताया कि चिकित्सकालय में भर्ती होने वाली मरीजों की संख्या भी बढ़ने से वार्डों की स्थिति बदतर बनी हुई। एक वार्ड में 23 बैड पर 60 से ज्यादा भर्ती मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड में स्थिति बदतर बनी हुई है। पलंग पर जगह नही मिलने पर परिजन जमीन पर शिशु रोगियों का उपचार करा रहे है। लैब जांच में प्रतिदिन 300 से अधिक मरीजों की ब्लड जांच हो रही है। वहीं लैब में मरीजों की जांच के सैंपल लेने की अवधि सुबह 9 से 12 बजे तक होने से कई मरीज बिना जांच के ही लौट रहे हैं।

# कब होगा "मैगा हाइवे" का निर्माण?

**मसूदा,** (निसं)। ब्यावर -मसूदा सड़क मार्ग को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि सत्ता में आने के पहले राजनेता, पूर्व सरकार व उनके जनप्रतिनिधियों पर जमकर हमला करते हैं चुनाव के वक्त बयानबाज़ी कर सरकार पर हमला बोल देते है। मगर जैसे ही खुद की सरकार बनी सारे वादे भूल जाते है। जब कभी जनता के बीच जाते है तो खोखले आश्वासन देकर सम्मान सहित निकल जाते हैं। भोलीभाली जनता वादों में लिपटी जाती है। ग्रामीण सलीम ,इस्माईल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि मसूदा क्षेत्र के ग्रामीणों में छतिग्रस्त सड़क को लेकर आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रदेश में शासित कांग्रेस की सरकार भले ही नयी -नयी योजनाएँ लाकर घोषणाएं कर रही है, लेकिन जनता को मूल आवश्यकता के तौर पर सड़क, पानी ,बिज़ली शिक्षा, और चिकित्सा ही चाहिए। कांग्रेस के नेताजी भले ही मोटे -मोटे कसीदे गढ रहे हो लेकिन इन दिनों मसूदा से ब्यावर व बान्दनवाडा सड़क के मौजूदा हाल देखकर हर कोई सरकार और यहां के शासन -प्रशासन पर उंगली उठाने में कसर नहीं छोड़ रहा है। कई सालो से इस सड़क मार्ग का नवीनीकरण न होना, ऐसे में इस सड़क मार्ग से गुजरने वाला हर व्यक्ति यहां के स्थानीय नेताओंऔर राजस्थान सरकार को कोसते है कि न जाने कब इस सड़क का निर्माण होगा।

> ■ ब्यावर -मसूदा सड़क मार्ग को लेकर ग्रामीणों में रोष

इस सड़क की यात्रा करने वाले लोग बताते है कि इस सड़क की हालत गांव के खेतों मे जाने हेतु बनी हुई ग्रेवल रोड से भी बदतर है, यहां दुपहिया वाहनों का आना -जाना किसी गंभीर मुसीबत को मौल लेने से कम नहीं है। ऐसी स्थिति में भी इस सड़क कि सुध लेने वाला कोई नहीं है, बड़े वाहन, छोटे वाहन सब के लिए ये मार्ग मुसीबत बना हुआ है।

आमजन ने बताया कि इस सड़क की स्वीकृति मुख्यमंत्री बजट घोषणा में जारी हो चुकी, टेंडर प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी गई मगर अब तक मौके पर कोई काम चालू नहीं हुआ। ऐसे में आम जन का बार -बार यही सवाल होता है कि आखिर कब तक यही हालात रहेंगे, कब काम चालू होगा, कब सरकार व जनप्रतिनिधियों एवं शासन और प्रशासन की नजरें इस पर पड़ेगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 16 नवम्बर, 2022**

मार्गशीष मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, आश्लेषा नक्षत्र सांय 6:59 तक, ब्रह्म योग रात्रि 1:07 तक, बालव करण सांय 6:53 तक, चन्द्रमा सांय 6:59 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-वृष, बुध-वृश्चिक, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज मार्गशीर्ष संक्रांति, सूर्य वृश्चिक सांय 7:15 से प्रवेश करेगा। पूण्य काल दिन 12:51 से आरम्भ होगा। महापात योग दिन 1:35 से रात्रि 7:20 तक है। आज श्री काल भैरवाष्टमी, कालाष्टमी है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:31 तक, शुभ 10:51 से 12:11 तक, चर 2:52 से 4:12 तक, लाभ 4:12 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:51, सूर्यास्त 5:32

**मेष**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी और अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता और योजनानुसार बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# आदिवासी कला, संस्कृति और शिल्प को व्यापक स्तर पर संरक्षित किया जाए : मिश्र


राज्यपाल मिश्र ने क्रांतिकारी महापुरुष बिरसा मुंडा की जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में आयोजित समारोह में उल्लेखनीय काम करने वालों को सम्मानित किया।

- राजभवन में जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह आयोजित

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि आदिवासी क्षेत्रों में प्राचीन परम्परा और भारतीय संस्कृति आज भी जीवंत दिखाई देती है। उन्होंने आदिवासी समाज की कला, संस्कृति और शिल्प को व्यापक स्तर पर संरक्षित किए जाने का आव्हान किया है।

राज्यपाल मिश्र क्रांतिकारी महापुरुष बिरसा मुंडा की जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज में आर्थिक विषमता दूर करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं और आजीविका के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जनजातियों के समग्र विकास के उद्देश्य से इन क्षेत्रों के लिए योजना निर्माण में नवाचारों और नए कार्यक्रमों को आवश्यकता अनुरूप समावेश किए जाने पर भी बल दिया।

राज्यपाल ने कहा कि आदिवासी समाज में भगवान के रुप में पूजे जाने वाले महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा ने देश की स्वाधीनता और आदिवासी समाज की संस्कृति एवं गौरव के संरक्षण के लिए जो कार्य किया वह अविस्मरणीय है। उन्होंने जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक सोच के साथ कार्य करने का आव्हान किया।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि जनजातीय कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और इसी अनुरूप प्रदेश में जनजातीय क्षेत्र के निवासियों के कल्याण के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए राजभवन स्तर पर जनजातीय परिवर्तन एकक का गठन भी किया गया है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर वन धन योजना में सर्वाधिक लाभार्थियों वाले क्रमश: उदयपुर, बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिलों के राजीविका के जिला परियोजना प्रबन्धकों को सम्मानित किया। उन्होंने नवाचार और नए मूल्य संवर्धित उत्पाद प्रस्तुत करने के लिए भोमटवाड़ा, नयागांव (उदयपुर), कोटड़ा (उदयपुर) और छोटी सादड़ी (प्रतापगढ़) के वन धन विकास केन्द्रों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। उन्होंने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के तीसरे राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों तथा उच्च प्राप्तांक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने क्षय रोग के उपचार के लिए स्वच्छ प्रोजेक्ट के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संविधान में अनुच्छेद 244 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप राज्यपाल जनजातीय क्षेत्र के संरक्षक का कार्य करते हैं।

# बीसीआर व बार एसोसिएशन जयपुर से मांगा जवाब

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के चुनाव करवाए जाने का मामला

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के चुनाव करवाए जाने से जुड़े मामले में बीसीआर व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के सचिव से 28 नवंबर तक जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस विजय विश्नोई व वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह निर्देश बीसीआई व अधिवक्ता सुमेर सिंह ओला की अपील पर दिया।

अपील में 11 अक्टूबर के एकलपीठ के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा सहित अन्य की याचिका पर अदालत ने बीसीआई के 3 अक्टूबर 2022 के उस आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी थी, जिसमें बार एसोसिएशन के 18 नवंबर को होने वाले चुनाव पर रोक लगाई थी। वहीं एकलपीठ ने स्पष्ट था किया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के चुनाव सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशानुसार सख्ती से करवाए जाएं। एकलपीठ के इस आदेश को बीसीआई ने खंडपीठ में चुनौती देते हुए कहा कि प्रार्थियों को उसके आदेश पर कोई आपत्ति थी तो उन्हें उसके समक्ष ही प्रार्थना पत्र दायर करना चाहिए था और इसे हाईकोर्ट में चुनौती नहीं दी जानी चाहिए थी। इसके अलावा एकलपीठ ने उन्हें सुने बिना ही अंतरिम आदेश दिया है, जो गलत है। इसलिए एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाई जाए। खंडपीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए बीसीआर व बार एसोसिएशन से जवाब मांगा है। गौरतलब है कि बीसीआई ने अधिवक्ता सुमेर सिंह ओला की याचिका पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर सहित प्रदेशभर की बार एसोसिएशनों के चुनावों पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी थी। वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट की एकलपीठ ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव पर रोक लगाने वाले बीसीआई के 3 अक्टूबर वाले आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह निर्देश उमेश कुमार की याचिका पर दिया।

## अभियान में 195 कार्यवाही

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य के माइंस विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 11 नवंबर से चलाए गए तीन दिनी विशेष अभियान में राज्यभर में 195 कार्यवाही कर 200 वाहनों की जब्ती के साथ ही 70 लाख 29 हजार से अधिक की राशि जुर्माने के रुप में वसूली जा चुकी है। अभियान के दौरान सर्वाधिक कार्यवाही जयपुर जोन और जयपुर वृत में रही हैं वहीं वसूली राशि में भी जयपुर आगे रहा है।

एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि 10 जनवरी को स्टोनमार्ट के उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन के प्रति गंभीर होने के साथ ही निरंतर अभियान चलाकर इस पर रोक लगाने के प्रयास कर रही है। प्रदेश में वैध खनन को बढ़ावा देने के प्रति भी सरकार गंभीर है।

## तीन हजार को मिले जॉब ऑफर लेटर

**जयपुर**, (का.सं.)। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की ओर से यहां बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर में 30 हजार से अधिक युवक-युवतियों को रोजगार के लिए साक्षात्कार देने का अवसर मिला। विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने इनमें से करीब 3 हजार का नौकरियों के लिए चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किए, वहीं लगभग 10 हजार को शॉर्ट लिस्ट कर रोजगार देने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की आयुक्त रेणु जयपाल ने बताया कि करोना काल के बाद पहली बार जयपुर में बड़े स्तर पर 14 एवं 15 नवम्बर को जॉब फेयर का आयोजन किया गया।

# कलशयात्रा के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू


अखिल विश्व गायत्री परिवार की सह संस्थापक भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वाटिका में मंगलवार को 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ।

**जयपुर**। अखिल विश्व गायत्री परिवार की सह संस्थापक भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वाटिका में मंगलवार को तीन स्थानों से निकली कलश यात्राओं के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। पहली कलश यात्रा शक्तिपीठ से, दूसरी वाटिका रोड स्थित श्याम पैराडाईज से और तीसरी कलशयात्रा मोहनपुरा रोड से एक साथ एक ही समय पर रवाना हुई। रवानगी से पूर्व कलश भगवान का पूजन किया गया। तीनों कलश यात्राओं में तीन हजार से अधिक महिलाएं पीली साड़ी में सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती चल रहीं थी। वहीं पुरूष सिर पर पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित सद्ग्रंथ लेकर चल रहे थे। हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा जैसे उद्घोष करते हुए चल रहे युवाओं ने वातावरण में जोश भर दिया। चालो चालो सुहागन नार कलश सिर धारण करो...., हम गायत्री मां के बेटे तुम्हे जगाने आए हैं...जैसे गीतों के साथ आगे बढ़ रही कलशयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वाटिका बस स्टैंड पर जैसे ही तीनों कलश यात्राओं का त्रिवेणी संगम हुआ तो कलश धारण किए मातृ शक्ति की करीब एक किलोमीटर लंबी कतार लग गई। यज्ञ स्थल पर सांसद रामचरण बोहरा ने कलशयात्रा की अगवानी की। बोहरा ने कहा कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के वाटिका में आने से यह कस्बा जीवंत तीर्थ बन चुका है। गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी, डॉ. प्रशांत भारद्वाज सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता कलशयात्रा में उपस्थित रहे। देव कन्याओं द्वारा आरती के साथ पहले दिन के कार्यक्रम का विश्राम हुआ।

कार्यक्रम संयोजक दामोदर शर्मा ने बताया कि बुधवार, 16 नवंबर को सुबह 6:30 से 7: 30 तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग, व्यायाम के माध्यम से शरीर को नीरोग रखने के सूत्र बताए जाएंगे। सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक देवपूजन के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ होगा। शाम 6 से 8 बजे तक युग संगीत और सर्व सुलभ गायत्री साधना पर प्रवचन होंगे। गुरुवार, 17 नवंबर को सुबह नियमित जप-योग के बाद 8:30 से 11:30 बजे तक गायत्री महायज्ञ और विभिन्न संस्कार होंगे। शाम को 6 से रात्रि 8 तक युग संगीत और सद्ग्रंथ स्थापना दीप महायज्ञ होगा। 18 नवंबर को सुबह 8:30 से 11: 30 बजे तक गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

# 11 दिसंबर को होगी रद्द की गई वनरक्षक भर्ती परीक्षा

- 4 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी होंगे शामिल, दो पारियों में होगी परीक्षा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान में 2300 पदों के लिए 12 नवंबर को रद्द की गई वनरक्षक भर्ती परीक्षा 11 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। मंगलवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने रद्द की गई भर्ती परीक्षा की नई तारीख जारी कर दी है। इसके तहत 4 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी 11 दिसंबर को 2 पारी में भर्ती परीक्षा देंगे। पहली पारी की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी, जबकि दूसरी पारी के परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। दरअसल, रद्द एक पारी की परीक्षा की गई थी। लेकिन कैंडिडेट्स की संख्या को देखते हुए अब ये परीक्षा संभाग के मुख्यालय पर दो पारी में होगी।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने बताया कि वनरक्षक दूसरी पारी का पेपर आउट होने की वजह से रद्द कर दिया गया था। ऐसे में 1 महीने के भीतर ही बोर्ड ने फिर से 11 दिसंबर को भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसमें दूसरी पारी की परीक्षा में रजिस्ट्रेशन कराने वाले 4 लाख 2 हजार 129 अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।

बता दें कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 2300 पदों के लिए 12 और 13 नवंबर को 4 पारियों में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेश के 16 लाख 36 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। लेकिन 12 नवंबर को दूसरी पारी का पेपर सोशल मीडिया पर लीक हो गया। जिसके बाद राजसमंद पुलिस ने इस पूरे मामले में 10 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया है। वहीं, प्रदेश भर में लगातार पेपर लीक से जुडे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

# 'सहकारी समितियां तकनीक के माध्यम से सेवाएं दें'

- 'राज्य की सात हजार से अधिक ग्राम सेवा सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन होगा'

**जयपुर**, (का.सं.)। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बताया कि सहकारी समितियां तकनीक का उपयोग कर उपभोक्ताओं को सेवायें प्रदान करें। साथ ही नवाचारों को अपना कर समितियों के व्यवसाय में वृद्धि करते हुए सदस्यों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें।

आंजना नें 69 वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य की 7000 से अधिक ग्राम सेवा सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन किया जायेगा। प्रथम फेज में 1730 ग्राम सेवा सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन के लिए चयन कर लिया गया हैं तथा इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 22.07 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। केन्द्र सरकार भी इस कार्य में 60 प्रतिशत राशि वहन करेगी। सहकारी समितियों के कम्प्यूटराइजेशन होने से समितियों में पारदर्शिता आयेगी एवं जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। सहकारी समितियों के द्वारा होने वाले व्यवसाय में समय के अनुरूप तथा लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बदलाव हो, इस ओर हमारा प्रयास है। अब समितियों में प्रोसेसिंग यूनिट एवं कस्टम हायरिंग की स्थापना हुई है।

# प्रदेश में मंगलवार को केवल 14 ही नए करोना संक्रमित मिले

- सीकर में करोना से एक मरीज की मौत हुई है
- जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में एक ही नया संक्रमित पाया गया है।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में मंगलवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में और कमी आई है। इस दौरान राज्य में 14 नए मरीज मिले हैं। वहीं 10 मरीज ही ठीक हुए हैं। इस बीच सीकर में करोना से एक संक्रमित की मौत हो गई है। प्रदेश में फिलहाल 229 संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 7 जिलों में 14 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को इनकी संख्या 36 रही थी। इधर आज सीकर व पाली में 3-3, अलवर, राजसमंद व कोटा में 2-2 तथा बीकानेर और जयपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। जयपुर में केवल सोड़ाला इलाके में ही एक मरीज पाया गया है। इस बीच राज्य में 5361 जांचे की गई है।

प्रदेश में मंगलवार को केवल 10 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 229 हो गए हैं। इस बीच राजधानी जयपुर में कोई भी मरीज रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 67 हो गए हैं। प्रदेश में मंगलवार को करोना से सीकर में एक संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ राज्य में अब तक इस बीमारी से 9649 लोगों की मौत हो चुकी है।

## विकास कार्यों के लिए 13 करोड़ रुपए मंजूर

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अनुसूचित/गैर अनुसूचित क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 13 करोड़ रूपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को स्वीकृति दी है।

गहलोत के इस निर्णय से अनुसूचित/गैर अनुसूचित क्षेत्रों में संपर्क सड़क, पुलिया एवं नाली निर्माण सहित 95 विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। इससे आमजन की मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। उक्त सभी कार्यों के लिए वित्तीय प्रावधान, जनजाति विकास कोष से किया गया है।

# आंध्र के राज्यपाल ने की विजयवाड़ा में पूजा-अर्चना

**जयपुर** (का.सं.)। तमिलनाडु में सर्व समाज के गर्मजोशी से स्वागत के बाद विप्र फाउंडेशन की परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का अमृत भारत आंध्र पहुंच गया। नेल्लौर और गुंटकल होते हुए मंगलवार को विजयवाड़ा पहुंचने पर आंधप्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने स्वयं यहां अमृत भारत रथ की अगवानी कर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की।

राज्यपाल के अचानक रथ की अगवानी करने की खबर मिलने पर प्रशासन हरकत में आया और कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। राज्यपाल के पहुंचने पर रथ का नेतृत्व कर रहे स्वामी चिरंजीवी रामनारायण दास और विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री भगवान व्यास ,आंध्र ज़ोन अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महामंत्री संजय शर्मा, सह अध्यक्ष वेद प्रकाश सारस्वत एवं ओमप्रकाश पारीक, विजयवाड़ा चेप्टर के अध्यक्ष सतपाल शर्मा, मंत्री अजय ओझा, कोषाध्यक्ष नथमल ओझा, मीडिया प्रभारी वेणुगोपाल शर्मा व अन्य सदस्यों ने उनका शॉल, पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। राज्यपाल ने विधिवत भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर रथ यात्रा के सफल होने के लिए प्रार्थना की।

# 'धोखाधड़ी करने पर सेना भर्ती से वंचित हो सकते हैं उम्मीदवार'

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर ने राजस्थान राज्य में बीकानेर, बहरोड़ और जयपुर में अब तक तीन अग्निवीर भर्ती रैलियां आयोजित की हैं, जबकि चौथी कोटा में चल रही है। इन रैलियों में भाग लेने के लिए कुल 2,85,637 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था।

रैलियों के संचालन के दौरान, कई उम्मीदवारों को फर्जी दस्तावेजों के साथ और उनकी जन्म तिथि में धोखाधड़ी के संशोधन के साथ भाग लेने का प्रयास करते पाया गया। रैली स्थलों के पास स्थापित कुछ ई-मित्र स्टॉल उम्मीदवारों को इन दस्तावेजों के प्रावधान में शामिल थे, जैसा कि ऐसे दस्तावेजों के साथ पकड़े गए उम्मीदवारों द्वारा आरोप लगाया गया था। ऐसे ई-मित्र स्टालों की भागीदारी से संबंधित जिला कलेक्टर कार्यालयों को सूचित किया गया था।

मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (जयपुर) सभी इच्छुक उम्मीदवारों को ऐसी प्रथाओं से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है क्योंकि ये न केवल अवैध हैं बल्कि उन्हें भविष्य की किसी भी भर्ती रैलियों में भागीदारी से भी वंचित कर देते हैं और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



जयपुर के विद्याधर नगर में 23 नवंबर को होने वाली विमेंस रन फॉर नेशन के तीसरे एडिशन के आयोजन के पोस्टर का विमोचन पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने किया। रन की आयोजक प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग संस्था की अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण है और पिछले तीन वर्षों से यह आयोजन निरंतर जारी है। इस मौके पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, रुचिका अग्रवाल, रुचि गोयल, यामिनी गुप्ता, सरोज चौधरी, राजेश अग्रवाल नटराज, दिनेश अग्रवाल दिलीप अग्रवाल सीए, संजय अग्रवाल सीए, राजेंद्र अग्रवाल, बजरंग बोहरा, बाबूलाल गुप्ता भी मौजूद थे।


**खोया पाया**

दी शिवा सहकारी समिति द्वारा निम्बार्क नगर प्लॉट नं.7 की मूल सदस्यता भुगतान रसीद चित्रकूट स्टेडियम में खो गयी है। संपर्क करें रामनिवास यादव 9928236823

**NAME CHANGE**

I Hariom S/o Bhanwar Das R/o Santo Ka Vas, Bhadrajun, Tehsil-Ahore, Bhadrajoon, Jalor, Rajasthan-307029, have changed my name to Hariom Vaishnav.

I Gopal Tanwar S/o Kanhaiya Lal Tanwar R/o Naya Bass Club Ke Pass, Ward No-23, Sujangarh, Churu, Rajasthan-331507, have changed my name to Stephen Tanwar.

I army no 14820466F Rank Ex Hav ASC SOUTH Jhoonta Ram S/O KHINYA RAM R/O village sitawat post RID Teh. Parbatsar dist.Nagaur that have changed my wife name from GITA DEVI To GEETA DEVI (DOB 28/4/1976) vide affidavit dated 12 nov2022 before district notary Jaipur.

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:11816 जाहिर आम-सूचना दिनांक:15.11.2021
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 53/02 (HIG), (एरिया 189.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री जफर अहमद खान पुत्र स्व. श्री मन्जूर अली को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3056 दिनांक 21.04.2005 को जारी किया गया। श्री जफर अहमद खान के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 25.07.2006 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री जफर अहमद खान की मृत्यु दिनांक 22.09.2021 को हो जाने के कारण पंजीकृत हक त्याग-पत्र के आधार पर इनकी पत्नी श्रीमती रिजवाना परवीन पत्नी स्व. श्री जफर अहमद खान द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती रिजवाना परवीन पत्नी स्व. श्री जफर अहमद खान का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-11818 दिनांक:-15.11.2022
जाहिर आम सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की मुख्यमंत्री जन आवास योजना सेक्टर-26 प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर में आवेदक श्री हनुमान सहाय नायक पुत्र श्री भारू लाल द्वारा आवेदन क्रमांक RHB/034210 अल्प आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु निवेदन किया गया था। मण्डल नियमानुसार वरियता लॉटरी दिनांक 25.01.2022 के द्वारा वरियता क्रमांक P-3/G-III/HPS/LIG/Sec-26/2021 निर्धारित किया जाकर पूर्व ग्रहण राशि मांग क्रमांक 7592 दिनांक 16.09.2022 जारी किया गया था। श्री हनुमान सहाय नायक की मृत्यु दिनांक 03.11.2011 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री अमित कुमार नायक पुत्र स्व. श्री हनुमान सहाय नायक द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त पंजीकरण का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री अमित कुमार नायक पुत्र स्व. श्री हनुमान सहाय नायक का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या-11/MB/263 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 128.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री हनुमान सहाय पुत्र श्री नारायण को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6834 दिनांक 16.01.2008 जारी किया गया था। श्री हनुमान सहाय पुत्र नारायण, जाति खाती के द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर प्रथम में दिनांक 27.12.2007 को उक्त भूखण्ड के संबंध में श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक को मुख्त्यारनामा आम नियुक्त किया गया, जिनके द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर सांगानेर प्रथम में दिनांक 17.01.2008 को करवाया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामा आम धारक श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री रामविलास गोयल पुत्र श्री जय नारायण गोयल को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर प्रथम में दिनांक 13.02.2008 को करवाया गया। श्री रामविलास गोयल पुत्र श्री जय नारायण गोयल के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त हस्तांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री रामविलास गोयल पुत्र श्री जय नारायण गोयल के पक्ष में उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**सम्पत्ति-क्रय-विक्रय**

इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/ इण्डस्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/ फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 4-म-18 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 139.00 वर्ग गज का आवंटन श्रीमती ईश्वरी देवी रामचन्दानी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 5556 दिनांक 31.08.1976, 6840 दिनांक 11.07.1977 एवं 306 दिनांक 17.02.1979 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 31.12.1990 को करवाया गया। श्रीमती ईश्वरी देवी रामचन्दानी की मृत्यु दिनांक 20.05.2010 को हो जाने के पश्चात श्रीमती पुष्पा रामचन्दानी पत्नी स्व. श्री जयदेव रामचन्दानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्रीमती पुष्पा रामचन्दानी पत्नी स्व. श्री जयदेव रामचन्दानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक : 11824 जाहिर आम सूचना दिनांक 15.11.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या- 80/428 (LIG), (एरिया 60.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्रीमती इन्दा पूनिया पत्नी श्री बलदेव पूनिया को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1509 दिनांक 19.08.1989 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 16.12.2002 को उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीयकृत करवाया गया। श्रीमती इन्दा पूनिया की मृत्यु दिनांक 08.07.2022 को हो जाने कारण उनके पुत्र श्री अरविन्द पूनिया पुत्र श्री बलदेव सिंह द्वारा आवासन मण्डल से अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ती नहीं है, श्री अरविन्द पूनिया पुत्र श्री बलदेव सिंह का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक- वृत-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

## ओडा रेलवे पुल विस्फोट मामला

# 400 पुलिसकर्मी जुटे हैं अपराधियों की तलाश में

### जांच के लिए एसटीएस और इंटलिजेंस एडीजी उदयपुर पहुंचे, घटना स्थल का अवलोकन किया

**उदयपुर, (निस)।** ओड़ा रेलवे ब्रिज पर ब्लास्ट के तीसरे दिन राज्य सरकार के विशेष निर्देश पर एसओजी व एटीएस के एडीजी अशोक राठौड और इंटलिजेंस के एडीजी एस सेंगथीर सुबह 11 बजे घटना स्थल ओड़ा रेलवे पुल पहुंचे। उनके साथ एटीएस और इंटलिजेंस के सभी अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा उदयपुर एसपी विकास शर्मा और एटीएस के एएसपी अनंत कुमार भी घटनास्थल पर उनके साथ रहे। दोनों अधिकारियों ने दो घंटे से भी अधिक समय तक घटनास्थल का अवलोकन कर साक्ष्य जुटाए । इन अधिकारियों ने अपने नोट्स में लिखा कि हमले को पूरी प्लानिंग के तहत किया गया। इसका निशाना ट्रेन और ट्रेन में बैठे सैंकड़ों पैसेंजर थे।

एडीजी अशोक राठौड ने स्थानीय लोगों की करतूत की संभावनाओं को कम बताते हुए कहा कि ब्लास्ट के बाद मिले सबूतों को देखते हुए प्राथमिक तौर पर इसे आतंकी हमला कहा जा सकता है। एडीजी राठौड ने घटना स्थल पर एक-एक चीज को बारीकी से समझा। इसके बाद अब तक एटीएस द्वारा की गई जांच के बारे में भी जानकारी ली । इस पर एएसपी अनंत कुमार ने विस्तार से अब तक मिले



उदयपुर से 35 किमी दूर ओडा रेलवे पुल पर हुए विस्फोट के मामले में मंगलवार को एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ और इंटलिजेंस के एडीजी एस सेंगथीर ने मौका मुआयना किया।

सबूत और उसकी संभवानाओं के बारे में बताया। इसके बाद सराड़ा डीएसपी राजेन्द्रसिंह, जावरमाइंस थानाधिकारी अनिल विश्नोई समेत कुछ अधिकारियों को टास्क देकर मौके से रवाना कर दिया गया। मीडिया से बात करते हुए अशोक राठौड़ ने कहा कि इस केस पर चल रही जांच और क्या संभावनाएं हो सकती है। इस पर स्पॉट पर ही बातचीत की गई है। अभी कई सवाल हैं। इनके बारे में जानकारी मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने कहा की अब तक हुई जांच में ये तो लगभग स्पष्ट है कि ये कृत्य सुनियोजित योजना के तहत किय गया।

इंटलिजेंस के एडीजी एस सेंगथीर ने कहा कि इस मामले में जांच जारी है। कुछ बता पाना जल्दबाजी विस्फोट की इंटेंसिटी और जो हालात उसे देखकर ये आतंकी घटना ही मानी जा सकती है। विस्फोट के पीछे डर और आंतक के साथ जनहानि की मंशा हो सकती है। इस हमले के पीछे किस संगठन या ग्रुप का हाथ है, यह अभी नहीं कहा जा सकता।

उदयपुर एसपी विकास शर्मा के अनुसार इस मामले में अब तक किसी को नहीं पकड़ा गया है। दो दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई है। केस में कडी से कड़ी जोड़ने के लिए 400 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की टीम लगी हुई हैं। केन्द्रीय एजेंसी, आईबी, एनआई और एटीएस के अधिकारियों के साथ मिलकर इस केस पर जांच हो रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने जावर माइंस क्षेत्र में टिटोनेटर सप्लाई करने वाले दो युवकों को भी पूछताछ के लिए बुलाया। उनसे पिछले 6 महीनों में विस्फोटक सामान की बिक्री

■ **जंगलों व गांवों को खंगाल रही पुलिस, बाईकर्स गैंग पर संदेह**

करने वाले लोगों की विस्तार से जानकारी ली गई। पुलिस अब तक 25 किलोमीटर की परिधि में हर गांव में जाकर ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है।

उदयपुर से 35 किमी दूरी पर खारवा-चांदा रेलमार्ग के ओडा रेलवे पुल पर हुई विस्फोट की घटना में पुलिस लोकल एंगल पर भी फोकस कर रही है। इलाके में एक्टिव 3-4 बाइक राइडर्स ग्रुप की तलाश की जा रही है। पुलिस को शक है कि मार्च में इसी गैंग के बाइक राइडर्स ने चलती बस पर पुल से पथराव किया था। ये युवक ओड़ा के आस-पास स्थित गावों के रहने वाले हैं। ये युवक इलाके में अपना दबदबा बनाने के लिए ऐसा कृत्य करते रहते हैं। स्थानीय होने से कारण उनके लिए पहाड़ी और जंगलों में छिपना आसान है। ओड़ा के जिस रेलवे ब्रिज पर ब्लास्ट हुआ वहां भी ये युवक अकसर बैठते रहे हैं।

# विद्युत निगम का तकनीकी सहायक व दलाल रिश्वत लेते धरे

### आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी

**धौलपुर, (निसं)।** एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर मंगलवार को दोपहर एसीबी धौलपुर की टीम ने 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए विद्युत निगम धौलपुर के सब स्टेशन जाटोली पर तैनात तकनीकी सहायक कप्तान सिंह पहाड़िया और उसके दलाल दिनेश कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। रिश्वत की ये राशि विद्युत कनेक्शन आवेदन पर पुराना बिजली बिल बकाया होने का भय दिखाकर एवं नया मीटर लगाने की एवज में मांगी गई थी।

एसीबी के मुताबिक 12 नवंबर 2022 को एक व्यक्ति ने एसीबी कार्यालय में लिखित रिपोर्ट पेश की। जिसमें बताया कि मैंने अपनी पत्नी ज्योति के नाम से घरेलू बिजली कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया गया है। जिसका डिमांड नोटिस भी मेरे द्वारा जमा करा दिया गया लेकिन मेरे घर पर अभी तक कनेक्शन नहीं हुआ है और ना ही मीटर लगाया गया है । मेरे आवेदन पर लाइनमैन कप्तान सिंह द्वारा पुराना बिजली का बिल बकाया होने का भय दिखाकर एवं नया मीटर लगाने के बदले में 12 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है।

एसीबी टीम के 13 नवंबर 2022 को शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराने पर कप्तान सिंह लाइनमैन दिनेश कुमार दलाल के मार्फत 11 हजार रुपए की रिश्वत लेकर विद्युत कनेक्शन देने पर सहमत हो गया। जिसके बाद उसी समय परिवादी से 5 हजार रुपए रिश्वत ले ली गई तथा बाकी 6 हजार रुपए बाद में लेना तय हुआ। सत्यापन में रिश्वत की मांग की पुष्टि होने के बाद एसीबी की टीम ने मंगलवार को सुबह से ही राजाखेड़ा में अपना जाल बिछा दिया। इसके बाद मंगलवार को तकनीकी सहायक के दलाल दिनेश कुमार पुत्र सोवरन सिंह प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 30 रूहाई मौहल्ला राजाखेड़ा ने सब्जी मंडी राजाखेड़ा में 6 हजार रुपए



पटवारी को 4 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

की रिश्वत ली। जिस पर एसीबी की टीम ने मौके पर ही दलाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। इसके बाद एसीबी टीम ने फोन पर दलाल दिनेश

■ **पुराना बिल बकाया होने का भय दिखाकर नया मीटर लगाने की एवज में मांगी रिश्वत**

कुमार की तकनीकी सहायक कप्तान सिंह से मोबाइल पर बात कराई। जिसमें तकनीकी सहायक ने भी रिश्वत की राशि लेने की सहमति जाहिर कर दी। इसके बाद एसीबी टीम ने दलाल को सब्जी मंडी से तथा आरोपी तकनीकी सहायक कप्तान सिंह को विद्युत निगम के सब स्टेशन जाटोली से दबोच लिया। जिनके कब्जे से रिश्वत की राशि 6 हजार रुपए भी बरामद कर ली।

## पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** अलवर की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने तिजारा में एक कार्वाई करते हुए 4000 रुपए की रिश्वत के साथ एक हल्का पटवारी को रंगे हाथों दबोच लिया। इस पटवारी ने एक किसान से उसकी केसीसी की फाइल को आगे बढ़ाने के नाम पर 4 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड की थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम अलवर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह ने बताया कि एक परिवादी के द्वारा तिजारा में सरेटा हल्का के पटवारी विष्णु कुमार के खिलाफ एक शिकायत दी गई थी कि उसकी केसीसी की फाइल को आगे बढ़ाने की एवज में उससे हल्का पटवारी विष्णु कुमार 4 हजार

■ **केसीसी की फाईल को आगे बढ़ाने के नाम पर ली रिश्वत**

रुपए की रिश्वत की डिमांड कर रहा है। जिस पर एसीबी की टीम ने 14 नवंबर को मामले का सत्यापन कराया और सत्यापन कराने के बाद मंगलवार दोपहर को ट्रैप की कार्वाई को अंजाम दिया गया।

परिवादी को पैसे लेकर हल्का पटवारी के पास भेजा गया। पटवारी ने जैसे ही पैसे लिए और एसीबी की टीम को इशारा मिलते ही पटवारी को रंगे हाथों दबोच लिया। रिश्वत में ली गई चार हजार रुपए की राशि भी जब्त कर ली गई है।

## पाटन में यूरिया की कालाबाजारी

**पाटन, (निसं)।** रबी और खरीफ की फसल के लिए किसान को इस समय खाद बीज की दरकार है । फाटन क्षेत्र में हो रही खाद की कालाबाजारी जारी है। खाद बीज वाले डीलर खाद को अधिक रेट में बेचते हैं और किसान को खाद बीज के साथ अन्य दवा खरीदने के लिए दबाव बनाते हैं, जिस कारण किसानों को मजबूरन अपनी जेब कटवानी पड़ती है ।

जब किसान खाद बीज वाले डीलर के पास जाता है तो उसको डीलर द्वारा खाद नहीं होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं तथा किसान द्वारा बार-बार निवेदन करने पर ब्लैक में खाद देने की बात कहते हैं और किसान मजबूर होकर ब्लैक में खाद खरीदता है । खाद डीलरों के पास खाद भी समय पर आ जाता है लेकिन वह उस खाद को रात्रि में मौका मिलते ही दूसरी जगह अच्छा मुनाफा लेकर बेच देता है।

संवाददाता ने सहायक कृषि अधिकारी बाबूलाल यादव से बात की और किसानों की समस्याएं उनके सामने रखी तो उन्होंने भी माना कि खाद बीज वाले मूल्य से अधिक रेट पर अपना खाद बेच रहे हैं जिसकी शिकायत पूर्व में भी आई थी। शिकायत के आधार पर खाद बीज वालों को नोटिस भी दिए गए थे फिर भी अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो अब की बार इनके पास खाद की गाड़ी आएगी तो वहां कृषि पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे तथा उसके नेतृत्व में ही खाद वितरण करवाया जाएगा ।

# 'खाद की समस्या को लेकर प्रदेश व केन्द्र सरकार से संपर्क में हूं'

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने मंगलवार को राजस्थान वरिष्ठ नागरिक बोर्ड के सदस्य एवं टोंक जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एडवोकेट आत्माराम गोयल के निधन पर उनके निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

इसके बाद ग्राम छान में पहुंच कर ग्राम पंचायत छान के सरपंच कालूराम बैरवा के निधन पर पायलट ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पुष्पाजंलि अर्पित की। सचिन पायलट ने दौरे के

■ **'दो-चार दिन में खाद क्षेत्र में पहुंच जाएगा'**

दौरान ग्राम राधावल्लभपुरा, ग्राम खरेडा, ग्राम पंचायत गणेती के ग्राम बीबोलाव एवं ग्राम पंचायत गोपालपुरा में कार्यक्रमों में भाग लेकर विकास कार्यों का शिलान्यास किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ ही उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पायलट का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत भी किया।

गांवों के दौरे के दौरान पायलट ने कहा कि मैं जनता के बीच उनके विकास कार्य हुए या नहीं हुए, यह जानकारी लेने आया हूं। पायलट ने कहा कि टोंक जिले



पायलट ने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एडवोकेट आत्माराम गोयल के निधन पर उनके निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की ।

में भी खाद समस्या चल रही है। इसको लेकर प्रदेश व केन्द्र सरकार से लगातार संपर्क में हूं, ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके। भारत सरकार अलग -अलग राज्य को जरुरत के हिसाब से खाद का वितरण कर रही है। दो-चार दिन में खाद क्षेत्र में पहुंच जाएगा । इसके लिए पूरी कोशिश की जा रही है । उन्होंने कहा कि समय पर किसानों को खाद नहीं मिला तो उनकी मेहनत बेकार हो जाएगी, केन्द्र व राज्य सरकार से आग्रह किया है कि किसानों को समय पर अच्छी गुणवत्ता वाली खाद उपलब्ध कराएं। इस मौके पर पायलट ने राधावल्लभपुरा से मोरभाटियान, सीतारामपुरा से चूली मोड, गणेती रोड से जेकमाबाद सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया और विकास कार्यों की घोषणाएं भी की। इस मौके पर मसूदा विधायक राकेश पारीक, विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा, कांग्रेस निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता, पूर्व विधायक कमल बैरवा, नगर परिषद सभापति अली अहमद, मणिन्द्र लोदी, हंसराज गाता, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## चिकित्सा लेक्चरर की पात्रता जांच

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग में काय चिकित्सा विषय के लेक्चरर पदों के लिए संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता की जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई है। साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सचिव एचएल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा काय चिकित्सा विषय के लेक्चरर पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए संवीक्षा परीक्षा का आयोजन 11 नवंबर 2021 को किया गया था। परीक्षा के फलस्वरूप 12 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच के लिए विचारित सूची में अस्थाई रूप से शामिल किया गया है। यह परिणाम राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में दायर याचिका संख्या 12013/2021 में पारित अंतरिम आदेश 7 मार्च 2022 की पालना में याचिका में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। उन्होंने बताया कि जारी की गई विचारित सूची साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के गुडला नदी गांव में मंगलवार को 11:30 बजे दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमें दोनों पक्षों के करीब 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

घायलों को बौंली चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। समाचार भेजे जाने तक बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा मय दल बल के गुडला नदी गांव में मौके पर मौजूद है। पुलिस थाना बौंली से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी रामसहाय गुर्जर निवासी गुडला नदी थाना बौंली ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दूसरे पक्ष के लोगों ने हमारे मना करने के बावजूद भी सरसों की बुवाई कर दी एवं आज पानी की पिलाइ करने लगे । इस मामले को लेकर दोनों पक्षों में खेत पर ही खूनी संघर्ष हो गया। दोनों और से लाठी गंडासा अन्य धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया जिससे दोनों पक्षों के 25 लोग घायल हो गए। जिसमें एक पक्ष के 13 एवं दूसरे पक्ष के 11 लोग शामिल हैं। बौंली पुलिस ने चिकित्सालय में दोनों पक्षों के लोगों को अलग-अलग वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद रैफर किया। आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

चिकित्सालय सूत्रों के अनुसार घायलों में एक पक्ष के रूप सिंह, रामकेश, गिर्राज, प्रकाश, भगवान सिंह, प्यार सिंह, गोपाल, गबरु, विजय, व राजाराम जाति गुर्जर शामिल है। दूसरे पक्ष के में महिला धोला देवी, दिलखश, गबरु, मदनलाल पुखराज हंसराज रायसिंह बसराम मनसुख पायलट, मीठालाल, रामकेश व मोहनलाल गुर्जर शामिल है।

## परीक्षा आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 का प्रारंभ मंगलवार से हुआ। प्रथम दिन सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन तथा हिन्दी विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान की परीक्षा में अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 47.04 तथा हिन्दी विषय में 49.42 प्रतिशत रहा। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया सुबह 9 से 10.30 बजे तक आयोजित सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन की परीक्षा के लिए पंजीकृत 52636 अभ्यर्थियों में से 24759 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित हिन्दी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 31117 अभ्यर्थियों में से 15377 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

## भाजपा नेता अशोक पिंचा आज भरेंगे नामांकन

**सरदारशहर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक पींचा विधानसभा उपचुनाव हेतु अपना नामांकन 16 नवंबर को दाखिल करेंगे।

विशाल नामांकन रैली सुबह 10 बजे ताल मैदान से रवाना होकर गांधी चौक पहुंचकर विशाल आम सभा में परिवर्तित होगी। आम सभा को डॉ. सतीश पूनिया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, अर्जुनराम मेघवाल केंद्रीय मंत्री, गुलाबचंद कटारिया नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा, राजेंद्र राठौड़ उप नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा, रामसिंह कस्वा पूर्व सांसद, वंदना आर्य जिला प्रमुख, अभिनेष महर्षि विधायक रतनगढ़, माधोराम चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, मुकेश दाधीच प्रदेश उपाध्यक्ष, पंकज गुप्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष, धर्मवीर पुजारी जिलाध्यक्ष भाजपा, रामगोपाल सुथार जिला प्रभारी, खेमाराम मेघवाल पूर्व मंत्री, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, संतोष मेघवाल प्रधान बिदासर, भाजपा नेता राकेश जांगिड़ तारानगर सहित अनेक भाजपा नेता संबोधित करेंगे।

# इधर यूरिया खाद की किल्लत, उधर कालाबाजारी

### पुलिस के पहरे में बंटा खाद, सुबह चार बजे से भूखे-प्यासे लाइन में लगे किसान



ग्राम सेवा सहकारी समिति पर यूरिया खाद के लिये लगी किसानों की लाईन।



किसानों ने झिलाय रोड पर राजीव गांधी सेवा केन्द्र के बाहर जाम लगाया।



यूरिया खाद आने की सूचना पर प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति पर उमड़ी किसानों की भीड़।

**अलवर, (निसं)।** प्रदेश में फसल के लिए बढ़ती यूरिया खाद की मांग के बीच जगह-जगह से कालाबाजारी के समाचार है । किसान हाइवे जाम करने लगे है व पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में कूपन और खाद बंटवाने का काम किया जा रहा है । सीकर के पाटन सहित प्रागपुरा पावटा , निवाई सहित कई जगह से खाद की किल्लत होने के समाचार सामने आ रहे हैं। रामगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति पर यूरिया खाद प्रशासन की देखरेख में बांटा गया, भारी बल के साथ पुलिस मुस्तैद रही । तहसील में सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लगी रही।

रामगढ बस स्टैंड के पास ग्राम सेवा सहकारी समिति पर यूरिया खाद के 600 कट्टे आए थे लेकिन सहकारी समिति के कर्मचारी अपने चाहतो को कालाबाजारी कर खाद बांट रहे थे। जिसका किसानों ने सोमवार को विरोध किया और दिल्ली हाईवे रोड जाम कर बैठ गए। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बड़ी मुश्किल से किसानों को समझाकर जाम को खुलवाया और खाद बांटने के लिए सहकारी समिति के कर्मचारियों को मना कर दिया।

यूरिया खाद में हो रही धांधली को रोकने के लिए तहसीलदार धीरेंद्र कर्दम ने तहसील पर किसानों की लाइन लगवाकर टोकन देकर खाद वितरण किया । किसानों का कहना है कि सुबह से भूखे प्यासे लाइन में लगे हुए हैं लेकिन मंगलवार को भी उम्मीद नहीं है कि एक कट्टा खाद का मिल पाएगा । तहसीलदार धीरेंद्र कदम का कहना है कि आज तहसील पर लाइन लगाकर प्रत्येक किसान को एक आधार कार्ड के हिसाब से एक कट्टे का टोकन दिया जा रहा है जिससे कि सभी किसानों को 1-1 कट्टा मिल सके। तहसील और सहकारी समिति पर पुलिस भारी संख्या में मुस्तैद रही ।

**निवाई, (निसं)।** यूरिया खाद की मांग को लेकर किसानों ने झिलाय रोड पर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया और किसान एकता के समर्थन में नारेबाजी की।

जाम खुलवाने के लिए थानाधिकारी राजेंद्र खण्डेलवाल ने मौके पर पुलिस जाप्ता भेजा। किसानों ने तहसीलदार को बताया कि यूरिया खाद के किसान सेवा केन्द्र पर कूपन नहीं दिए जा रहे हैं तथा बाजार में 266 रूपये के यूरिया खाद का कट्टा 550 रूपये में ब्लैक में बिक रहा है। तहसीलदार ने किसानों को खाद का

■ **266 रूपये के यूरिया खाद का कट्टा 550 रूपये में ब्लैक में बिक रहा है**

ब्लैक करने वालों दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इसके बाद जाम खुलवाया गया।

इसके बाद यूरिया खाद लेने आए किसानों की पुलिस जाप्ते के सहयोग से तहसीलदार ने लाईन लगवाकर किसानों को यूरिया खाद के कूपन वितरित किए।

**पावटा, (निसं)।** खाद नहीं मिलने से अभी तक सरसों की फसलों में यूरिया खाद नहीं डाला जा सका है और सिंचाई प्रभावित हो रही है।

पावटा प्रागपुरा सहित आस - पास के क्षेत्रों में किसानों को किसी दुकान पर यूरिया का ट्रक पहुंचने की सूचना मिलती है तो यहां सुबह से ही हजारों किसान खाद लेने के लिए उमड़ पड़ते हैं और टोकन लेने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी नजर आती हैं।

मंगलवार को प्रागपुरा कस्बे में प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति परिसर में यूरिया खाद लेने के लिए

■ **करीब एक हजार से ज्यादा लोग लाइन में टोकन लेने के लिए खड़े रहे**

किसानों की कतारें लग गईं। यहां करीब एक हजार से ज्यादा लोग लाइन में टोकन लेने के लिए खड़े रहे।

जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड ने केन्द्रीय उर्वरक मंत्री से बात करके 2600 टन यूरिया जयपुर ग्रामीण के लिए उपलब्ध करवाया ।

वहीं रैंक व अधिकारियों से बातचीत के सहयोग से चेयरमैन प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति में 1520 कट्टे दो ट्रक यूरिया आए। जिनको पाने के लिए हजारों की संख्या अन्नदाता किसानों की भीड उमडी। जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड व उच्च अधिकारियों से बातचीत जारी है और यूरिया जल्द मंगवाया जायेगा।

# कॉलोनी के आवासीय नियमन की आड़ में चेहेतों को फायदा पहुंचाने का खेल?

## टोंक रोड पर गांधी नगर स्टेशन के पास स्थित ऋषि कॉलोनी का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। टोंक रोड पर गांधी नगर रेलवे स्टेशन के नजदीक 24 प्लॉट्स की आवासीय ऋषि कॉलोनी में 90 प्रतिशत गतिविधियां व्यावसायिक संचालित हैं, इसके बावजूद जेडीए के अधिकारी इस कॉलोनी का नियमन आवासीय दर पर करके राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने में आमादा है। चहेतों को फायदा पहुंचाने का यह पूरा खेल प्रशासन शहरों के संग अभियान की आड़ लेकर अधिकारी खेल रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो गांधी नगर रेलवे स्टेशन के पास पॉश लोकेशन वाली इस कॉलोनी में होटल, शोरुम, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, कोचिंग सेंटर और दुकानें बनी हुई है। इसके बावजूद जेडीए जोन-1 के अधिकारी इस कॉलोनी का नियमन व्यावसायिक के बजाय आवासीय दर पर करना चाह रहे हैं, ताकि चहेतों को फायदा पहुंचाया जा सके।

सूत्रों के मुताबिक प्रशासन शहरों के संग अभियान में कृषि भूमि पर बसी कालोनियों का नियमन करने के लिए राज्य सरकार ने ने अभियान चला रखा है। इसके तहत जारी गाइड लाइन के अनुसार 60 फीसदी रिहायशी और 40 फीसदी क्षेत्र में सुविधा क्षेत्र होने पर ही किसी भी कॉलोनी का नियमन किया जा सकता है। राज्य सरकार की अनुमति से 70 फीसदी बसी हुई कॉलोनी भी नियमित की जा सकती है। इस आदेश को धता बता कर 24 प्लॉट्स वाली ऋषि कालोनी का जल्दबाजी में नियमन किया जा रहा है। इसके लिए सारे नियम-कायदे दरकिनार कर दिए गए हैं। जल्दबाजी में स्वप्रेरित 90ए करके भू-रुपांतरण किया गया है। इस भू-रूपांतरण में भी इतनी कमियां है कि तहसीलदार तक ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए है।

- **जानकारी के मुताबिक 24 प्लॉट्स वाली इस कॉलोनी में होटल, शोरुम और कोचिंग संस्थान संचालित हैं, इनका नियमन व्यावसायिक दर के बजाय अगर आवासीय दर से हुआ तो जेडीए को करोड़ों रुपये का नुकसान होगा**
- **सूत्रों की मानें तो इस कॉलोनी का जेडीए के अधिकारियों ने नक्शा तक अप्रूव नहीं किया है, पीटी सर्वे और मौके की स्थिति में भारी अंतर होने के कारण जोन-1 के तहसीलदार, अमीन, एटीपी और अभियंता ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था**

सूत्रों का कहना है कि जोन-1 की उपायुक्त अंजू वर्मा को इस कॉलोनी के नियमन की जल्दबाजी इतनी है कि उन्होंने पहले कॉलोनी का नक्शा तक एप्रूव्ड नहीं किया। पूर्व में तो जोन के तहसीलदार, अमीन, एटीपी और अभियंता ने नक्शे पर हस्ताक्षर करने में मना कर दिया। क्योंकि कॉलोनी के नक्शे के लिए हुए पीटी सर्वे और मौके की स्थिति में भी भारी अंतर है। केवल प्लॉट का एरिया दर्शाया गया है। मौके की स्थिति के बारे में कुछ नहीं दर्शाया गया। यहां तक कि खसरों की स्थिति तक नहीं दर्शायी गई है।

बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले की एसीबी को भनक लग चुकी है, अब एसीबी भी जेडीए के अधिकारी-कर्मचारियों की प्रत्येक हरकत पर नजर गडाए बैठी है। जेडीए के गलियारों में चर्चाएं है कि इस कॉलोनी के नियमन के पीछे लेनदेन का भारी खेल चल रहा है, इसके बाद से ही एसीबी सतर्क हुई है। यह पहला मौका है जब नियमन शिविर में पट्टा जारी नहीं किया गया, सिर्फ आवेदकों की फाइलें जमा की गई है।

उधर जानकारों की मानें तो जेडीए को इस ऋषि कॉलोनी के आवासीय नियमन से करोड़ों के राजस्व का नुकसान होगा। यहां चल रही होटल, शोरुम, कोचिंग संस्थान का आवासीय दर से नियमन किया जाएगा, जबकि अगर इनका भू-रुपांतरण कर व्यावसायिक दर से नियमन किया जाता है तो जेडीए को करोड़ों रुपये का राजस्व मिल सकता है।

# असिस्टेंट बैंक मैनेजर सुसाइड मामले में पति गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)**। असिस्टेंट बैंक मैनेजर मेघा कौशल (34) के सुसाइड केस में नया मोड़ आया है। मेघा के पिता ने बजाज नगर थाने में बेटी के पति और सास के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि दोनों मिलकर बेटी को नशीले पदार्थ खिला रहे थे, उससे माफी मांगने के वीडियो बनाते थे। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, मेघा के पति को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।

मेघा के पिता दुर्गेश सिंह ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मेघा कौशल की शादी शिवम निझावन (36) के साथ 7 फरवरी 2018 को दिल्ली में हुई थी। मेघा और शिवम दोनों सरकारी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर काम कर रहे थे। दोनों का ट्रांसफर मार्च-अप्रैल 2022 में दिल्ली से जयपुर हुआ था। मेघा, शिवम और उसकी माता कमलेश निझावन जयपुर के गांधी नगर स्थित आरबीआई के स्टाफ क्वार्टर में रह रहे थे। शादी के बाद से ही मां-बेटे ने मेघा कौशल को परेशान करना शुरू कर दिया। उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता था। जयपुर आने के बाद यह प्रताड़ना और बढ़ गई। उसे दहेज-पैसा लाने के लिए तंग किया जाने लगा।

- **मृतका के पिता ने हत्या और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया**
- **मेघा के पिता ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी की हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया है**

उसे नशीले पदार्थ खिलाकर माफी मांगने के वीडियो बनाते थे। इसके पीछे उनका क्या उद्देश्य था, पता नहीं। जब वह ज्यादा तंग हो गई तो उसने दिनांक 13 नवंबर को सुबह फोन किया। कहा, उसको जयपुर आ के दिल्ली ले जाओ। हम रात 9 बजे ट्रेन से जयपुर पहुंच गए।

इस दौरान 3-4 बार बेटी से बात हुई। उसने बताया कि शिवम और उसकी मां ने मुझे भेजने से मना कर दिया है। खूब लड़ाई की है। इसके बाद हमारी मेघा से कोई बात नहीं हो सकी। हम होटल में रुक गए। सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक अनजान नंबर से कॉल आई कि आपकी बेटी की तबीयत खराब है। उसको एसएमएस अस्पताल में एडमिट किया है। हम सीधे ही रेलवे स्टेशन से अस्पताल पहुंचे। बहुत देर ढूंढने के बाद पता चला कि मेघा कौशल मर चुकी है। मॉर्च्युरी में बॉडी पड़ी है।

परिजनों ने आशंका जताई है कि मेघ की हत्या करके शव पंखे पर टांगा गया है। सुसाइड दिखाने की कोशिश की और अस्पताल में यह कह कर भर्ती कराया गया कि मेघा की तबीयत खराब है। मेघा के पति शिवम निझावना और उसकी सास ने हमें फोन भी नहीं किया कि उसकी तबीयत खराब है या वह मर चुकी है। इससे पहले 13 अक्टूबर 2022 को भी उसकी सास और शिवम का हमारे साथ विवाद हुआ। हम करवा चौथ पर भी जयपुर आए थे। दोनों ने हमें घर से गालियां देकर भगा दिया था। आप इनके घर के पडोसियों से भी पूछ सकते हैं।

# नर्सिंग ऑफिसर्स का आंदोलन स्थगित

**जयपुर, (कासं)**। राजधानी के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से आई.एच. एम. एस. पोर्टल के माध्यम से सभी कार्य नर्सेज से ही कराये जाने के आदेश के खिलाफ मंलवार को दूसरे दिन भी नर्सिंग ऑफिसर्स ने सवाई मानसिंह चिकित्सालय के मुख्यद्वार पर दो घण्टे गेट मीटिंग कर विरोध प्रकट किया। इसके बाद चिकित्सा अधीक्षक से वार्ता में मांगों पर सहमति बनने पर आंदोलन स्थगित कर दिया गया।

संयोजक रोशन लाल यादव ने बताया कि दो दिन के विरोध प्रदर्शन के बाद आज जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह व वरिष्ठ नेता प्यारेलाल चौधरी के नेतृत्व में एसोसियेशन के पदाधिकारियों की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा के साथ सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई।

अध्यक्ष बलदेव सिंह ने बताया कि वार्ता में चिकित्सा अधीक्षक ने एसोसियेशन को आश्वस्त किया कि

- **चिकित्सा अधीक्षक के साथ वार्ता में बनी मांगों पर सहमति**

आई.एच.एम.एस पोर्टल पर चिकित्सकों से संबधित कार्य चिकित्सकों के द्वारा तथा नर्सिंग सेवाओं से संबधित कार्य नर्सिंग ऑफिसर्स के द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ नेता प्यारेलाल चौधरी ने बताया कि वार्ता में सहमति के उपरांत मरीज हित में आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है। महिला चिकित्सालय सयोजक नित्यानंद यादव ने बताया कि वार्ता में नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा, नर्सेज नेता महीपाल सामोता, सुरेन्द्र बांकावत, प्रकाश सेन, हेमराज गुप्ता, शारदा निनामा, राकेश फौजदार, रतिराम यादव, महावीर चौधरी, भरतलाल जाटव, भूपेन्द्र, निरमा मीणा शामिल थे।

# बालश्रम करवाने वाले 6 बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने चूड़ी कारखानों से 21 बच्चों को मुक्त कराया

**जयपुर (कासं)**। भट्टा बस्ती पुलिस ने मानव तस्करी विरोधी यूनिट जयपुर (उत्तर) और बचपन बचाओ आन्दोलन की मदद से चूडी के कारखानों में काम करने वाले 21 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाकर छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान द्वारा एक नवम्बर से 31 दिसम्बर तक ऑपरेशन खुशी-टू अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते जयपुर शहर को बालश्रम से मुक्त कराये जाने के लिए भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने मानव तस्करी विरोधी यूनिट जयपुर (उत्तर) और बचपन बचाओ आन्दोलन की संयुक्त कार्रवाई करते हुए चूडी के कारखानों में काम करने वाले 21 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया गया है। मुक्त करवाए गए बालकों से पूछताछ में सामने आया



कि उन्हें उनके कारखाना मालिक बिहार व झारखंड से पढाने लिखाने व काम सिखाने के बहाने से अपने गांव से कुछ माह पहले लेकर आये थे और यहां लाकर सुबह 8-9 बजे से रात्रि 10-11 बजे तक कठोर बालश्रम करवाया जाता है और बाल श्रम नहीं करने पर प्रताड़ित भी किया जाता है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद शम्स तरवेज, मोहम्मद फैयाज आलम, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद नॉलेज आलम, शाहिद अफरीदी और कालूराम को गिरफ्तार किया गया है।

# सूने मकान से जेवर-नकदी चोरी

**जयपुर**। शिप्रा पथ इलाके में स्थित गंगोत्री नगर में एक मकान से बदमाशों ने लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए।

पीड़ित लोकेश शर्मा बैंक ऑफ बडोदरा में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर हैं। लोकेश की पत्नी गुजरात में एक बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर काम कर रही हैं। गत 12 नवम्बर को लोकेश बच्चों को लेकर पत्नी से मिलने के लिए गुजरात गया था। इस दौरान पीछे से बदमाशों ने मकान का दरवाजा तोड़कर कमरे में बनी आलमारी से लाखों रुपए के जेवरात और 50 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए। इसी घर की पहली मंजिल पर लोकेश के बुजुर्ग मां-बाप रहते हैं, घटना को देखते हुए लग रहा है कि चोरों को पहले से जानकारी थी कि घर में कौन कहां पर रहता हैं और कहां पर पैसा और जेवरात रखे हुए थे। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

# विद्यार्थियों के विरोध के बाद राजस्थान विवि. में लाइब्रेरी का उद्घाटन आज

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक महारानी कॉलेज में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम बीबीए, बीसीए और बीकॉम में छात्राओं से अधिक फीस लेने का मामला गर्मा गया है। छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी इस पूरे मामले को अब मुख्यमंत्री के समक्ष उठाएंगे।

मुख्यमंत्री बुधवार को विश्वविद्यालय में स्मार्ट लाइब्रेरी के नए भवन का उद्घाटन, भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण और नवनिर्मित तीरंदाजी खेल मैदान का उद्घाटन भी करेंगे। छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में अपने कार्यकाल में छात्र हितों में किए गए कार्यों व आगमी दिनों में किए जाने वाले कार्यों की योजना के बारे में जानकारी दी। निर्मल ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय में अधिकतर विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं, जबकि विश्वविद्यालय हर साल फीस वृद्धि करके छात्र-छात्राओं पर आर्थिक भार डाल रहा है। विश्वविद्यालय फीस वृद्धि में लगाम लगाने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष



छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी

रखूंगा। निर्मल चौधरी ने कहा कि यहां अध्ययनरत छात्रों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार विश्वविद्यालय में चक्कर काटने पड़ते है। इनके समस्या के समाधान के लिए विश्वविद्यालय में चौपाल की शुरुआत की जाएगी। जिसमें छात्रों के साथ छात्र प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय के शिक्षक और अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। यानि एक ही मंच पर उनकी सभी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इस अवसर पर निर्मल चौधरी ने कहा कि

- **छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल मुख्यमंत्री के सामने उठाएंगे छात्राओं से आर्थिक भेदभाव का मुद्दा**

विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार उन्होंने छात्र शक्ति के लिए 421 लाख रुपए का बजट स्वीकृत करवाया है। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय का मालवीय गर्ल्स हॉस्टल सबसे पुराना है। जिसकी पिछले दिनों छत से प्लास्टर गिरने की शिकायत भी आई थी। इसे दुरस्त करवाने के लिए 13 लाख रुपए स्वीकृत करवाए गए हैं। उनका कहना था कि छात्रसंघ चुनाव जीतने से पूर्व ही वह छात्र हित के लिए काम कर रहे थे, हॉस्टल में रहने वाले छात्रों की समस्याओं पर ध्यान दिया, इसी का नतीजा है कि इतना बजट छात्र शक्ति के लिए मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित महिला छात्रावास काफी बड़ा है लेकिन चिकित्सकीय सुविधा का अभाव था।

# सिख युवक से मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)**। आदर्श नगर थाना पुलिस ने राजापार्क में गुरुनानकपुरा निवासी हरप्रीत सिंह से मारपीट करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि घाटगेट स्थित शिव शंकर कॉलोनी निवासी नीतेश उर्फ गोलू और जवाहर नगर स्थित टीला नंबर तीन निवासी विक्की को गिरफ्तार किया। तीन दिन पहले कहासुनी होने पर आरोपियों ने हरप्रीत सिंह पर हमला कर दिया था। हमले में घायल होने पर हरप्रीत को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश जारी है। उधर पुलिस ने लोगों की मांग पर देर रात खुलने वाली दुकानों को बंद करवाया। लोगों ने आरोप लगाया था देर रात दुकान खोलने की आड़ में यहां पर नशा परोसा जाता है, जिससे रातभर समाजकंटकों को जमावड़ा रहता है। लोगों ने जाम लगाकर पुलिस अधिकारियों से मांग की कि रात साढ़े दस बजे बाद बाजार की सभी दुकानें बंद करवाई जानी चाहिए। जाम लगाने वालों में व्यापारी खुद भी शामिल थे।

# जेडीए नक्शे के विपरीत बना अवैध मकान ध्वस्त

**जयपुर (कासं)**। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने बासेड़ी रोड पर लाखना गांव में 4 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी को खुर्दबुर्द किया। साथ ही गोपालपुरा बाईपास पर 10-बी स्कीम में जेडीए के नक्शे के विपरीत बनाये जा रहे चार मंजिला मकान की अवैध बालकनी, लेटबॉथ और कमरों को 60 फीसदी ध्वस्त किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-14 स्थित ग्राम लाखना में बासेडी रोड पर करीब चार बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर तेजस्विनी द्वितीय के नाम से कॉलोनी काटी जा रही थी। बिल्डर और काश्तकार ने ग्रेवल और मिट्टी की सड़कें और कई निर्माण कर लिए थे। मंगलवार को जेडीए ने जेसीबी और मजदूरों की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त किया।

इसके अलावा गोपालपुरा बाईपास पर स्थित 10बी आवासीय स्कीम में भूखंड संख्या 360 पर जेडीए से स्वीकृत नक्शे के विपरीत तीनों तरफ सेटबैक कवर करते हुए ग्राउंड समेत चार मंजिला भवन बना लिया गया था। अवैध हिस्से में बने कमरे, बालकनी और लेटबाथ को ध्वस्त किया।



# एसएमएस अस्पताल में रेजीडेंट से मारपीट

## रेजीडेंट डॉक्टरों ने अस्पताल प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने और उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी करवाने की मांग उठाई

**जयपुर**। राजधानी के एसएमएस अस्पताल में मरीज के परिजनों द्वारा रेजीडेंट डॉक्टर से मारपीट का मामला सामने आया है। इससे रेजीडेंट डॉक्टरों में रोष व्याप्त है। इसके चलते रेजीडेंट डॉक्टरों ने अस्पताल प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने और उनकी जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

जानकारी के अनुसार घटना अस्पताल के 1 सी मेडिसिन वार्ड की है। डॉक्टर्स का आरोप है कि बेड की मांग कर रहे मरीज के परिजन वार्ड में आकर डॉक्टर पर चिल्लाने लगे। अपने आप को सत्ताधारी पार्टी में बड़ा नेता होने की बात कहकर धमकाया और नौकरी से निकलवाने तक को कह दिया। इस पर डॉक्टर ने परिजनों को शोर नहीं मचाने और गंभीर अवस्था में भर्ती मरीजों को संभालने की बात कही। इस पर वह नाराज हो गए। जैसे ही मरीज के साथ आए परिजनों को वार्ड से बाहर जाने की बात कही तो तीन युवकों ने मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर को वार्ड में ही धक्का मारकर गिरा दिया और मारपीट की। साथी डॉक्टर्स, अन्य मेडिकल स्टाफ और वार्ड में भर्ती अन्य मरीज के परिजनों ने बीच-बचाव कर डॉक्टर को छुड़वाया। इसके बाद भी हंगामा करने वाले युवक वार्ड से बाहर नहीं गए और गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज की जगह अपने लिए बेड मांगते रहे। इस पर वार्ड में मौजूद मेडिकल स्टाफ ने गार्डस को बुलाया तो भी नहीं माने। जिसके बाद रेजीडेंट्स ने थाने में जाकर अबरार, आदिल और अन्य युवक के खिलाफ लिखित में शिकायत दी, लेकिन एसएमएस थाना पुलिस को शिकायत मिलने के 24 घंटे बाद भी पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं की। वहीं सूत्रों के अनुसार जयपुर शहर के एक विधायक बार-बार डॉक्टर को फोन कर थाने में दी गई लिखित शिकायत को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। उधर रेजीडेंट डॉक्टरों के संगठन जार्ड का कहना है कि रात्रि में 1 सी वार्ड में ऑन ड्यूटी रेजीडेंट से मरीज के परिजनों ने दुर्व्यवहार व मारपीट की गई। इससे रेजीडेंट को शारीरिक एवं मानसिक क्षति हुई है। ये घटना अस्पताल में चिकित्सको को दी जा रही सुरक्षा व्यवस्था के दावों की पोल खोलती है। इस घटना के बाद से सभी रेजीडेंट्स में रोष व्याप्त है। घटना के संदर्भ में प्रिंसिपल एवं चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया है। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए इंस्टीट्यूशनल एफआईआर करवाने का आश्वासन दिया है।

## चिकित्सा मंत्री ने निरीक्षण किया

**जयपुर**। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने मंगलवार को जयपुर के प्रताप नगर में स्थित आरयूएचएस अस्पताल और स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट का लगभग तीन घंटे निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से वहां मौजूद मशीनों के बारे में सवाल जबाव किए। उन्होंने चिकित्सकों से पूछा कि रोजना इन अत्याधुनिक मशीनों का कितने मरीजों को लाभ मिल रहा है। इस पर एक बारगी तो चिकित्सक सकपका गए और ठीक से जबाव नहीं दे पाए। हालांकि चिकित्सा मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी कैंसर मरीजों को इस सेंटर में सेवाएं मिलेंगी। उन्होंनें कहा कि वह इस सेंटर को लेकर काफी गंभीर है।

# वांटेड बदमाशों को आर्थिक कमजोर करेगी जयपुर पुलिस

**जयपुर (कासं)**। वांटेड बदमाशों को किसी तरह आर्थिक मदद न मिले, इसलिए जयपुर पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया है। करधनी में प्रोपर्टी कारोबारी विजेन्द्र सिंह की हत्या के बाद फरार चल रहे बदमाशों को आर्थिक दंड देने के लिए पुलिस ने यह कदम उठाया हैं। जयपुर जिला पश्चिम पुलिस को जानकारी मिली थी कि फरार नामजद आरोपियों की सिंधी कैम्प में अवैध बस टिकट स्टॉल हैं, इस पर पुलिस ने चार जगहों पर रेड करते हुए स्टॉल को जब्त किया और स्टॉल पर बैठे युवकों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है।

डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि नामजद बदमाशों की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने पहली बार ऐसा कदम उठाया है। पुलिस ने सिंधी कैंप के आस-पास संचालित बदमाशों के तीन टिकट काउंटरों को बंद करवाया है।

एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत ने बताया कि 9 नवंबर की शाम को दो गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने प्रॉपर्टी व्यवसायी विजेंद्र सिंह गुलाबबाड़ी की सरिए व डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी।

इस संबंध में मृतक के भाई सत्येन्द्र सिंह ने करधनी थाने में जितेन्द्र हुलदानी, सागर सिंह, रविन्द्र खानडी सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने वारदात में शामिल रैकी करने वाले दो आरोपी नागौर के चावंडिया निवासी बलदीप सिंह राठौड़ उर्फ सोनू व नागौर के परबतसर निवासी विजय सिंह उर्फ सन्नी को गिरफ्तार कर लिया। जिनसे पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सरगना शिवराज सिंह जुसरिया व अजय सिंह सिंगोद कुछ लोगों के साथ मिलकर सिंधी कैंप के पास अवैध टिकट काउंटर चलाते है। जहां से आने वाले पैसों को आपराधिक गतिविधियों में काम में लेते है। सूचना के बाद झोटवाड़ा एसीपी प्रमोद स्वामी के नेतृत्व में गठित टीमों ने बदमाशों के चारों काउंटर को चिन्हित कर बंद करवा दिए। प्रमोद स्वामी ने बताया कि पुलिस के पास उन लोगों की भी लिस्ट है, जिन्होंने इन बदमाशों की पूर्व में भी मदद की थी। अगर इस बार किसी ने इन बदमाशों की मदद की तो वह बचेगा नहीं।

## सार-समाचार

### 28 लोगों को पट्टे वितरित किए



**जयपुर (कासं)**। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के वार्ड 31 में पार्षद लादूराम दुलारिया ने मंगलवार को 28 पट्टे जारी किये। रीको चेयरमैन सीताराम अग्रवाल, विद्याधर नगर जोन जोन उपायुक्त करणी सिंह और पार्षद लादूरिया ने प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविर में आमजन को यह पट्टे वितरित किये। दुलारिया ने बताया कि वार्ड में अब तक 154 पट्टे जारी किये जा चुके हैं, जो कि अन्य वार्डों से ज्यादा है।

### डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग 18 नवंबर से

**जयपुर (कासं)**। पेटीएम डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का चतुर्थ संस्करण 18 से 27 नवंबर तक स्पोफिट अकादमी में आयोजित होगा। लीग के चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि लीग के पोस्टर विमोचन मंगलवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी ने किया। इस अवसर पर आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद जोशी, अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह और राजकीय दंत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. संकल्प मित्तल उपस्थित रहे। लीग के को-चेयरमैन डॉ हरीश भारद्वाज कि इस बार लीग में किड्स कैटेगरी, बॉयज कैटेगरी और गर्ल्स कैटेगरी में आठ-आठ टीमें भाग लेंगी। जबकि पुरूष वर्ग में 20 टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर आयोजन समिति के डॉ. हनुमान खोजा, डॉ. सुधांशु शर्मा, डॉ. सत्यपाल यादव, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. अमित तिवारी, डॉ नफीस, प्रेम चौधरी, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. निधि पूनिया और डॉ. दिलीप गुप्ता मौजूद थे।

### मुहाना पुलिस ने पकड़ा वाहन चोर

**जयपुर**। राजधानी की मुहाना थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में परिवादी बनवारी लाल कुम्हार ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि 11 नवंबर को उसने बाइक कीरो की ढाणी में फ्लैट के सामने रात 9 बजे खड़ी की थी। गाड़ी को लॉक करके वह अपने फ्लैट में चला गया था। रात 11 बजे जब वह वापस आया तो वहां से बाइक गायब थी। आस-पास तलाश करने पर भी जब गाड़ी का पता नहीं चला तो उसने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद एसीपी हरिशंकर, थानाधिकारी जयप्रकाश पूनिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए बाटोदा सवाईमाधोपुर निवासी वेद प्रकाश उर्फ बेदू मीना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुनसान जगहों से वाहनों को चुराता था। वाहन चोरी करने के बाद वह स्थानीय बाजार में बहुत कम दाम पर बाइक बेच देता था। आरोपी को नशे की लत है, इसकी पूर्ति के लिए वह चोरी की वारदात को अंजाम देता हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने खोह नागोरियान, मालपुरा गेट, शिप्रापथ, महेश नगर, मानसरोवर में दस से अधिक वाहन चोरी की वारदातों को करना बताया हैं।

### जयपुर फोटोजर्नलिज्म सेमिनार आज

**जयपुर, (का.सं.)**। जयपुर फोटोजर्नलिज्म सेमिनार का 8वां संस्करण 16 नवंबर को 5 बाय ओयो, बाईस गोदाम सर्कल, जयपुर में प्रातः 10 बजे आयोजित होने जा रहा है। सेमिनार में भाग लेने के लिए पत्रकारिता एवं फोटो पत्रकारिता का अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ अपना अनुभव साँझा करेंगे। देश के विभिन्न हिस्सों के पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्र और प्रोफेसर भी इस सेमिनार में शिरकत करेंगे। जिसका उद्देश्य है कि वे हार्डकोर फोटोजर्नलिज्म की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को सीख सके। इस सेमिनार को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी पत्रकारिता में नयी क्रांति लाना है। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता संजय अवस्थी होंगे, जो इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी) के कार्यालय प्रमुख हैं। प्रमुख वक्ता रोहित परिहार, प्रियंका जोधावत, मनोज माथुर, अयोध्या प्रसाद गौर, डॉ. मनोज लोढ़ा, अजय चोपड़ा, हेमजीत मालू, पुरुषोत्तम दिवाकर होंगे। सेमिनार का आयोजन इमेजिन फोटोजर्नलिस्ट सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है, जो देश भर मे सर्वश्रेष्ठ फोटो जर्नलिज्म लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इमेजिन फोटोजर्नलिस्ट सोसाइटी समय समय पर पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्र और छात्राएं के प्रशिक्षण के लिए लगातार वर्कशॉप का आयोजन कर रही है।

### उर्स का तीसरे दिन समापन

**जयपुर, (का.सं.)**। संसार चन्द रोड़ स्थित मीरजी बाग में चल रहे पिछले 3 दिनों से हजरत सैयद अनवार उर रहमान नियाज़ी रहमतुल्ला अलेह के 77वें उर्स का समापन चराग उठाने के साथ हुआ। उर्स में तीन दिनों तक हजारों की तादाद में देश भर से जायरीन उर्स में शिरकत करने पहुंचे।बीती रात कव्वालों ने महफिले समा को बांधे रखा।उर्स में शिरक़त करने आदर्श नगर विधायक व अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन रफीक खान, जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर भी पहुंची। सज्जादा नशीन डॉक्टर सैय्यद हबीबुर्रहमान नियाज़ी ने बताया के 3 दिनों तक चले उर्स में पूरे देश भर से जायरीनों के आमद का सिलसिला जारी रहा। देश के नामचीन कव्वालों ने अपने कलाम पेश कर लोगों से वाहवाही लूटी। उन्होंने बताया उर्स के मौके पर अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन व आदर्श नगर विधायक रफीक खान, जयपुर नगर निगम हेरिटेज की मेयर भी पहुंची।दोनों का इस्तकबाल किया गया साथ ही गुजरात के मीर दातार दरगाह के सज्जादा नशीन खालिद नक़वी द्वारा भी उन्होंने 11 चिराग मिट्टी के और एक चांदी का चिराग पेश किया।



## International Day for Tolerance

There's no doubt that a world free of tolerance would not be a good place to be. It is the belief of those supporting this day that everyone has a right to their expression, religion, and their conscience without fear of bias or ridicule. This day was created to encourage mindfulness and faith in human rights - in order to encourage equality and diversity across the world, the UN introduced The International Day for Tolerance in 1996. It followed the United Nations Year for Tolerance, which was 1995, in order to observe its teachings annually.



#AGEING

# Manipulate Stress Response

This is the first time a link between this stress response and ageing has been uncovered



Scientists at Nanyang Technological University, Singapore (NTU Singapore) have found that a stress response in cells, when 'switched on' at a post-reproductive age, could be the key to slow down ageing and promote longevity.

In lab experiments on a type of roundworm that shares similarities with humans, the NTU Singapore team found that switching on this stress response in aged worms by feeding them a high-glucose diet extended their lifespan as compared to worms fed a normal diet.

This is the first time a link between this stress response and ageing has been uncovered, said the NTU team of their findings published on 19 October.

While further studies are needed to gain a deeper understanding of this link, the scientists said their findings open the door to the development of therapies that could delay the onset or even tackle age-related disorders such as cancer, dementia, and stroke.

Cell biologist and study lead Associate Professor Guillaume Thibault from the NTU School of Biological Sciences said: "Ageing is a critical risk factor



for a variety of human pathologies, from metabolic diseases such as diabetes to cancer and neurodegenerative diseases. From a public health perspective, determining the cellular pathways that underpin the ageing process could take us one step closer to developing novel therapeutic strategies to treat age-related disorders.

"While our study found that a high-glucose diet could be useful to slow down ageing and promote longevity in aged worms, we are not recommending that the aged population should now turn to a high-sugar diet. What this study does show is that triggering certain stress responses in cells may translate to longevity, and that activating this stress response with a drug might be critical to decelerate cellular ageing."

Aside from showing that the effect of manipulating this stress response in aged worms, the NTU scientists also showed that the same response, when 'switched off' in young worms fed a high-glucose diet, helped them to live longer than worms on a normal diet.

Commenting as an independent expert, Professor Rong Li, Director of the Mechanobiology Institute at the National University of Singapore said: "Metabolic diseases have serious consequences in the elderly if left untreated. This work is impactful because the scientists identified a cellular pathway, called the unfolded protein response, which affects lifespan in animals fed a high glucose diet. They found that inhibiting this pathway dramatically extended the lifespan of these animals. They therefore propose that targeting this pathway may extend lifespan in humans with metabolic disorder."

### Cell's Stress Response Activation

Cells produce a stress response when stressors (such as an excess of glucose) cause a build-up of problematic 'unfolded' proteins in the cell. The stress response, called the unfolded protein response, works to clear up these problematic proteins to restore balance in the cell.

Ageing could also lead to an accumulation of unfolded proteins due a natural decline in the ability of the cell's machinery to produce healthy proteins, triggering the same stress response.

The molecular machinery in the cell tackles this build-up through its 'stress sensors', which initiate a series of molecular mechanisms to rescue the cell from this stress. If the overload of unfolded proteins is not resolved, the prolonged unfolded protein response induces cell death instead.

### Unfolded Protein Response

To investigate how the unfolded protein response affects longevity in animals, the scientists induced this response in adult roundworms (Caenorhabditis elegans) using glucose. While C. elegans is significantly anatomically simpler than a human, it relies on many of the same genes that humans do to control the division of cells and to programme faulty cells to die.

The scientists fed some of the worms a high-glucose diet at two different life stages: young i.e. at the start of their adulthood (Day 1), and at a post-reproductive age (Day 5), when the worms are aged and no longer fertile. A control group of worms were fed a normal diet throughout.

The scientists found that the aged worms given a high-glucose diet lived for 24 days - almost twice the lifespan of the young worms given the same diet (13 days). Worms on a normal diet lived for 20 days.

Aside from living longer, the aged worms on a high-glucose diet were more agile and had more energy storage cells as compared to worms given a normal diet, suggesting healthier ageing.



# This Fork In Time... (...1)

The Industrial Revolution was far more than the invention of the assembly line. It profoundly changed our values, culture, and behaviour. It changed how we saw ourselves, how we measured our effort, what we gave significance to, what we ignored, how we taught and learnt, how we assessed and valued one another and the basis on which we measured success and failure. The Industrial Revolution changed the very basis of self-esteem.



Powerloom weaving in 1835.

#LIFE



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

We are living in a revolution, but it is perhaps not what you may think. Let me explain. We are living today in times that I call, 'Forks in history'. Forking times in history are characterized by turmoil. Epidemics, wars, economic collapse, political instability, civil war and so on. But it is precisely for that reason that the foundations of the structures of society are shaken, and it is given into the hands of ordinary men and women to change the path of destiny. The two World Wars, the First Indian War of Independence, or the Sepoy Rebellion - depending on the historian - in 1857, the American Civil War (1861-65) and others are examples of forking times in history, and we can see what the decisions of those who lived then bequeathed for us. Today it is our time. Let us do differently, so that we leave behind a legacy of honour.

To understand what went wrong, first a bit of history. The Industrial Revolution (1760-1840) was more than moving from handmade to machine-made. It changed three critical things: time of day, family dynamics, and method and content of education. These changes are almost never mentioned but they are far more important than the invention of the assembly line and literally changed our society in ways that one can safely say are irreversible. What are these changes?

### The Industrial Revolution

Prior to 1760 society was mostly agrarian. If you want to see what that was like, I strongly advice a visit to the Amish in Pennsylvania or elsewhere. They are people who have decided not to change. Whether that is for the good or not is for you to decide and I am not going to describe it in detail here because for a proper understanding it is essential to visit an Amish settlement. They welcome visitors and tourism is a source of income for them, so please go and visit them. I can assure you that it will be interesting.

The Industrial Revolution changed the time of day from sunrise to sunset, to shift start and knock off in the factory. Your day could begin at 2.00 AM and end at 2.00 PM. And your night was from 2.00 PM onwards or whatever the shift time was. At least one parent never saw their kids awake. This is also how the latchkey kid was born. A kid with the door latch key on a tape round his neck, who lets himself into an empty house when he gets off the school bus. He/she takes food from the fridge and gives himself over to the TV or now, the mobile phone. It is estimated that in America schoolboys watch an average of four pornographic movies per week. With social media, smart phones, and the internet, I can believe that this is a global phenomenon. Let me leave you to figure out what that means in so many ways. As you can see, it was not only about the time of day but of all that came with it.

The second thing it took away was the primacy and value of parents as being their children's teachers, guides, life skills coaches, and breadwinners. The primacy inspired respect and gratitude for parents. It ensured that values of family, community, culture, and religion were alive and continuously reinforced. Work was divided between men and women and boys and girls learnt different life skills from their mothers and aunts and fathers and uncles. This ensured that the bonds of family were strong and everyone, no matter how old or young had a place and value. Parents were valued as role models. Elderly grandparents were not shunted off to an old people's home and left there to die alone. They had influence in all family decisions, were the repositories of family and community history, customs and traditions and were consulted for their wisdom. Serving them was considered an honour and children were eager to spend time with them and listen to stories which served the dual purpose of entertainment as well as being a powerful means of learning important lessons. To this day I recall with great happiness, my time with my grandparents, more than 55 years ago.

### The Bases Of Self-Esteem

In the post-Industrial Revolution society, there was neither time nor place for the elderly and they became a burden, sent off to be cared for by paid employees. Values of family loyalty, cohesiveness, culture, manners, even family relationships and the privilege and responsibility that came with them, all went out the window. Even family face time became a scarce commodity because of the conflict of work and school times and demands of both places. Homes became de facto hotels where inmates came and went at will.

With the Industrial Revolution parents went to work. Children no longer knew what exactly their parents did, almost never entered the parent's workplace, didn't learn life skills, or culture, tradition, or religion, from parents. They were sent off to a school where one unrelated adult taught 30/40/50 children. He/she taught a set curriculum and inculcated in the children, his/her own values, which sometimes were totally alien to the child's culture and tradition. Religion was no longer intrinsic to their lives but an extra chore, to be done when it couldn't be sidestepped. The idea that religion was a guide for worldly life became alien and foreign.

> Values of family loyalty, cohesiveness, culture, manners, even family relationships and the privilege and responsibility that came with them, all went out the window. Even family face time became a scarce commodity because of the conflict of work and school times and demands of both places. Homes became de facto hotels.

In an agrarian society children learn to work with their hands and with animals and other people and learn social and technical skills which give them confidence. Teenagers are given serious responsibilities that impact their families and communities and earn respect. In the post-Industrial Revolution society, childhood merely gets delayed and 'children' in their twenties are dependent on their parents in multiple ways. The new religion is Modernism which seeks to teach its theories as dogma and fact. It is totally materialistic, hedonistic, and worships desire. To fulfil desire is the ultimate goal of life to which end all effort is directed.

The Industrial Revolution was far more than the invention of the assembly line. It profoundly changed our values, culture, and behaviour. It changed how we saw ourselves, how we measured our effort, what we gave significance to, what we ignored, how we taught and learnt, how we assessed and valued one another and the basis on which we measured success and failure. The Industrial Revolution changed the very basis of self-esteem. Just ask the next young person you meet to name three role models and you will see how the bases of self-esteem have changed

Today as I speak, we have entered another far more pervasive, persuasive, and even more transformational revolution, that of Artificial Intelligence in all its forms. We must remember that ever more subtly and for that reason powerfully, technology is not only about its mechanics but even more about the psychological, even ideological changes it creates. Atheism seems to move hand in hand with technological development. The reason is that it gives mankind the illusion of being all powerful and invincible. Of being immortal even in terms of the things we create, if not by ourselves. We are told that with stem cell technology and gene manipulation we can grow what we like in our bodies to cure disease and prolong life, maybe even indefinitely. Granted, much of this is still in the realm of science fiction, like aeroplanes once were. But like aeroplanes, very soon it will become mundane and normal before we know it.

### The Future

Let me read the menu for you. How about memorizing the Qur'an and learning Arabic in 5 minutes, and that too if you have a bad internet connection? How about traveling to Russia - you are asking why you would do that – or China – same question – or name your country, which is rich in sights to see but where you don't know the language? But here's the twist - how would it be if you knew the language as soon as you land? To quote Prof. Michio Kaku, the author of Hyperspace, which you should read, "As soon as you blink, your contact lenses will connect you to the internet and if you are not feeling well, Robodoc will tell you what's wrong, prescribe medicines which will be delivered to you. If you are in an accident in a foreign country, you will speak to Robolaw on your watch which knows all the laws of all countries and will advise you what to do." He said much more but I will leave it to your imagination and assure you that what is ahead is more than what you can imagine. That is not difficult to understand because imagination is a function of experience. So, get prepared for a world which will turn our society on its head. Final point, I am not talking about the remote future. I am talking about things that already exist and others which will build on them. We already have Robodoc, Watson, GPS, Siri, self-driving cars and so on. Much more will happen and very fast.

*To be continued...*

writetoarbit@rashtradoot.com



The First Indian War of Independence.



The Sepoy Rebellion.



An Amish Settlement.





Smart contact lenses.

#ENERGY

# Why Do Batteries Lose Charge?

Even when your device is completely turned off or the battery is disconnected entirely, as is the case with power tool batteries removed from the tool, it's not truly off on an atomic level.

You charge a tablet or a battery pack for your power drill to 100%, put it in a drawer, and forget about it. The next time you pull it out, the battery is dead. What gives? Here's why batteries don't (and can't) stay charged.

### All Batteries Lose Charge

Before we dig into the different kinds of batteries, let's look at the biggest overarching concept related to this topic.

Energy doesn't want to stay in one place, it wants to move to reach equilibrium. Take the simple example of heating and cooling your home. In the winter, you must continuously add heat as your home releases heat energy into the cooler environment. And in the summer, you must continuously remove heat, fighting against the energy outside your home.

Although we take them for granted, batteries are a bit of a technological miracle. With batteries, we've managed, improbably, to create a system where we can temporarily store electrical energy in a compact container and access it on demand-and, for the most part, it stays put without escaping into the environment.







Even when your device is completely turned off or the battery is disconnected entirely, as is the case with power tool batteries removed from the tool, it's not truly off on an atomic level. The chemical reaction inside the battery that makes the battery possible is still active, albeit in a much more subdued way than when you're actually using the battery.

This continued low-level activity within the battery slowly depletes the stored energy. It's called self-discharge-electrical discharge in the absence of an external load placed upon the battery-and it's unavoidable.

### Different Battery & Different Rates

If you've paid attention to the kind of batteries your different devices use and how often they seem to run down when left off the charger for too long, you've likely noticed that not all batteries are created equal.

While all batteries suffer from self-discharge as a fundamental side effect of their design and, you know, obeying the physical laws that govern the universe, the rate at which they discharge is significantly different. Here are some common rechargeable battery types and how quickly they discharge.

Lithium-ion batteries are the kind of batteries most of us have the most frequent experience with. That's the kind of batteries used in smartphones, smartwatches, tablets, laptop computers, and a wide variety of other consumer electronics like drones, action cameras, Bluetooth speakers, and so on. They're also the kind of batteries found in electric vehicles.

Nickel-metal hydride (NiMH) batteries are rarely used in portable consumer electronics these days but are used frequently in power tools as they cost less than lithium-ion batteries.

Nickel Cadmium (Ni-Cad) batteries are an older technology, now improved upon by NiMH, that was the original portable rechargeable battery type. While the discharge rate was better than NiMH, Ni-Cad suffers from a memory effect and requires more maintenance than NiMH and lithium-ion batteries, making it a less preferred battery type today.

Lead-acid batteries aren't used in portable devices because of their high weight and safety issues stemming from the sulfuric acid bath the lead electrodes sit in. The lead-based design ensures even small lead-acid batteries weigh as much as a modest dumbbell which makes them impractical for anything but stationary applications.

The majority of lead-acid batteries are used for things like automotive starters, off-grid power storage such as you'd use with solar panels and uninterruptable power supplies for computers and other equipment.

### How to Slow Battery Self-Discharge

You can't fully stop batteries from discharging, but you can do one simple thing across all battery types to lower the discharge rate: keep them cool.

Whether you're trying to keep a lithium-ion or NiMH battery topped off longer, do your best to keep the battery cool.

Cool within reason, of course. Don't put your batteries in the freezer (condensation issues taking them in and out of the freezer can cause serious problems for the advanced internal circuitry found in modern rechargeable batteries), but do everything you can to avoid heat.

To do so, you might consider charging and storing your power tool batteries in your cool basement instead of leaving them out in your sweltering detached garage. You'll also want to keep electronics out of hot cars and store them in the coolest part of your home if they won't be in use for a while.

If your batteries are discharging rapidly enough that you practically need to leave them on the charger to ensure they are ready to use when you need them, then it's time to replace them. Batteries degrade over time, even with the best of care, and if a battery is no longer properly holding a charge, it should be recycled and replaced.



THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# खारी में लाठी भाटा जंग : बजरी ठेकेदार के कारिंदे व ग्रामीण हुए आमने-सामने

## आक्रोशित ग्रामीणों ने एक साथ आधा दर्जन गाड़ियों को फूंक दिया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के निकटतर्वी डांगियवास के खारी गांव में आज बवाल हो गया। बजरी ठेकेदार के कारिंदों और ग्रामीणों में जोरदार झड़प के बाद आगजनी की गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने एक साथ आधा दर्जन गाडिय़ों का फूं क दिया। सूचना पर पुलिस अधिकारी, दमकलें वहां पहुंची। झड़प में चार पांच लोग चोटिल हुए है। इसमें एक आरटीआई कार्यकर्ता भी शामिल बताया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र में बजरी लीज को लेकर चल रही बजरी माफियाओं और ठेकेदारों के बीच तनातनी ने आज बवाल का रूप ले लिया और डांगियावास हलका क्षेत्र के खारी गांव में बजरी की लीज के ठेकेदार पार्टी और गांव वाले आमने -सामने हो गए। दोनों के बीच हुई लाठी भाटा जंग के बाद आक्रोशित भीड़ ने मौके पर खड़े ठेकेदार की दो जेसीबी, तीन डंपर, एक कार और बोलेरो कैंपर को आग के हवाले कर दिया। झगड़ा और बलवा की सूचना पर पहले डांगियावास थानाधिकारी कन्हैयालाल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और बाद में उच्चाधिकारी भी अतिरिक्त जाब्ता व फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुटे। मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बन गई।

- **झड़प में चार पांच लोग चोटिल, एक आरटीआई कार्यकर्ता के भी शामिल होने की जानकारी**

डांगियावास हलके के खारी गांव में हाल ही में खनिज विभाग की ओर से बजरी खनन का लीज पट्टा ठेकेदार मेघराज सिंह को दिया गया है। इस ठेके को लेकर ग्रामीण काफी दिनों से आंदोलनरत भी हैं। आज सुबह 11 बजे के करीब खनन क्षेत्र में पहुंचे गांव वालों ने खनन का विरोध करना शुरू किया और इस बीच दोनों पक्ष आमने -सामने हो गए। आक्रोशित भीड़ ने मौके पर बजरी निकालने और परिवहन के लिए खड़े दो जेसीबी और तीन डंपर, एक बोलेरो कैंपर को आग के हवाले कर दिया।

सूचना मिलते ही डांगियावास पुलिस मय जाब्ता मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग -थलग किया। बाद में अतिरिक्त पुलिस जाब्ता लेकर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। लाठी भाटा जंग में घायलों को भी पुलिस और गांव वालों ने पहले निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया और फिर रैफर करने पर एमडीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर जुटे हुए हैं।

डांगियावास थानाधिकारी कन्हैयालाल ने बताया कि झगड़े में गांव में रहने वाले बलदेव, श्यामलाल, महेंद्र सिंह, कमल एवं एक अन्य घायल हुआ है। सभी को एमडीएम अस्पताल भेजा गया है। ज्यादातर के पैरों पर चोटें लगी हैं। बलदेव के पैर फ्रेक्चर हुए हैं।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी को उतारा मौत के घाट

## हत्या को दुर्घटना का मोड देना चाहता था आरोपी पति



108 के चालक व कंपाउंडर शव को ले जाते हुए।

**बान्दनवाड़ा, (निसं)।** नागोला कस्बे के राजकीय अस्पताल के पास बिजयनगर-नागोला सड़क मार्ग पर बने मोड़ के पास चलती बाइक पर पति पत्नी में लडाई हो गई। जिससे असंतुलित होकर बाइक सहित दोनों सड़क किनारे गिर पड़े। आवेश में आए पति ने पत्नी के सिर पर पास में पड़े पत्थर से चार पांच बार वार करके पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। चापानेरी निवासी रामप्रसाद रेगर उसकी पत्नी रियां रेगर के साथ नागोला आ रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के चालक ने मृतक रिया व गिरने से पति राम प्रसाद के आई चोटें के चलते 108 के चालक ने दोनों को भिनाय राजकीय चिकित्सालय पर लेकर पहुचा। आरोपी इस हत्याकांड को दुर्घटना का रूप देना चाहता था। मृतिका के पिता देवलिया कला निवासी मूलाराम रेगर की रिपोर्ट पर मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम शर्मा, मसूदा डिप्टी ईश्वर सिंह, भिनाय थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा मय टीम मौके पर पहुंचकर अजमेर से एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल का जायजा लिया तथा रामप्रसाद से कड़ी पूछताछ के बाद रामप्रसाद ने पत्नी रिया के सिर पर पत्थर से वार कर मौत के घाट उतारना कबूल किया। अवैध संबंध के शक पर दोनों में बाइक पर लड़ाई चल रही थी। मृतिका के पिता की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

- **पति ने पत्नी के सिर पर पत्थर से चार पांच बार हमला कर मौत के घाट उतार दिया**

# फलोदी के व्यापारी से 81 लाख की लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी के राइकाबाग में 11 नवंबर की शाम को एक व्यापारी की स्कूटी के आगे कार लगाकर 81 लाख रूपए लूट मामले का खुलासा करते ग्रामीण पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 40 लाख रूपए बरामद किए गए हैं।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल ने बताया कि राइका बाग में मोक्ष ट्रेडिंग कंपनी के मालिक 60 साल के रमेश कुमार गुलेच्छा उर्फ सेठूजी के साथ हुई लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीमों का गठन किया गया। आज दो मुल्जिमों उदाण्यिों की ढाणी सांवरीज फलोदी निवासी गोरधनराम पुत्र गणपतराम विश्नोई और नरेश कुमार पुत्र पप्पूराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक अन्य आरोपी मालियों का बास पोकरण जैसलमेर निवासी अशोक कुमार पुत्र टीकमराम माली को भी पकड़ा गया। जिला स्पेशल टीम के प्रभारी लाखाराम ने लुटेरों की निशानदेही पर 40 लाख रूपए भी बरामद कर लिए हैं। अन्य अभियुक्तों की पहचान की गई है। जिनकी तलाश की जा रही है।

- **40 लाख रूपए बरामद किए, लूट के रूपए पानी के कैंपर में छुपाए**



फलौदी में हुई लूट के मामले में पुलिस ने अभियुक्तों से चालीस लाख रुपये की राशि बरामद की।

बदमाशों ने लूट की राशि को अपने किराए के कमरे मसूरिया में पानी के कैंपर में छुपा दिए थे। जिसे अब पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसपी ने बताया कि आरोपी अपने वाहन से कच्चे रास्तों से होते हुए बंबोर झंवर पहुंचे। जहां पर राशि का बंटवारा कर लिया। बाद में अपने अपने ठिकानों पर चले गए।

# भूमिहीन लोगों ने की जमीन देने की मांग

**करौली (नि.स.)।** कांदरोली गांव के लोगों प्रेमराज, मेघराज, लाखन, विष्णु, राजेश, रामनारायण, कौशल्या, प्रकाश प्रजापत, फतेह सिंह, घनश्याम, शांति, सोनू, प्रह्लाद मीणा, विमला, राकेश हरिजन, महेंद्र, राम नारायण सहित कई लोगों ने करौली पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन पेशकर बेघर हुए भूमिहीन लोगों को जमीन अलॉट कराकर पट्टे दिलवाने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कांदरोली ग्राम के 1 सितम्बर को एसडीएम, तहसीलदार एवं उनके साथ प्रशासन के कई लोगों द्वारा हमारे बने हुए घर तोड़ दिये। दरअसल ये लोग सरकारी जमीन पर अवैध रूप से रह रहे थे। इन्होंने बताया कि हम गरीब लोग बरगी, प्रजापत, हरीजन जाति के लोग हैं। हमारे 20 परिवार तोड़े गये हैं लगभग 110 लोग बेघर हुए हैं। हमें वहां रहते हुए करीब 60 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। अब हमारे बच्चे बेघर हो गये हैं रहने के लिए कोई स्थान नहीं है।

- **प्रशासन ने एक सितम्बर को करीब 20 परिवारों के घर तोड़ दिए थे**

# मानवाधिकार आयोग ने गैंगरेप के मामले में संज्ञान लिया

**बीकानेर,** जिले के लूनकरनसर क्षेत्र के मलकीसर छोटा में नाबालिक बालिका से हुए दुष्कर्म के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार ने संज्ञान लिया है। आयोग ने डीजीपी एवं बीकानेर पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में रिपोर्ट मांगी हैं।

घटना 8 अक्टूबर की हैं, घटना की रात 12 बजे के करीब पीडिता के पडोसी राजूराम पुत्र सहीराम ब्राह्मण व अन्य 3 लोगो ने मिलकर पीडिता को घर से अगवा करके सुनसान जगह पर ले गये और पीडिता से दुष्कर्म किया था। पीडिता की शिकायत पर 9 अक्टूबर को लूनकरनसर पुलिस थाना में मामले में एफआईआर दर्ज की गई मगर अभी तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई। पीडिता के परिजनों पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत के आरोप लगाते हुए बीकानेर एसपी को भी शिकायत की थी कि उन्हे लगातार आरोपी के परिजन जान से मारने की धमकी मिल रही थी। आयोग ने मामले को राज्य मानवाधिकार आयोग व डीजीपी को उचित कार्रवाई के लिए नोटिस जारी भेजा है। मामले में याचिकाकर्ता अमन खान के अनुसार पीडिता के परिजनों की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार ने राज्य के शीर्ष अधिकारियों व बीकानेर पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्रवाई रिपोर्ट तलब कि हैं व 4 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उपरोक्त प्रकरण को राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग को भी कार्रवाई के लिए भेजा गया हैं।

- **डीजीपी को नोटिस, एसपी से की चार सप्ताह में मांगी घटना की रिपोर्ट**

# खुले आम बिकता है मांस-मछली

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर शहर में खुले रूप से मांस - मछली की बिक्री होने के कारण मांस विक्रेताओं के आस-पास की दुकानों के कुत्ते पूरी तरह से मासाहारी बन चुके जिसके कारण आमजन को पैदल चल पाना दूभर हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सड़को पर बिना किसी इजाजत के खुले रूप से मांस - मछली के टुकडे देखे जा सकते हैं। यह नजारा शहर के बीचों बीच मुमताज अस्पताल की सड़क पर आराम से दिनभर देखा जा सकता है। बिना किसी इजाजत के मांस मछली की दुकानें आराम से संचालित हो रही है। लेकिन आश्चर्य तो इस बात का हैं कि चूरू की नगर परिषद व जिला प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं। जनता की समस्याओं से उनको कोई सरोकार नहीं है। लोगों ने बताया कि आश्चर्य तो इस बात का हैं कि अधिकारी कभी ग्राउण्ड स्तर पर इस बात को ही नहीं आंकते की आखिर शहर के लोग किन समस्याओं को लेकर परेशान हैं।

# पेड़ पर लटकी नाबालिग युवती की लाश मिली

## 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**डूंगरपुर (निस)।** जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र में वेड के जँगल में एक पेड से नाबालिग लडकी मनीषा की लाश लटकी हुई मिली थी।

घटना से आस-पास के इलाके में हडकंप मच गया था। थाने में मृतक नाबालिग के पिता निवासी कोडियागुण फला जैर ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसकी पुत्री मनीषा को दिनेश पिता मगन डामोर से जबरन शादी करवाने के लिए तीन आरोपियों के साथ भगा ले गए थे। चारों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए मृतका के पिता हकरा अहारी ने नामजद रिपोर्ट पेश की है। फिलहाल मृतका की लाश जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखी हुई है। मृतका के परिजनों की मौजूदगी और सहमति के बाद पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही रामसागडा थाना पुलिस करेंगी।

- **नाबालिग के पिता ने जबरन शादी के लिए भगा ले जाने का आरोप लगाया**

# टिकट नहीं देने पर जाट समाज में आक्रोश

**सरदारशहर, (निसं)।** आगामी 5 दिसंबर को होने जा रहे उपचुनाव में दावेदारी प्रस्तुत करने के बावजूद प्रमुख राजनीतिक पार्टियों द्वारा समाज के किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिये जाने पर बड़ी संख्या में उपस्थित समाज के सभी लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक जाटों की जनसंख्या होने के बावजूद जाट समाज के किसी व्यक्ति को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर समाज ने व्यापक रूप से आक्रोश व्यक्त करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की।

प्रो. डीसी सारण की अध्यक्षता में जाट विकास परिषद के भवन में समाज की आयोजित बैठक में सभी वक्ताओं ने कहा कि इस निर्णय से पूरा समाज आहत है। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में रतनगढ़ तहसील की 11 पंचायतों के जाट समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। आगामी चुनाव में समाज द्वारा उठाए जाने वाले संभावित कदमों के बारे में 11 सदस्यों की कमेटी बनाई गई है जो 16नवंबर को सायं 5 बजे तक अपना निर्णय बताएगी।

कमेटी में रतनगढ़ तहसील के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। मीटिंग में वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर व्यापक विचार -विमर्श करने के बाद सौहार्दपूर्ण माहौल में मीटिंग का समापन हुआ। उपस्थित समाज के सभी लोगों ने कमेटी पर निर्णय छोड़ते हुए कहा कि कमेटी जो भी निर्णय करेगी ,समाज उसकी अनुपालना करेगा।

- **विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक जाटों की जनसंख्या होने के बावजूद नहीं दिया टिकट**
- **समाज की आगामी रूपरेखा के लिए 11 सदस्यों की कमेटी बनाई गई**

# दुष्कर्म मामले का आरोपी जमानत पर रिहा

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

आरोपी की तरफ से कोर्ट में बताया गया कि दोनों की शादी हो रखी है और उसके खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज कराया गया। साथ ही इस मामले में पुलिस चालान भी पेश कर चुकी है। दरअसल बांसवाड़ा निवासी एक महिला ने एक युवक के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने इस मामले में युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक की तरफ से हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई।

न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग की कोर्ट में युवक की तरफ से उसके वकील उमेश कल्ला ने बताया कि मामला दर्ज कराने वाली महिला व आरोपी की शादी हो रखी है। उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही किसी प्रकार की जांच लंबित नहीं है। ऐसे में उसे जमानत प्रदान की जाए। दोनों पक्ष सुनने के बाद न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग ने याचिकाकर्ता मोहम्मद आशिक को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# झुंझुनूं को मिली तीन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी

**झुंझुनूं, (निसं)।** प्रदेश के खेल इतिहास में संभवत: ऐसा पहली बार हो रहा है कि वीर प्रसूता झुंझुनूं की धरा पर राज्य स्तर की तीन प्रतियोगिताओं के आयोजन की मेजबानी मिली है। इसके तहत 20 से 24 नवंबर तक समसपुर रोड स्थित विज्डम सिटी झुंझुनूं एकेडमी स्थित की जीवेम स्पोर्टस एकेडमी में बैडमिंटन, लॉन टेनिस व टेबल टेनिस की 66वीं राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाएं होंगी।

इन प्रतियोगिताओं में 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग में छात्र एवं छात्राओं की प्रदेश भर से 33-33 टीमें भाग लेंगी। यानी करीब तीन हजार से अधिक खिलाड़ी, कोच, दल प्रभारी, टीम मैनेजर, रेफरी, खेल अधिकारी एवं अभिभावक इसमें भागीदारी निभाएंगे। जीवेम स्पोर्टस स्कूल के संस्थापक डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि यह जिले का सौभाग्य है कि खेलों की इन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर हमें मिला है। खेलों को लेकर झुंझुनूं में जिस तरह की आधुनिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं जुटाई जा रही है, यह उसी का नतीजा है। स्कूल के निदेशक आकाश मोदी और मैनेजर अरविंद गुंसारिया ने बताया कि 20 नवंबर को विज्डम सिटी के मैदान पर बनाए गए विभिन्न कोर्ट में इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन होगा।

इसके आयोजक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर और जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय झुंझुनूं हैं तथा संयोजक का दायित्व जीवेम स्पोर्टस स्कूल को सौंपा गया है। जो महत्ती जिम्मेदारी है। मोदी ने बताया कि झुंझुनूं में इस तरह के प्रदेश स्तरीय आयोजन से न केवल झुंझुनूं का महत्व बढ़ा है। बल्कि यहां के खिलाड़ियों के मन में भी उत्साह और उमंग का माहौल है।

झुंझुनूं एकेडमी के प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का आगमन 19 नवंबर से ही शुरू हो जाएगा। खिलाड़ियों, उनके साथ आने वाले टीम मैनेजर व अन्य लोगों के आवास, भोजन व शहर में यातायात की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# चौदह कार्मिकों को नोटिस जारी किया

**हिण्डौन सिटी (निस)।** उपजिला कलेक्टर सुरेश कुमार हरसोलिया ने मंगलवार को पंचायत समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी, सहायक अभियंता सहित विभाग के 14 कार्मिक नदारद मिले। समिति सभागार में उपजिला कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण से हड़कप मच गया।

इस दौरान उपस्थिति पंजिका पर नदारद कार्मिकों की उपस्थिति दर्ज नही मिली। पंचायत समिति के आकस्मिक निरीक्षण में नदारद मिले कार्मिकों को उपजिला कलेक्टर कार्यालय से कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उन्होंने बताया सुबह 10.30 पर पंचायत समिति का निरीक्षण करने पहुंचे जिसमें जेटीए ललित गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, एलडीसी हरिओम डागुर, लेखाधिकार देवीसिंह, ग्राम विकास अधिकारी कप्तान सिंह, प्रभुदयाल, राजेन्द्र जाटव, भवानी शंकर शर्मा, सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर प्रसाद, सहायक अभियंता रामचन्द्र स्वामी, कनिष्ठ अभियंता विजेंद्र कुमार और प्रगति प्रसार अधिकारी अंतेश मीणा को अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया है।

# जेईई मेन का फैक नोटिस जारी हुआ

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन जिसके माध्यम से 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी, 36 जीएफटीआई की 50 हजार से अधिक सीटों पर प्रवेश मिलता है। इस परीक्षा की परीक्षा तिथियों एवं आवेदन से सम्बन्धित जानकारी का लाखों स्टूडेंट्स को बेसब्री से इन्तजार है।

अभी तक जेब एवं एनटीए द्वारा जेईई मेन से सम्बन्धित कोई जानकारी जारी नही की गई है। उधर, इस नोटिस का नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के डायरेक्टर जनरल विनित जोशी ने खंडन भी किया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया की जेईई मेन की तिथियों एवं आवेदन से सम्बन्धित एक झूठा नोटिस जारी हुआ है जिसके अनुसार जेईई मेन परीक्षा दो सेशन में जनवरी व अप्रैल में संपन होने जा रही है एवं झूठे नोटिस के अनुसार पहला सेशन 18 से 23 जनवरी के मध्य एवं दूसरा सेशन अप्रैल में 4 से 9 अप्रैल के मध्य बताया गया है साथ ही आवेदन की तिथियां 16 नवंबर से 31 दिसम्बर के बीच बताई गयी है परन्तु अभी तक जेईई मेन और एनटीए की वेबसाइट पर ऐसी कोई जानकारी जारी नहीं की गयी है।

जेईई मेन की वेबसाइट 3 सितम्बर के बाद अपडेट ही नहीं हुई है। स्टूडेंट्स को सलाह दी जाती है की वो ऐसी जूठी खबरों पैर विशवास ना करे और जेईई मेन व एनटीए की वेबसाइट पर ही सभी सही जानकारी प्राप्त करे।

# रोडवेज बस को ट्रेलर ने टक्कर मारी, छह यात्री घायल

## हादसे में एक गोवंश की मौत, मौक़े पर यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**मांडलगढ, (निसं)।** कोटा-चित्तौडगढ नेशनल हाइवे सडक मार्ग 27 पर लाडपुरा के पास मंगलवार प्रात: एक हादसा हुआ। कोटा से जोधपुर जा रही एक रोडवेज बस को पीछे तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में रोडवेज में सवार 6 यात्री घायल हो गए। जिसमे 4 यात्रियों को गम्भीर चोट आने पर मांडलगढ के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया हैं। हादसे में रोडवेज की चपेट में आने से एक गोवंश की मौत हो गई।

रोडवेज बस चालक ने बताया कि सडक पर आंगनबाडी केंद्र पर सप्लाई किया जाने वाला फोर्टिफाइड आटा बिखरा पडा था। जिसे गोवंश का झुंड खा रहा था। सडक पर गोवंश झुंड को देख रोडवेज चालक ने बस के ब्रेक लगाए। इस दौरान तेज रफ्तार से पीछे आ रहे मार्बल से भरे ट्रेलर ने रोडवेज बस को टक्कर मार दी।

हादसे में बिजौलियां क्षेत्र निवासी नरेश धाकड, सीता देवी खटीक, रामलाल भील व दीपा लाल गम्भीर घायल हो गए। ट्रेलर की टक्कर से रोडवेज बस में सवार अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। इस हादसे में बस की चपेट में आने से आने से एक गाय की मौके पर मौत हो गई और 2 अन्य गोवंश गम्भीर घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर रोडवेज में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। मांडलगढ थाना पुलिस, लाडपुरा चौकी पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को मांडलगढ के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया हैं।



मांडलगढ़ के पास लाडपुरा में हाइवे पर ट्रेलर की टक्कर से रोडवेज बस क्षतिग्रस्त हो गई।

## संक्षिप्त

### कार अनियंत्रित होकर पलटी

**मंडावरी, (निसं)।** थाना क्षेत्र के पक्का धोरा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज गति से आ रही एक कार चालक द्वारा स्पीड ब्रेकर आने पर ब्रेक लगाने के बाद ब्रेक डिस्क टूटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंडावरी से लालसोट की ओर जा रही कार चालक द्वारा पक्का द्वारा स्ट्रीट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्य को धीमी करने के लिए ब्रेक लगाए गए। जहां कार चालक द्वारा ब्रेक लगाने के साथ ही ब्रेक डिस्क टूट कर दो टुकड़ों में विभाजित हो गई। ब्रेक डिस्क दो टुकड़ों में विभाजित होने के कारण ब्रेक डिस्क कार के टायरों में फस गई। वहीं मौके पर मौजूद लोगों द्वारा चालक को गाड़ी से बाहर निकाला।

### नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**सांभरझील, (निसं)।** यहां अग्रवाल धर्मशाला में शंकरा आई हॉस्पिटल एवं जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के सहयोग से बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी बिहारीलाल खौडवाल की स्मृति में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच व चिकित्सा शिविर लगाए जाएगा। शिविर के आयोजन करता रिटायर्ड आईएएस पी सी अग्रवाल ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 9:00 से दोपहर 1:00 बजे तक होगा जिसमें आने वाले मरीजों की आंखों की जांच करने के पश्चात ऑपरेशन योग्य पाए गए सभी मरीजों को शंकरा आई हॉस्पिटल की तरफ से जयपुर ले जाया जाएगा।

### पंचायतीराज मंत्री 16 को अलवर में

**अलवर।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री रमेश चन्द मीना 16 नवम्बर को प्रात: 10 बजे प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में राजीविका की महिलाओं के साथ समूह संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे जिला परिषद सभागार में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक लेंगे।

### कमल प्रदेश महासचिव बने

**निवाई, (निसं)।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा राजस्थान की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनीष भरगढ़ ने कमल गुर्जर निवाई टोंक को प्रदेश इकाई में महासचिव बनाया गया है।

# ‘7 दिन में अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्यवाई की जायेगी’

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्र के तालेड़ा जमात में नगरपालिका के नाम खसरा भूमि में हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर न्यायालय में चल रहे मामले में अवैध अतिक्रमण पर कभी भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण की रोकथाम को लेकर अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका कार्मिकों एवं आधिकारिक



लालसोट नगर पालिका सभागार में अतिक्रमण संबंधी मुद्दे को लेकर आयोजित कार्मिकों की बैठक को अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने संबोधित किया।

- **न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बाद भी हो रहा है अवैध निर्माण**

एक बैठक ली गई। मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने ज्बताया कि तालेड़ा जमात के दादूपंथी समाज तालेडा जमात लालसोट द्वारा प्रस्तुत परिवाद संम्बत 2072-75 में खसरा नं. 4174/247 रकबा 0.10 बिस्वा गै. मु. आबादी ख.नं. 4175/247 11.18 बीघा में मु. आबादी ख.न. 4176/251 रकबा 0.18 बीघा गै. मु. आबादी ख.न. 4177/ 251 रकबा 1.18 बीघा में मु. आबादी ख.न. 4178/251 रकबा 6.09 बीघा गै. मु. आबादी नामान्तकरण सं. 4893 दिनांक 12 अक्टूबर 2021 से नगर पालिका लालसोट के नाम दर्ज है। उक्त खसरा नम्बरो पर राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ में 314/2015 मामला विचाराधीन है। वर्तमान में जो कार्य निर्माणाधीन है वह अतिक्रमण की श्रेणी में है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जिसे स्वयं 7 दिवस के अन्दर हटा ले अन्यथा नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जावेगी। जिसका समस्त हजा खर्चा संबंधित से वसूल किया जावेगा।

गौरतलब है कि नगरपालिका के नाम खसरा भूमि पर लोगों द्वारा न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बाद भी अवैध निर्माण किया जा रहा है। वही नगरपालिका के अवैध अतिक्रमण को लेकर सक्रिय होने के बाद भू माफियाओं की नींद उड़ी हुई है। अधिशासी अधिकारी चौधरी द्वारा अवैध अतिक्रमण से जुड़े मामलों को लेकर नगरपालिका के सभी अधिकारी कर्मचारियों को क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण पर निगरानी रख उसकी तुरंत रिपोर्ट उनके समक्ष करने के निर्देश दिए गए।

## पेंशन योजना में वार्षिक सत्यापन प्रारम्भ

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित एवं राज्य सरकार की स्टेट फ्लैगशिप योजनान्तर्गत सामाजिक सुरक्षा के पेंशनर्स अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन नजदीकी ई-मित्रा कियोस्क पर जाकर करवाए, सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बताया कि पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनर्स अपने नजदीकी ई-मित्रा कियोस्क पर जाकर बॉयोमेट्रिक मशीन के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से कराए। उन्होंने बताया कि ई-मित्रा प्लस मशीन जिले की सभी ग्राम पंचायतों पर उपलब्ध है जिसमें भौतिक सत्यापन की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन के अभाव में माह नवम्बर 2022 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नही किया जावेंगा। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत कुल 4 लाख 61 हजार 749 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है। वर्तमान में 4 लाख 265 पेंशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है।

## सार-समाचार

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस मनाया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** आंगनबाड़ी पाठशाला पीएचडी बराल्या हांसपुर में शक्ति दिवस का आयोजन किया गया।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन शर्मा द्वारा बताया गया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों के लिए आयरन सिरप 1 सप्ताह में दो बार पिलाई जावे, 5 वर्ष से 9 वर्ष के बच्चों के लिए एक गुलाबी गोली ,10 से 19 वर्ष के बच्चों के लिए एक नीली गोली सप्ताह में एक बार भोजन के बाद खिलाई जावे ।विटामिन सी युक्त से शरीर में आयरन का बेहतर समावेश होता है ।पहला सुख निरोगी काया ।यदि थकान महसूस हो काम में ध्यान न लगे सांस फूलने लगे तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एनीमिया की जांच अवश्य करवाएं एवं उपचार लेवे ।आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन की और गोली खिलाई गई ।शक्ति दिवस कार्यकर्ता सुमन शर्मा ,सहायिका सुनीता सैनी ,आशा शकुंतला ,मेवा सैनी मोनिका सैनी ,अनीता जोधा ,नाती देवी, भारती सैनी, मीनू सैनी ,टीना जांगिड़ एवं पपीता सैनी सहित अनेकों ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित हुए।

### अधिशाषी अधिकारी का चार्ज संभाला



**नरैना, (निसं)।** नरैना नगरपालिका में सोमवार को अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज राकेश शर्मा ने संभाला। चार्ज संभालने पर कस्बेवासियों ने राकेश शर्मा का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉक्टर पुखराज स्वामी, सुनिल पारिक, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नटवर पारिक, बस स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, राकेश बोहरा, भंवर सैनी, सीताराम भारद्वाज, ओमप्रकाश नावरिया, संजय टांक, जावेद भाटी, रामप्रसाद शर्मा, बबलू जोगी, महेंद्र तेजी, छीतर जाट सहित कस्बेवासी मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आज से

**सांभरझील, (निसं)।** देवयानी तीर्थ स्थल स्थित श्रीजी महल में 16 नवंबर से तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होगा। बताया गया कि अनुरक्त भक्ति कामना से जीव मात्र के कल्याण के लिए आयोजित श्री रामार्चन महायज्ञ में बुधवार को प्रात: 11:15 हनुमत ध्वज स्थापना, मंडप निर्माण, तीरथ देवताओं का आव्हान, हनुमत पीठ पूजन, रामार्चन महिमा प्रवचन वह रामनाम संकीर्तन होगा।

## 1 करोड़ 48 लाख की लागत से बनेंगे खेल मैदान

**पावटा, (निसं)।** ग्रामीण क्षेत्र में खेलों का स्तर बेहतर हो इसको लेकर राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक पंचायत मुख्यालय पर खेल मैदान का निर्माण करवाया जा रहा है।

- **तुलसीपुरा, लाडाकाबास, बडनगर ग्राम पंचायतों में होगा निर्माण**

जिसके तहत पावटा पंचायत समिति की तुलसीपूरा, लाडाकाबास, बडनगर ग्राम पंचायतों में विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा व प्रयासों से करोडों की लागत से खेल मैदानों का निर्माण होगा। जिसके बाद खिलाडियों को इन खेल मैदानों पर बेहतर सुविधा मिलेगी। विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि गांवों में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा नहीं मिलने के कारण व राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना हुनर नहीं दिखा पाते हैं। इसको लेकर राज्य सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय में मनरेगा योजना के तहत खेल मैदान का निर्माण करवाने का निर्णय लेते हुए ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मांगे। जिसके तहत राज्य सरकार की ओर से वित्तीय स्वीकृति जारी कर निर्माण कार्यों को शुरू करवाया जा रहा है। वहीं पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तुलसीपुरा में 49.90 लाख, लाडाकाबास में 49.98 लाख, बडनगर में 48.22 लाख लागत से खेल मैदानों के निर्माण को स्वीकृति जारी हो गई है।

वहीं पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी ने कहा कि खिलाडियों को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए पावटा पंचायत समिति की तुलसीपूरा, लाडाकाबास, बडनगर ग्राम पंचायतों में पंचायत खेल मैदान का निर्माण करवाया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अंचल में खेलों का स्तर सुधरने के साथ खिलाडियों को खेल मैदान पर बेहतर सुविधा मिल सके।

## आचार्य इंद्रनंदी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश

**फागी, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार को आचार्य इंद्रनंदी महाराज, मुनि क्षमानंदी महाराज ससंघ का प्रात: 9 बजे भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त संघ डिग्गी कस्बे में पावन वर्षायोग 2022 में धर्म प्रभावना बढ़ाने के बाद चौसला, निमेडा होता हुआ आज फागी कस्बे की सीमा पर पहुंचा जहां पर सारे जैन समाज ने बैंड बाजा के द्वारा संघ की भव्य आगवानी की तथा उक्त सघ को जयकारों के साथ नगर भ्रमण कराते हुए पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के संत भवन में पाद प्रक्षालन ,आरती करके ठहराया, गोधा ने बताया कि इससे पूर्व उक्त संघ आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ जैन मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दर्शन करता हुआ यहां पहुंचा।



फागी में आचार्य इंद्रनंदी महाराज, मुनि क्षमानंदी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

पार्श्वनाथ मंदिर में आचार्य ने श्रावकों को संबोधित करते हुए बताया कि मनुष्य जन्म बहुत दुर्लभ है ,धर्म, सेवा ,दान ,पुण्य परोपकार के कार्य करते हुए अनमोल मानव जीवन को सार्थक बनाएं, तथा मनुष्य को देव, शास्त्र, गुरु की भक्ति में लीन रहकर स्वाध्याय करने से अज्ञान का नाश व ज्ञान की वृद्धि होती है तथा मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

उक्त कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध फूलचंद गिंदोडी,समाज सेवी कैलाश कलवाड़ा, मोहन लाल झंडा, सोहन लाल झंडा, नेमीचंद कागला, अग्रवाल समाज के निवर्तमान अध्यक्ष रामस्वरूप मंडावरा,केलास पंसारी,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा सहित सारे श्रावक श्राविकाओं ने सहभागिता निभाते हुए पुण्यार्जन प्राप्त किया।

**नगर निगम ग्रेटर, जयपुर** (पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर) आयोजना प्रकोष्ठ

क्रमांक : एफ-13 () उपा.आयोजना/जननि./2022/519 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांक : 15.11.2022

विषय : राजस्थान नगर पालिका (भू-उपयोग परिवर्तन) नियम 2010 के नियम 4 (1) के अन्तर्गत आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति।

नगर निगम, जयपुर में निम्न वर्णित भूखण्ड धारक ने कॉलम 4 में वर्णित मास्टर विकास योजना 2025 (जयपुर रीजन) में निर्धारित भू-उपयोग का कॉलम 5 में वर्णित भू-उपयोग हेतु आवेदन किया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम, भूखण्ड संख्या योजना का नाम | भूखण्ड का क्षेत्रफल व उपयोग | मास्टर प्लान (2025) अनुसार भू-उपयोग | आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | श्रीमती गीता चौधरी भू.सं. 182, डॉक्टर्स कॉलोनी, जयपुर | 500.00 व.ग. (आवासीय) | मिश्रित | मिश्रित |

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की अवधि तक अपनी आपत्ति/सुझाव कारणों सहित नगर निगम जयपुर के आयोजना शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

महेन्द्र सोनी (IAS), आयुक्त नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

# ‘हर महिला अपने स्वास्थ्य के लिए जागरूक हो’

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** प्रयास फाउंडेशन के अभियान-‘ छोड़ो लाज खुलकर करो बात’ को लेकर चौंमू उपखण्ड के ग्राम गोविन्दगढ़ में स्थित ब्राइटमून कॉलेज में महिला जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज की लगभग 22 सौ छात्राओं और 50 कॉलेज के स्टाफ की उपस्थिति में डॉ शिखा मील बराला ने बताया कि मासिक धर्म महिला शरीर की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिस से जुड़ी भ्रांतियां दूर करनी होगी। सभी ने इस अभियान की सराहना की व समाज में इसकी जरूरत बताई। डॉ शिखा मील बराला ने कहा कि हर महिला अपने स्वास्थ्य के लिए जागरूक हो मासिकधर्म परिपूर्ण नारी की पहचान है उन्होंने बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को पहचानें, जो महिला उत्थान में आड़े आती हैं एक देश हमेशा ही अपने यहां की महिलाओं से सशक्त बनता है। इस अवसर पर निदेशक ओ पी धांसिल, प्राचार्य डी के शर्मा, कृष्ण बी, एड कॉलेज की प्राचार्या डॉ ममता मीणा सहित कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थी।



प्रयास फाउंडेशन के अभियान ‘ छोड़ो लाज खुलकर करो बात’ को लेकर ब्राइटमून कॉलेज में महिला जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया।

## ढाई लाख का सामान चोरी

**निवाई, (निसं)।** सोमवार की रात गांव झिलाय के खिडग़ी की मोड़ी स्थित एक बैटरी की दुकान से चोर 45 नई पुरानी बैटरीयों सहित करीब ढाई लाख रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। समीप के स्कूल में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे के अनुसार चोर एक घंटे में सारा सामान गाड़ी में भरकर ले गए। झिलाय गांव निवासी पीड़ित फारुख मंसूरी ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार की देर शाम दुकान बंद करके घर चला गया था।

मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे पड़ोसी दुकानदार ने उसकी दुकान का शटर ऊंचा उठा हुआ और अंदर एक गाय को खाली कार्टून खाता देखा। जिस पर उसने देखा तो उसे दुकान के अंदर का सामान भी बिखरा हुआ था। जिसकी जानकारी उसको को दी। सूचना पर फारुख ने दुकान जाकर संभाला तो उसे बैटरीयों, दो बड़े चार्जर, अल्टरनेटर आर्मेचर, दो बड़े जैक सहित करीब ढाई लाख रुपए का सामान गायब मिला।

## तीन दिवस में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** सरकारी रास्तों पर दुकानों के बाहर अस्थाई-स्थाई अतिक्रमण करने वालों को नगर पालिका ने रिक्शे से प्रचार कराकर तीन दिवस के अंदर हटा लेने की चेतावनी दी है।

- **3 दिन प्रचार और 3 दिन की मोहलत**

चेतावनी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी है कि 3 दिन कब से काउंट किए जाएं जिस दिन से प्रचार शुरू हुआ है या फिर प्रचार जिस दिन बंद कर दिया जाएगा। पालिका की ओर से लगातार रिक्शे से प्रचार करा कर तीन दिवस की चेतावनी दी जा रही है।दूसरी ओर अभी हाल में नगर पालिका ने गंज रोड नाले पर बने दुकान मकानों को सरकारी गैर मुमकिन रास्ते पर मानते हुए कलेक्टर से पट्टे निरस्त किए जाने की सिफारिश कर रखी है।

इसलिए पालिका की ओर से कराए जा रहे प्रचार के अनेक मायने निकाले जा रहे वहीं गंज रोड पर दुकान मकान मालिकों की धड़कन और तेजी से बढ़ने लगी है। क्योंकि अस्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहिम तो पालिका ने करीब सप्ताह भर पहले से शुरू की हुई है।

पालिका की ओर से स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को लेकर रिक्शे से कराए जा रहे प्रचार में पालिका ने तीन दिवस में हटा लेने की चेतावनी तो दी है लेकिन तारीख निश्चित नहीं की है। ईओ महेश गुर्जर का इस संदर्भ में कहना है कि प्रचार 3 दिन तक किया जाएगा। प्रचार बंद होने के 3 दिन बाद तक अगर अतिक्रमण नहीं हटाया तो पालिका की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

गंज रोड के सवाल पर अधिकारी का कहना है कि गंज रोड का मामला जिला कलेक्टर के यहां विचाराधीन है। मार्गदर्शन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांकः नपाश्रीमा/2022-23/4566-67 दिनांकः 14/11/2022

**आपत्ति आमंत्रण-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार व्यावसायिक भवन निर्माण स्वीकृति की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र.सं. | नाम पत्रावली | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कविता देवी पत्नि श्री अशोक कुमार सैनी श्रीमती चन्द्राकला देवी पत्नि श्री सुनिल कुमार सैनी श्रीमती अनिता देवी पत्नि स्व. श्री विजय कुमार वार्ड नं. 20 सुराणी बाजार श्रीमाधोपुर | 35.11 वर्गमीटर | व्यावसायिक भवन निर्माण स्वीकृति |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 07 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत पटवारी का बास, पंचायत समिति खण्डेला (सीकर) राज.**

क्रमांकः ग्रा.प./सामग्री/निविदा/2022-23/89-90 दिनांकः-09.11.2022

**ई-उपापन निविदा सूचना संख्या 02-03/2022-23**

ग्राम पंचायत पटवारी का बास पंचायत समिति खण्डेला वित्तीय वर्ष 2022-23 में महानरेगा योजना एवं अन्य सभी विकास योजनाओं में करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु खुली प्रतियोगी बोली के माध्यम से दर संविदा हेतु ई-उपापन द्वि-प्रकमी बोली आमंत्रित की जाती है। एवं सी.सी.ब्लॉक निर्माण के कार्य को सम्पादित करने हेतु तीन/दो वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी के साथ उपर्युक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। राजस्थान वेट अधिनियम 2003 एवं जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अन्तर्गत पंजीकृत/प्राधिकृत एवं अनुभवी विनिर्माता, थोक विक्रेता एवं अधिकृत डिलर्स एवं फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये मान्य होगी। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। उक्त कार्य के NIB Code-PIT2223A0067, PIT2223A0068 एवं कार्य के UBN NUMBER-PIT2223GLRC00077, PIT2223WSOB00078 है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पटवारी का बास, प.स. खण्डेला

संरपच, ग्राम पंचायत पटवारी का बास, प.स.खण्डेला

## जनजाति गौरव दिवस सप्ताह शुरू

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय एकलव्य मॉडल बालिका स्कूल में मंगलवार को जनजाति गौरव दिवस सप्ताह शुभारंभ हुआ। व्याख्याता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सकारात्मक सोच के फल स्वरूप बिरसा मुंडा जयंती को पहली बार जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया है। जिसके उपलक्ष में स्थानीय विद्यालय में जनजाति गौरव दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया। जनजाति गौरव दिवस सप्ताह का शुभारंभ प्रधानाचार्य रामचरण मीणा, बाल संसद की प्रधानमंत्री करीना मीणा, सांस्कृतिक प्रभारी सुषमा अग्रवाल व सह प्रभारी सीता मीणा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। प्रधानाचार्य रामचरण मीणा ने बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रवि मनावत, अंकिता मीणा, गिर्राज शर्मा, रामकेश गुर्जर, मंजू मीणा, संतरा बैरवा, उमा वैष्णव, सीमा मीणा, हंसराज मीणा, संपत मीणा, लालचंद रेगर, दीपक सेन, सत्येंद्र राजावत, गोपीकृष्ण पारीक, उर्वशी शर्मा, रामबाबू पारीक, वार्डन रंजीता तवर सहित कई शिक्षक व छात्राएं मौजूद थे।

# समर्थ बच्चों ने गरीब बालकों को कपड़े वितरित किये

**खैरथल, (निसं)।** इंद्रा हैप्पी सीसै.स्कूल खैरथल द्वारा पिछले 40 वर्षों से 14 नवंबर को बाल दिवस पर भव्य बाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस बार समर्थ बच्चों द्वारा दुर्बल बच्चों को हर संभव मदद करने का अनुकरणीय क़दम बढ़ाया है।

इस बार बाल मेला के दो दिवसीय कार्यक्रम में सोमवार व मंगलवार को समर्थ बच्चों ने बाल मेला के बाद परोपकारी भावना का जीवंत प्रशिक्षण लिया। जिसमें अन्न और धन की बर्बादी रोकने के लिए उन्हें भौतिक सत्यापन करने का अवसर मिला।

संस्था के निदेशक पंकज खुराना ने कहा कि स्कूल के संस्थापक डॉ एम.पी.खुराना द्वारा करीब पांच दशक पूर्व किशनगढ़बास से खैरथल आकर सेवा की भावना से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं सभी विषयों के अध्ययन की सुविधा देने के उद्देश्य से स्थापना की थी।



खैरथल के एक निजी स्कूल में गरीब बच्चों को कपड़े बांटे।

- **बाल मेला लगाने वाले स्कूल की अनूठी पहल**

खैरथल के सिवाना रोड पर स्थित इंदिरा हैप्पी स्कूल अपने नवीनतम आयामों की प्रस्तुति की श्रंखला में इस बार बाल दिवस संबल बच्चों द्वारा जरूरतमंद बच्चों को हर संभव मदद करने के संकल्प के साथ कच्ची बस्ती में छोटे-बड़े बच्चों को ऊनी व सूती वस्त्र वितरण किए गए।

इस अनुकरणीय उदाहरण में निदेशक पंकज खुराना, प्राचार्य डॉ ज्योति खुराना, पारुल तिवारी ,नीलू शर्मा ,महिमा शर्मा, नीता गुप्ता, मंजू गुप्ता, पूनम, पूजा सेन ,रजनी, ऐश्वर्या आदि की सोच और परिश्रम सराहनीय रही है जबकि समाजसेवी किसान नेता टिल्लू शर्मा,सुरेश गुर्जर व दीपेश शर्मा आदि ने सहयोग किया।

अगले कदम में उनके विद्यालय के संपन्न विद्यार्थियों द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले निर्बल बच्चों को पाठ्य सामग्री,ऊनी जर्सियां व शूज़ आदि आवश्यक सामग्री सुलभ कराने पर प्रयत्नशील है जिसमें भामाशाह अभिभावकों को भी जोड़ने पर प्रयास किए जा रहे हैं। मंगलवार को समापन अवसर पर बड़े बच्चों ने गुरुजनों के सानिध्य में विभिन्न सरकारी स्कूलों में भ्रमण कर जरुरतमंद बच्चों की जानकारी को पंजीबद्ध करने का काम शुरू किया।

## युवक की संदिग्ध मौत

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** थाना क्षेत्र के टोरडा ग्राम में एक युवक पप्पू लाल बैरवा की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों द्वारा उसकी हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

युवक की मौत को लेकर मृतक युवक के परिजनों द्वारा घटनास्थल पर जमकर हंगामा किया गया इसके बाद सूचना पर मौके पर पहुंची रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस द्वारा परिजनों से समझाइश कर मृतक युवक पप्पू लाल के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित मुर्दाघर लाकर रखवाया गया। वहीं मृतक के परिजनों द्वारा आरोप लगाते हुए कहा गया कि वह एक व्यक्ति के पास मजदूरी का कार्य किया करता था एवं उस व्यक्ति द्वारा मजदूरी नहीं देने के चलते दोनों के आपस में अनबन चल रही थी। मृतक युवक के परिजनों द्वारा आरोप लगाते हुए कहा कि युवक पप्पू लाल को आरोपी द्वारा घसीट घसीट कर मारपीट की गई थी इसके चलते युवक की मौत हुई है। वहीं पूरे मामले को लेकर थाना अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया मृतक की युवा पप्पू लाल की मौत किसी वाहन से गिरने से होना सामने आ रहा है।

**SBI** भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय तल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302004, ई-मेलः sbi.18184@sbi.co.in, फोनः 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

''परिशिष्ट-IV क'' {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी **मैसर्स बालू राम काना राम, प्रोपराईटर श्रीमती पांची देवी पत्नी श्री राम कुंवर मीणा** को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित/बन्धक है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर (राजस्थान) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, प्रतिभूत लेनदार द्वारा **''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'', ''जितनी भी उपलब्ध है'' और ''दायित्व रहित''** के आधार पर **दिनांक 20.12.2022** को बेचा जायेगा। **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर (राजस्थान), प्रतिभूत लेनदार के बकाया राशि रू. 57,80,026.31 (रूपये सतावन लाख अस्सी हजार छब्बीस एवं पैसे इकतीस मात्र)** दिनांक **13.12.2021** को बकाया एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे इत्यादि अतिरिक्त जो कि **मैसर्स बालू राम काना राम, प्रोपराईटर श्रीमती पांची देवी पत्नी श्री राम कुंवर मीणा** से संबंधित है। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि निम्न तालिका अनुसार होगी। अग्रिम राशि बैंक/एमएसटीसी की वैब साइट पर दी गई प्रकिया अनुसार ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

| अचल संपत्ति का ब्यौरा | आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|
| श्रीमती पांची देवी पत्नी श्री राम कुंवर मीणा के नाम साम्यिक बंधक व्यावसायिक सम्पत्ति जो दुकान नं. सी-8, ब्लॉक-एस, कृषि उपज मंडी परिसर, बस्सी, जिला जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसकी साईज 20.6' X 61', कुल क्षेत्रफल 138.94 वर्गगज है। सीमाएं- पूर्वः प्लेटफार्म एवं रोड़ 60', पश्चिमः रोड़ 80', उत्तरः दुकान नं. सी-9, दक्षिणः दुकान नं. सी-7, सरसाई आईडी नं.: 200056850684 | रू. 39,10,000/- (रूपये उनतालीस लाख दस हजार मात्र)<br>रू. 3,91,000/- (रूपये तीन लाख इक्यानवे हजार मात्र) | दोपहर 12:00 से सांय 04:00 बजे तक |

इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के पास प्री-बिड ईएमडी की राशि ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कर सकते है। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का केडिट दिया जाएगा। इन कार्यवाहियों को अद्यतन/अपडेट होने में बैंकिंग प्रकिया के अनुसार कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि पर्याप्त समय रहते जमा करें।

अन्य ऋण भार : ज्ञात नहीं

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए, कृपया नीचे दिए गए **भारतीय स्टेट बैंक,** प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others तथा https://ibapi.in/Sale_Info_Home.aspx पर देखें।

दिनांकः 15.11.2022 स्थानः जयपुर (राज.) प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

## संक्षिप्त

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 17 को

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के नारनौल रोड पर स्थित द्रोण डिफेंस एकेडमी द्वारा मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की डॉक्टर टीम के माध्यम से 17 नवंबर को हेल्थ कैंप का आयोजन करके ब्लड प्रेशर, शुगर तथा ईसीजी की सुविधा सहित एक निशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा जिसमें क्षेत्र के कोई भी मरीज पहुंचकर कैंप का लाभ उठा सकते हैं। गौरतलब है कि 17 नवम्बर को आयोजित होने वाले इस शिविर में डिफेंस एकेडमी बहरोड़ और मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम द्वारा फ्री हेल्थ कैंप की सेवा प्रदान की जाएगी।

### भैरोजी महाराज का जन्मोत्व आज

**रींगस, (निसं)।** रींगस नरेश भैरोजी महाराज का बुधवार को जन्मोत्सव मनाया जायेगा। रात को भव्य दीपदान महोत्सव का आयोजन होगा। युवा विकास मंच के अध्यक्ष घासीराम कुमावत ने बताया की पिछली बार भैरवाष्टमी पर गोविन्द शर्मा ने दीपदान शुरू करवाया था। इस बार फिर से आमजन इस परम्परा को आगे बढायेंगे तथा हजारों दीपदान करेंगे। दीपदान की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वही भैरोजी महाराज का भी भव्य श्रृंगार किया जायेगा। भैरू बाबा मंदिर कमेठी ने भी अनेक तैयारियां कर ली है।गौरतलब है कि भैरवाष्टमी को रात को अनेक लोग हवन पूजा अर्चना करवाते है।

### पूर्व राज्यपाल मलिक आज कोटपूतली में

**कोटपूतली, (निसं)।** पश्चिमी बंगाल, गोवा व मेघालय के पूर्व राज्यपाल चौधरी सत्यपाल मलिक बुधवार को कोटपूतली आयेंगे। आपको बता दें कि मलिक किसान आन्दोलन के दौरान केन्द्र सरकार के विरूद्ध दिये गये अपने बयानों को लेकर चर्चित रहे है। राज्यपाल पद से कार्यकाल पूर्ण होने के बाद वे पुनः किसान राजनीति की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में उनका राजस्थान दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान मलिक का जगह-जगह स्वागत किया जायेगा।

### आवेदन का अन्तिम अवसर

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में स्नातक पार्ट द्वितीय में रिक्त रहे स्थानों पर प्रवेश देने के लिए स्वयंपाठी विद्यार्थियों से ऑफलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में आवेदन किया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 19 नवम्बर है। पात्र विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन 21 नवम्बर को किया जायेगा। महाविद्यालय में फीस जमा करवाने की अन्तिम तिथि 23 नवम्बर है।

### रोड लाइटों के कनेक्शन काटे

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय नगर परिषद की रोड़ लाइट के कनेक्शन विद्युत विभाग ने बकाया बिजली बिलों के चलते काट दिये। जिसके चलते पुरा शहर अंधेरगर्दी में डूब गया। गौरतलब है कि नगर परिषद की ओर से काफी समय से बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने पर विद्युत विभाग ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को रोड़ लाईटों के कनेक्शन काट दिये।

### ठेले लगाने वालों ने बताई समस्या

**टोंक, (निसं)।** शहर के सवाईमाधोपुर चौराहा क्षेत्र में केबिन व ठेले लगाने वालों को नगर परिषद द्वारा हटाकर बेरोजगार कर देने के विरोध में बेरोजगार हुए महिला, पुरुषों ने मंगलवार को सवाईमाधोपुर चौराहे पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट को अपनी समस्या से अवगत कराया।

पार्षद सुनील बंसल, रामवतार धाभाई, धनराज कंवर के साथ केबिन व ठेले हटा देने के विरोध में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट को सवाईमाधोपुर चौराहे से गुजरते समय अपनी समस्या से अवगत कराया कि नगर परिषद आयुक्त अनिता खींचड द्वारा शहर में गरीब व मजदूर तबके के लोगों को परेशान किया जा रहा है और उनकी केबिन हटा दी गई, ठेले व थडियों वालों को भी हटा दिया गया है।

जिससे वह बेरोजगार हो गए और परिवार का पालन पोषण करने की समस्या पैदा हो गई है। कई सालों से केबिन, ठेला, थड़ी लगाकर हम लोग सब्जी, फल, चाय, जूस आदि बेचकर अपना रोजगार करते आ रहे हैं, मगर परिषद आयुक्त द्वारा गरीबों की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

# खेल मंत्री ने राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लावा में आयोजित 66 वीं राज्य स्तरीय अंडर 17 वर्ष हॉकी प्रतियोगिता का राज्य के खेल मंत्री अशोक चांदना ने मंगलवार को खेल ध्वज पहना कर शुभारम्भ किया।

चांदना ने प्रदेशभर से जुटे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लॉकडाउन के बाद प्रदेश में बने नकारात्मक वातावरण को राजीव गांधी ग्रामीण औलम्पिक खेलों ने दूर किया है। ग्रामीण औलम्पिक में प्रदेश के 30 लाख खिलाड़ियों ने भाग लेकर

■ इण्डोर स्टेडियम निर्माण के लिए 50 लाख रूपये की घोषणा की



खेल मंत्री अशोक चांदना ने लावा में 66वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह को संबोधित किया।

विश्व रिकॉर्ड बनाया है। चांदना ने कहा कि खेलों के वातावरण से युवाओं में नशे का चलन खत्म होने के साथ-साथ अपराधों में भी गिरावट हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओं के लिए ग्रामीण औलम्पिक वरदान साबित हुआ है।

चांदना ने कहा कि ग्रामीण औलम्पिक की बदोलत ही राजस्थान की महिला टीम ने हाल ही में बॉलीबॉल में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता है। खेल मंत्री ने प्रदेश में हॉकी के हब के नाम से जाने-जाने वाले लावा गांव में 50 लाख रूपये की लागत से इण्डोर स्टेडियम की घोषणा की। इस दौरान राज्य क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष सतवीर चौधरी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, प्रधान सकराम चौपडा, सरपंच कमल कुमार जैन, पीसीसी सदस्य सरोज गुर्जर, डीआर छोगालाल गुर्जर, पूर्व डीआर किशन लाल फ गोडिया, गोपाल गुर्जर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

चांदना के मालपुरा सीमा में प्रवेश करते ही चौसला, जयसिंहपुरा मोड, डिग्गी नुक्कड, धौली, लावा सहित दर्जनों स्थानों पर गुर्जर आरक्षण समिति के जिलाध्यक्ष बच्छराज गुर्जर सहित गुर्जर समाज के सरदारों ने युवाओं ने गर्मजोशी से राजस्थानी पगडी पहना स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने किया। एसडीएम रामकुमार वर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा कडे पुलिस जाप्ते के साथ मुस्तैद रहै।

## ट्रेनों के ठहराव की मांग

**चाकसू, (निसं)।** जयपुर रेलवे मंडल का चाकसू रेलवे स्टेशन विधानसभा क्षेत्र का पुराना रेलवे स्टेशन एवं जयपुर के नजदीक होने के बावजूद यहां से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव नहीं होता है। इससे कस्बे वासियों को लंबे समय से एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव एवं पब्लिक रिजर्वेशन सिस्टम खिड़की चालू होने का इंतजार बना हुआ है।

समाधान को लेकर क्षेत्र निवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा देहात अध्यक्ष भुणाराम गुर्जर एवं विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला दक्षिण संयोजक अर्जुन सिंह हिंगोनिया एडवोकेट के नेतृत्व में दौसा सांसद जसकौर मीणा को ज्ञापन सौंपा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि क्षेत्रवासियों को रुपए व समय ज्यादा खर्चकर अन्य रेलवे स्टेशनों पर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है यहां से गुजरने वाली सभी ट्रेनें वनस्थली निवाई रेलवे स्टेशन पर रूकती है जो यहां से 30 किलोमीटर है। इसलिए सभी ट्रेनों का एक-एक मिनट का ठहराव चाकसू रेलवे स्टेशन किया जाना चाहिए। टोंक सिटी में एक भी रेलवे स्टेशन नहीं है फिर भी वहां पर आरक्षण कार्यालय रेलवे की तरफ से चालू किया गया है चाकसू रेलवे स्टेशन होने के बावजूद भी यहां पर आज तक पब्लिक रिजर्वेशन सिस्टम चालू नहीं हुआ है यहां पर लोगों ने ट्रेनों के ठहराव सहित पी.आर.एस सिस्टम (पब्लिक रिजर्वेशन सिस्टम) चालू कराने की मांग की है।

## यूरिया भिजवाने पर आभार जताया

**जयपुर, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने यूरिया में कांग्रेस सरकार द्वारा भ्रष्टाचार व लापरवाही के चलते किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए रविवार को रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया से बात की और परिस्थितियों से अवगत करवाया। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने तुरंत कार्यवाही करते हुए किसानों के लिए सोमवार को कनपुरा रेलवे स्टेशन पर 2600 मीट्रिक टन यूरिया भिजवाया। इसके लिए कर्नल राज्यवर्धन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया का आभार व्यक्त किया है।

कर्नल राज्यवर्धन ने बताया 2600 मीट्रिक टन यूरिया में से 1400 मीट्रिक टन यूरिया सिर्फ जयपुर ग्रामीण और विराटनगर क्षेत्र के लिए है। आज विराटनगर क्षेत्र में यूरिया के 2 ट्रक लगभग 1520 कट्टे पहुंचने पर किसानों के चहरे खुशी से खिल उठे। जल्द ही किसानों को ओर यूरिया उपलब्ध करवाने के लिए उच्च अधिकारियों से बातचीत जारी है।

कर्नल राज्यवर्धन ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा राजस्थान सरकार भ्रष्ट और निकम्मी है, जो सरकार अन्नदाता के पेट पर लात मार सकती है, उससे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। इनका काम सिर्फ अर्नगल आरोप लगाकर केन्द्र सरकार को बदनाम करना है।

केंद्र सरकार किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया भेजती है, राज्य सरकार पर सिर्फ उसे बांटने की जिम्मेदारी है लेकिन राजस्थान सरकार उसमें भी भ्रष्टाचार कर रही है।

## स्टाम्प वैण्डर और डीडराईडर ने धरना-प्रदर्शन किया

**नारायणपुर, (निसं)।** तहसील कार्यालय के सामने मंगलवार को समस्याओं को लेकर स्टाम्प वैण्डर और डीडराईडरों ने धरना देकर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि तहसील परिसर में स्टाम्प वैण्डर, डीडराईडर और वकील बैठकर लोगों के कार्य करते हैं, जिनका सामान बाहर खुले में टीनशेड के नीचे रहता है, लेकिन आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आए दिन टेबलों में लग रही रैक के ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले जाते हैं और बैठने की सीट के पास शौच कर जाते हैं। इससे स्टाम्प वैण्डर और डीडराईडरों में रोष बना हुआ है। पूर्व में भी 2 नवंबर को अज्ञात लोगो द्वारा चोरी की गई थी। लेकिन आज तक उनके द्वारा कोई


तहसील परिसर में चारदीवारी बनाने की मांग की।

कार्यवाही नहीं की गई। धरना प्रदर्शन से करीब 3 घंटे तहसील का कार्य बाधित रहा।

धरना प्रदर्शनकारीयों ने प्रशासन से तहसील परिसर के चारों ओर चारदीवारी, सीसीटीवी कैमरे, रात्रि में चौकीदार की व्यवस्था करने की मांग की है। इधर थानाधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि तहसील परिसर जो लोग बदमाशी करते थे वो नाबालिग बच्चे हैं, उनके परिजनों को बुलाकर उनको पाबंद कर दिया गया है।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह आदिवासी मीणा धर्मशाला श्रीमाधोपुर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष सांवरमल मीणा की अध्यक्षता में जयंती समारोह मनाया गया। समारोह में मुख्य वक्ता जगदीश प्रसाद मीणा जिला उपाध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री मुन्ना लाल मीणा कंचनपुर, श्रीमाधोपुर तहसील के महामंत्री ज्ञानचंद त्रिलोकपुर, अशोक कुमार मीणा, विमल पबडी श्रीमाधोपुर आदि ने सभा को संबोधित किया। समारोह में उपस्थित मीणा सरदार हेमंत मीणा, बुधुराम राम मीणा, नरेंद्र मीणा, पंकज मीणा,युवा नेता राजाराम मीणा, सौरभ मीणा, विकास मीणा, रूप प्रियांश मीणा, यश मीणा ,भावेश मीणा, पीयूष मीणा, गिर्राज मीणा, महेंद्र मीणा, ओम प्रकाश मीणा, राजेंद्र मीणा, सुभाष मीणा, रामगोपाल मीणा आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गेस्ट फैकल्टी योजना स्थगित करने पर खुशी मनाई

**अलवर, (निसं)।** विद्या संबल योजना में गेस्ट फैकल्टी, अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को स्थगित करने पर दलित शोषण मुक्ति मंच एवं राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ ने खुशी जताई है। 15 नवंबर को शाम 5 बजे अंबेडकर सर्किल पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर संघर्ष की जीत का जश्न मनाया।

दलित शोषण मुक्ति मंच के जिला सह संयोजक श्यामसुंदर जाटव एवं राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमरसिंह जाटव ने बताया है कि दलित शोषण मुक्ति मंच एवं राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के संयुक्त नेतृत्व में विद्या संबल योजना में गेस्ट फैकल्टी शिक्षक, अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, महिला, दिव्यांग, विधवा, परित्यक्ता, स्पोर्ट्स, सेवानिवृत सैनिक, आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग को आरक्षण देने की मांग के लिए पिछले दिनों सघन अभियान चलाकर 7 नवम्बर को अलवर के अंबेडकर सर्किल पर विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया गया था।

प्रदर्शन में आक्रोश व्यक्त किया था कि विद्या संबल योजना एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती के स्थान पर नौकरी के लिए सरकार स्थाई भर्ती करे। विद्या संबल योजना एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण का प्रावधान नहीं किए जाने से आरक्षित वर्ग को भारी नुकसान होगा। राज्य सरकार को बिना आरक्षण के प्रावधान की इस भर्ती पर रोक लगानी होगी। आरक्षण का प्रावधान कर शिक्षकों की स्थाई भर्ती की जाए। कार्यक्रम में राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष रामचरण वर्मा,दलित शोषण मुक्ति मंच के संयोजक मंडल सदस्य अशोक वर्मा एवं कमलेश कुमार, एडवोकेट पंकज सांवरिया, दिनेश मीणा, पूर्व प्रधानाचार्य छगनलाल वर्मा, पवन कुमार गंगवाल, हितेश वर्मा, अतरसिंह, अतुल बसवाल, रतनलाल बडगूजर सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जगदीशपुरा स्थित एक निजी बीएड कॉलेज में ब्लॉक कोटपूतली के संस्था प्रधानों का सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन एसडीएम ऋषव मण्डल व सीडीपीओ सत्यपाल यादव ने शिविर का अवलोकन किया। एसडीएम ने कहा कि संस्था प्रधानों से सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा का वातावरण विद्यालयों में स्थापित कर लिंग विभेदता को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

विद्यालयों के शैक्षिक वातावरण को उत्तम बनाया जाकर बालकों के सर्वांगीण विकास पर जोर देने के प्रयास की जरूरत है। शिविर प्रभारी सुरेश चंद यादव ने बताया कि शिविर में 81 संभागी भाग ले रहे हैं। शिविर में दक्ष प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## 42 रोगियों की हड्डियों की जांच

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर के एम एस हॉस्पिटल में आयोजित निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 42 रोगियों की बीएमडब्ल्यू ( बोन मिनरल डेंसिटी) जांच की जाकर उन्हें परामर्श दिया गया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि इस जांच से हड्डियों में कैल्शियम और मिनरल्स की कमी का पता लगाया जाता है। आवश्यक इलाज का परामर्श दिया जाता है।

# टोंक महोत्सव का आगाज, नवाब अमीर खां को याद किया

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रशासन, टोंक महोत्सव समिति और अंजुमन सोसायटी खानदान-ए-अमीरिया की ओर से टोंक महोत्सव का आगाज मंगलवार को अरबी फारसी शोध संस्थान के सभागार में भव्य रूप में हुआ। महोत्सव की शुरुआत अतिथियों ने फीता काटकर की। इसके बाद आयोजित समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

वक्ताओं ने टोंक रियासत के प्रथम नवाब अमीरुदैला अमीर खां की बहादुरी, रियासत में उनके कराए गए विकास कार्य और नवाबी दौर से अब तक चली आ रही गंगा-जमुनी तहजीब पर रोशनी डाली। सोसायटी के प्रवक्ता जुनेद असलम ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला प्रमुख रामबिलास चौधरी थे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष रामबिलास चौधरी ने



टोंक महोत्सव का आगाज अरबी फारसी शोध संस्थान के सभागार में भव्य रूप में हुआ।

कहा कि नवाबों का दौर तो नहीं देखा, लेकिन रियासत की जनता के प्रति उनकी सेवा के बारे में बहुत सुना है। रामबिलास ने कहा कि भले ही आज युग बदल गया हो, लेकिन टोंक की गंगा-जमुनी तहजीब आज भी जिंदा है, जिसकी मिसाल दी जाती है। समारोह की अध्यक्षता टोंक नवाब आफताब अली खां ने की। विशिष्ट अतिथि खानदान-ए-अमीरिया सोसायटी सदर यूनुस खां, सेफुल्लाह खां, राउमा विद्यालय के प्रधानाचार्य शंकर शंभू, सादिक अली, मुमताज राही, एडवोकेट मजहर आलम, मेहबूब उस्मानी थे।

## बाल दिवस सप्ताह का शुभारम्भ

**मालपुरा, (निसं)।** सिकोईडीकोन संस्था शाखा मालपुरा द्वारा बाल दिवस सप्ताह के अन्तर्गत महेश सेवा सदन में आयोजित समारोह में पहुंची राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग चेयरमैन संगीता बेनिवाल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए बच्चों से संवाद किया। आयोग चैयरमेन बेनिवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित जिले के 400 से अधिक बच्चों व आमजन को अवगत करवाया कि बाल दिवस पर मुख्यमंत्री के साथ आयोजित कार्यक्रम में बाल मित्र के तहत गांव, तहसील व जिला स्तर पर मापदण्ड पूरे करने वाले को प्रदेश स्तर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा बच्चों में साहित्य के प्रति रूचि बढाने के लिए चाचा नेहरू बाल साहित्य अकादमी का गठन किया है। बेनिवाल ने बालश्रम व बाल अत्याचार एवं बाल शोषण की रोकथाम के लिए सिकोईडीकोन जैसी सामाजिक संस्थाओं व संगठनो के सहयोग से जल्द प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों का भविष्य संवार शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया जायेगा।

## सार-समाचार

### अस्पताल में लगी रोगियों की लंबी लाइन



**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** अलवर जिले की बहरोड़ तहसील के जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला होने की वजह से मरीजों की लंबी कतारें लगने से मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बहरोड़ अस्पताल के जिला अस्पताल में क्रमोन्नत होने के बावजूद भी रोज 2000 की मात्रा में पहुंच रहे मरीजों की संख्या की बीच पर्ची काउंटर पर कुछ मरीजों द्वारा अव्यवस्था फैलाते हुए गैर तरीके से पर्ची बनवाकर उपचार कराने का सिलसिला देखने को मिला। मरीजों ने बताया कि महिलाओं तथा पुरुषों की लगी लंबी कतारों में कुछ मरीजों ने तो बीचों-बीच घुसकर पर्ची काउंटर पर पहुंचकर गलत तरीके से रसीद प्राप्त कर उपचार कराने के लिए कतार में खड़े लोगों को ठेंगा दिखाने का कार्य भी करते हुए देखा गया है। जिला अस्पताल बहरोड़ के अनुसार एक नए हाल का निर्माण होकर उसका उद्घाटन करने के बाद शिफ्टिंग का कार्य चलने की वजह से तथा इंटरनेट सेवा की धीमी रफ्तार होने के चलते दोनों काउंटरों पर ऐसी स्थिति में सुधार कर शिफ्टिंग के बाद व्यवस्था सुचारू हो पाएगी।

### आरोही ने तीरंदाजी में जीता गोल्ड



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के रेसिम पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में एक सम्मान समारोह में आयोजित किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य लेखराज सैनी ने बताया कि 66 वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 70 मीटर, 60 मीटर, 50 मीटर, 30 मीटर में विद्यालय की कक्षा 10 की विद्यार्थी आरोही कुमावत ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने माता-पिता एवं विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरोही कुमावत का उक्त प्रतियोगित के लिए राज्य स्तर पर चयन किया गया है। वहीं गोल्ड मेडल विजेताओं का माल्यार्पण कर एवं मुंह मीठा करवाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लेखराज सैनी, हेमंत गहलोत, ऋतु गहलोत, कामना गहलोत, करिश्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर आयोजित



**कोटपूतली, (निसं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एडीजे प्रथम भारत भूषण शर्मा के निर्देशन में एम्पावरमेंट ऑफ सिटिजन्स थ्रु लीगल एवेयनेस एण्ड आउटरीच कैम्पेन एवं हक हमारा भी तो है आजादी 75 अभियान के तहत मंगलवार को कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 5 युनिट रक्त संग्रहण हुआ। इस दौरान डॉ. जयदयाल, डॉ. महेश गौड़, आदित्य शर्मा, मनोज, प्रकाश चन्द आदि मौजूद रहे। वहीं सोमवार को पोक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों के पीडित बच्चों को विधिक सहायता उपलब्ध करवाने हेतु पीएलवी दीक्षा शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत सरूण्ड स्थित भगवती शिक्षण संस्थान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### जमीन विवाद में दो सगे भाइयों में झगड़ा

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह थाना अन्तर्गत गुलगांव में मंगलवार को दो सगे भाईयों में भूमि जुताई को लेकर मिली सूचना पर लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने 13 जनों को गिरफ्तार कर कब्जे से दो ट्रेक्टर व बोलेरो कार जप्त की। थाना प्रभारी भागीरथ सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गुलगांव निवासी जोरावर सिंह व नरपत सिंह के बीच 50 बीघा जमीन की बुवाई को लेकर हुए विवाद में दोनों भाई आमने-सामने हो गये। दोनों भाईयों के बीच हुए विवाद व बड़े टकराव की आशंका की मिली सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंच दो ट्रेक्टर व एक बोलेरो कार मौके से जप्त करते हुए कालीहर्डिया निवासी कैलाश बागरिया, देवपुरा निवासी जोशी बागरिया, खोजा बावडी निवासी सीताराम बैरवा, ककोड थाना के बनेठा निवासी छेलबिहारी रेगर, चुन्नीलाल कोली, रमेश बैरवा, राहुल बैरवा, आकाश बैरवा, सोनू महावर, नरेश बैरवा, सिंधोलिया निवासी हंसराज बैरवा व गुलगांव निवासी नरपत सिंह व जोरावर सिंह को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

### ट्रक चोरी होने का मामला दर्ज

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे से एक ट्रक चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रक मालिक गुलफान खान पुत्र रमजू खां निवासी ग्राम सिरूजिया तहसील चाकसू ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम सिरुजिया में एनएच-12 हाईवे पर ओम ढाबे के आगे पुलिया क्रॉस करके मैन हाईवे पर परिवारजनों की दो मंजिला बिल्डिंग है जहां मैंने अपनी टाटा एलपीटी 3118 ट्रक जिसके नंबर आर 0 जे जीए 1590 मॉडल 2012 को खड़ा करके गया था । कुछ समय बाद वापस आकर देखने पर मुझे बाहर ट्रक नहीं मिला। जिसको आसपास अपने स्तर पर काफी तलाशा भी। परन्तु कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस में 100 नंबर पर फोन भी किया लेकिन ट्रक कुछ भी पता नहीं चला।

### एक दिन में 1100 हित चिंतक बनाये

**फुलेरा, (निसं)।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे हिंत चिंतक अभियान के दौरान फुलेरा प्रखण्ड में एक दिन में 1100 से अधिक हित चिंतक बना कर कीर्तिमान रचा। अभियान का शुभारंभ विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष शिवजीराम कुमावत के नेतृत्व में किया गया। धर्मसभा प्रमुख जोरावर सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष वेदप्रकश परीक ने बताया कि फुलेरा बस स्टैण्ड, राजबाजार, इन्द्रा बाजार, गणगौरी बाजार के वासियों ने परिवार सहित सदस्यता गहण करते हुए सनातन धर्म के प्रति अपनी सजकता का परिचय दिया। जिलाध्यक्ष शिवजीराम कुमावत ने हिन्दू हित चिंतक के सदस्यता बनने और सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था को मजबूती देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पानी सप्लाई बाधित रहेगी

**पावटा, (निसं)।** जलदाय विभाग पावटा जेईएन गगन गुर्जर ने बताया कि बुधवार को श्मशान घाट की पानी की टंकी से होने वाली वार्डों की पानी सप्लाई बाधित रहेगी। श्मशान घाट स्थित पंप हाउस पर मोटरों को बदलने का कार्य किये जाने को लेकर सब्जी मंडी, इंदिरा कॉलोनी, ढाणी खारवाल, शर्मा कॉलोनी, पटेलों का मोहल्ला, किला तरफ की पानी सप्लाई बाधित रहेगी।



वह जितना हमारे लिये खेल सके उतना ही अच्छा है। टेस्ट कप्तान के रूप में वह शानदार काम कर रहे है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। वह तीनों विधाओं के माहिर खिलाड़ी है। – मैथ्यू मोट

इंग्लैंड के गेंदबाजी कोच, बेन स्टोक्स के वनडे से संन्यास का फैसला वापिस लेने की उम्मीद जताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** – पैट कमिंस



**ऑस्ट्रेलिया** के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ पैट कमिंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 सीजन से बाहर रहने का फैसला किया है। कमिंस ने मंगलवार को ट्विटर पर इसकी घोषणा करते हुए बताया कि उन्होंने अगले साल एशेज टेस्ट शृंखला और एकदिवसीय विश्व कप से पहले आराम करने के लिये यह कठिन फैसला लिया है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले कमिंस ने ट्वीट किया, मैंने अगले साल के आईपीएल में नहीं खेलने का कठिन फैसला लिया है। अगले 12 महीने का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम टेस्ट और वनडे से भरा हुआ है।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# न्यूज़ीलैंड ने भारत के खिलाफ सीरीज के लिये बोल्ट, गप्टिल को टीम से बाहर रखा

क्राइस्टचर्च, 15 नवंबर। न्यूजीलैंड ने नये दौर में प्रवेश का अंदेशा देते हुए अनुभवी ओपनर मार्टिन गप्टिल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर शृंखलाओं के लिये टीम में शामिल नहीं किया है। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा करते हुए बताया कि केन विलियम्सन ब्लैक कैप्स की कमान संभालेंगे। गप्टिल के स्थान पर फिन ऐलन को बतौर सलामी बल्लेबाज 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। ऐलन ने हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप 2022 में भी न्यूजीलैंड के लिये सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी, और अब वह एकदिवसीय टीम में भी मुख्य सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं।

दूसरी ओर बोल्ट इस साल की शुरुआत में अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर की घरेलू लीगों में ध्यान केंद्रित करने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अपने अनुबंध को तोड़ने का फैसला करने के बाद उन्हें टीम में जगह नहीं दी गयी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बोल्ट और गप्टिल को टीम से बाहर रखने का फैसला मुश्किल था। स्टीड ने कहा, जब ट्रेंट ने अगस्त में अपने एनज़ेडसी अनुबंध से तोड़ने का फैसला किया, तो हमने संकेत दिया कि उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास केंद्रीय या घरेलू अनुबंध हैं, और यहाँ ऐसा ही हुआ।

उन्होंने कहा, हम सभी ट्रेंट की विश्व स्तरीय क्षमता को जानते हैं, लेकिन इस समय जैसे-जैसे हम और अधिक वैश्विक आयोजनों की ओर बढ़ रहे हैं, हम दूसरों को अवसर और अनुभव देना चाहते हैं। सीमित ओवर क्रिकेट में शीर्ष क्रम में फिन के उभरने और सफलता का मतलब है कि मार्टिन गप्टिल के वर्ग का एक खिलाड़ी टीम में जगह नहीं बना सकेगा। यह उच्च प्रदर्शन वाले खेल की प्रकृति है। उल्लेखनीय है कि भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में एक साल से भी कम समय बचा है। कीवी टीम 2019 में हुए आयोजन का रोमांचक फाइनल हारकर दूसरे स्थान पर रही थी, लेकिन इस बार वह ट्रॉफी उठाना चाहेगी। स्टीड ने विश्व कप की योजनाओं को लेकर कहा, एकदिवसीय विश्व कप में एक साल से भी कम समय बचा है और हम फिन को एकदिवसीय अनुभव हासिल करने का हर मौका देना चाहते हैं, खासकर भारत जैसे अच्छे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ। उन दोनों खिलाड़ियों के लिए संदेश यह है कि आगे बहुत सारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और निश्चित रूप से उनके लिए दरवाजे बंद नहीं हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 18 नवंबर से शुरू होने वाली टी20 शृंखला शुरू होनी है, जबकि तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 25 नवंबर से खेली जाएगी। टी20 सीरीज में भारतीय टीम की अगुवाई हार्दिक पांड्या करेंगे, जबकि एकदिवसीय शृंखला के लिये शिखर धवन भारत की कमान संभालेंगे। विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को इस दौरे पर आराम दिया गया है। न्यूजीलैंड टी20 टीम में केन विलियमसन (कप्तान) है और फिन ऐलन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, डेरिल मिचेल, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, ब्लेयर टिकर टीम का हिस्सा हैं।

**न्यूजीलैंड वनडे टीम :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन ऐलन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सैंटनर, टिम साउदी टीम का हिस्सा हैं।

**भारत टी20 टीम :** हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक हैं।

भारत एकदिवसीय टीम : शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, शाहबाज अहमद, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, कुलदीप सेन, उमरान मलिक हैं।

**टी20 सीरीज :** वेलिंगटन (18 नवंबर), तोरंगा (20 नवंबर), नेपियर (22 नवंबर) में खेली जाएगी। जबकि एकदिवसीय सीरीज: ऑकलैंड (नवंबर 25), हैमिल्टन (नवंबर 27), क्राइस्टचर्च (30 नवंबर) में होंगे।

# पोलार्ड ने आईपीएल से संन्यास लिया, बनेंगे मुंबई के बल्लेबाजी कोच



मुंबई, 15 नवंबर। मुंबई इंडियन्स (एमआई) के दिग्गज ऑलराउंडर कीरन पोलार्ड ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि उनकी फ्रेंचाइज़ी को बदलाव की जरूरत है और अगर वह एमआई से नहीं खेल सकते तो एमआई के खिलाफ भी नहीं खेलना चाहेंगे। पोलार्ड ने ट्विटर पर जारी एक बयान में कहा, यह फैसला मेरे लिये आसान नहीं रहा है क्योंकि मैं कुछ और वर्षों तक खेलने की इच्छा रखता हूं, लेकिन मुंबई इंडियन्स से चर्चा के बाद मैंने अपने आईपीएल करियर को समाप्त करने का फैसला किया है।

पोलार्ड ने कहा कि उन्होंने संन्यास के बाद एमआई के बल्लेबाजी कोच की भूमिका स्वीकार कर ली है, जबकि वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टी20 लीग में मुंबई इंडियन्स की टीम 'एमआई अमीरात' के लिये खेलना जारी रखेंगे।

आईपीएल के 13 सत्रों में एमआई का प्रतिनिधित्व कर चुके पोलार्ड ने कहा कि वह टूर्नामेंट की सबसे बड़ी और सबसे सफल टीम के लिये खेलकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। पोलार्ड ने टीम प्रबंधन के साथ-साथ मुकेश अंबानी, नीता अंबानी और आकाश अंबानी के प्रेम और समर्थन के लिये उनका आभार व्यक्त किया।

पोलार्ड उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने आईपीएल में 100 से ज्यादा मैच खेले और एक ही फ्रेंचाइजी से संबंधित रहे। पोलार्ड के अलावा विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर बैंगलोर), सुनील नारायण (कोलकाता नाइट राइडर्स), जसप्रीत बुमराह (मुंबई इंडिन्स) और लसिथ मलिंगा (मुंबई इंडिन्स) ने भी अपने आईपीएल करियर के दौरान सिर्फ एक ही फ्रेंचाइजी से संबंध रखा।

मुंबई इंडियन्स ने पोलार्ड को उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और चतुर गेंदबाजी के साथ-साथ उनकी स्फूर्ति से भरी फील्डिंग के लिये भी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाया था। एमआई के साथ पांच आईपीएल और दो चैंपियन्स लीग जीतने वाले पोलार्ड इन उम्मीदों पर खरे उतरे और उन्होंने आईपीएल में 171 मैच खेलकर 147.32 के स्ट्राइक रेट से 3412 रन बनाये, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 87 रन रहा। इसके अलावा उन्होंने 107 मैचों में गेंदबाजी करते हुए 69 विकेट लिये और 103 कैच भी पकड़े।

शेन वॉटसन के अलावा पोलार्ड एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने आईपीएल करियर में 3000 रन बनाए और 50 विकेट लिये। उन्होंने 2013 के आईपीएल फाइनल में 32 गेंदों पर 60 रन की विस्फोटक पारी खेली जिसके दम पर एमआई ने पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। एमआई हर नीलामी से पहले पोलार्ड को टीम में शामिल करती थी। साल 2022 की मेगा-ऑक्शन से पहले भी पोलार्ड को छह करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिये नोवोक जोकोविच को मिल सकता है वीजा



मेलबर्न, 15 नवंबर। विश्व के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 2023 ऑस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिये ऑस्ट्रेलिया का वीज़ा मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के सरकारी प्रसारक एबीसी ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि आवर्जन मंत्री एंड्रयू गाइल्स ने कोरोना वैक्सीन न लेने के लिये जोकोविच पर जनवरी 2022 में लगाया गया तीन साल का प्रतिबंध हटा दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि गाइल्स आगामी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिये जोकोविच को वीज़ा प्रदान करेंगे।

जोकोविच ने सोमवार को ट्यूरिन में एटीपी फाइनल 2022 का अपना पहला मैच जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया जाने को लेकर कहा, फिलहाल कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। हम इंतजार कर रहे हैं। वह (आयोजक) ऑस्ट्रेलियाई सरकार से बात कर रहे हैं, मैं फिलहाल आपको बस यही बता सकता हूं।

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के निदेशक क्रेग टाइली ने इससे पहले कहा था कि यदि जोकोविच को वीज़ा मिलता है तो वह जनवरी में यहां आ सकते हैं, लेकिन टेनिस ऑस्ट्रेलिया उनकी ओर से पैरवी नहीं कर सकेगा। यदि 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ऑस्ट्रेलिया पहुंचते हैं तो वह टूर्नामेंट जीतकर राफेल नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम खिताबों की बराबरी करने का प्रयास करेंगे।

## गढ़वाल ने जीत के साथ तालिका में चढ़ाई की

नयी दिल्ली, 15 नवंबर। गढ़वाल डायमंड ने मंगलवार को फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में दिल्ली टाइगर्स को 5-0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। विजेता टीम के लिये नाइजीरियाई मूल के माइकल ने दो गोल किये जबकि मानव और अंकित ने एक-एक गोल जमाया। पराजित टीम के सूरज विनय ने एक आत्मघाती गोल किया। गढ़वाल इस जीत के साथ सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर आ गई है। सीनियर डिवीजन लीग में बुधवार को खेले जाने वाले मैच में नेशनल यूनाइटेड को शास्त्री एफसी से और यंगमेन एफसी को दिल्ली यूनाइटेड से खेलना है।

# मैरीकोम एथलीट आयोग की अध्यक्ष चुनी गयी



नयी दिल्ली, 15 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग ने मंगलवार को सर्वसम्मति से छह बार की विश्व मुक्केबाजी चैंपियन एमसी मैरीकोम को अध्यक्ष और ओलंपियन तथा राष्ट्रमंडल खेलों के 2022 के कई पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को उपाध्यक्ष चुना।

यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक आईओए चुनाव के निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपा। आयोग ने 10 दिसंबर को होने वाले भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी परिषद के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग और ओलंपिक में दो बार पदक जीतने वाली पीवी सिंधू को भी आयोग के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। इससे पहले सोमवार को आईओए एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में 10 खिलाड़ियों को निर्विरोध चुना गया ।

मैरीकोम, शरत, सिंधू और नारंग के अलावा आयोग में चुने गए दस खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, तलवारबाज भवानी देवी, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल, पूर्व शॉटपुट खिलाड़ी ओ पी करहाना और शीतकालीन ओलंपियन शिवा केशवन शामिल हैं। दस खिलाड़ियों में से पांच महिलायें हैं और सभी ओलंपियन हैं। सिर्फ केशवन शीतकालीन ओलंपियन हैं। सिर्फ दस खिलाड़ियों ने ही नामांकन दाखिल किया था और आईओए चुनाव के निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया ।

## विश्वनाथ ने विश्व युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में जीत से शुरू किया अभियान

नयी दिल्ली, 15 नवंबर। एशियाई युवा चैंपियन विश्वनाथ सुरेश ने मंगलवार को स्पेन के ला नुसिया में आईबीए युवा पुरुषों और महिलाओं विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की शुरुआत आयरलैंड के पटसी जॉयस थाडी पर रोमांचक जीत के साथ की। चेन्नई के 17 वर्षीय मुक्केबाज ने पुरुषों के 48 किग्रा वर्ग के शुरुआती दो चरण में बराबरी के मुकाबले के बाद तीसरे दौर में खेल का स्तर ऊंचा किया और 3-2 के खंडित फैसले से विजेता बने। विश्वनाथ इस साल की शुरुआत में जॉर्डन में आयोजित एएसबीसी एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले सात भारतीयों में शामिल थे। भारतीय मुक्केबाजों ने इस प्रतिष्ठित आयोजन के पिछले सत्र में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण सहित 11 पदक जीते थे। इस साल 25 सदस्यीय भारतीय दल में 13 पुरुष और 12 महिला मुक्केबाज शामिल हैं। टूर्नामेंट 26 नवंबर तक चलेगा।

## फुटसॉल : कामर्शियल चैलेंजर्स की लगातार दूसरी जीत

लखनऊ 15 नवंबर। कामर्शियल चैलेंजर्स ने एनईआर लखनऊ के इंटर डिपार्टमेंटल फुटसॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को सिक्योरिटी हंटर्स को 2-1 से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में एनईआर स्टेडियम, ऐशबाग पर लीग कम नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में सिक्योरिटी हंटर्स ने एक अन्य मैच में जीत हासिल की। दूसरी ओर ऑपरेटिंग एवेंजर्स व ट्रैक्शन टाइगर्स का मैच 4- 4 से बराबरी पर छूटा। कामर्शियल चैलेंजर्स ने टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में सिक्योरिटी हंटर्स को 2-1 से हराया। सिक्योरिटी हंटर्स ने खेल के पांचवें मिनट में प्रवीण मिश्रा द्वारा किए गोल से शुरुआती बढ़त हासिल की। इसके बाद कामर्शियल चैलेंजर्स ने रणनीति बदलकर आक्रामक रूख अपनाया। इससे पहले दिन के पहले मैच में सिक्योरिटी हंटर्स ने इलेक्ट्रिकल थंडरबोल्ट्स को 5-0 से हराया। सिक्योरिटी हंटर्स से प्रवीन मिश्रा ने दो गोल दागे।

## ऑल इंडिया हनुमान सिंह हैडबॉल 18 नवम्बर से जयपुर में

जयपुर, 15 नवंबर। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा 17वीं ऑल इंडिया हनुमान सिंह हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सवाई मान सिंह इनडोर स्टेडियम में 18 से 20 नवंबरतक किया जायेगा। राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव तथा प्रतियोगिता के आयोजन सचिव यश प्रताप सिंह ने इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट की जानकारी देते हुये बताया कि महिला वर्ग में खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में मेजबान राजस्थान सहित देश की शीर्ष आठ टीमें भाग लेगी। जिसमें भारतीय रेलवे, हरियाणा, मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी (हिमाचल प्रदेश), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), आर्यव्रत हैंडबॉल अकादमी (दिल्ली), उत्तर प्रदेश, राजस्थान पुलिस आदि प्रमुख टीमें हैं। यश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी टीमों को दो पूल में बांटा जायेगा तथा प्रतियोगिता लीग कम नाकआउट आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाडिय़ों को हनुमान सिंह ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा।

# प्रतिभाओं को पूल बड़ा होने पर ही सफेद और लाल गेंद की अलग टीमें संभव : विलियम्सन



वेलिंगटन, 15 नवंबर। सीमित ओवरों के क्रिकेट में इंग्लैंड की अप्रतिम सफलता से विरोधी टीमें भी अलग अलग प्रारूपों में अलग टीमें और कोच रखने के बारे में सोचने पर मजबूर हुई हैं लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि प्रतिभाओं का पूल बड़ा होने पर ही ऐसा कर पाना संभव है।

विलियमसन भारत जैसी टीमों के पास रिजर्व खिलाड़ियों का बड़ा पूल होने का जिक्र कर रहे थे जबकि न्यूजीलैंड जैसे छोटे देश में यह संभव नहीं है । इंग्लैंड के पास टेस्ट टीम के लिये ब्रेंडन मैकुलम कोच हैं जबकि सीमित ओवरों की टीम के कोच मैथ्यू मोट हैं ।

विलियमसन ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला से पहले वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,“ इतना अधिक क्रिकेट खेला जा रहा है जो खिलाड़ियों ही नहीं बल्कि सहयोगी स्टाफ के लिये भी चुनौतीपूर्ण है ।” उन्होंने कहा, हर दो या तीन दिन में मैच खेल रहे हैं जिसकी अपनी चुनौतियां है । दुनिया भर में अलग अलग प्रारूपों में संतुलन बनाने की जरूरत है । उन्होंने कहा ,“ कुछ देशों के पास खिलाड़ियों का बड़ा पूल है जो ऐसा कर सकते हैं । आप हमेशा संतुलन बनाने की कोशिश में रहते हैं ताकि खिलाड़ी तरोताजा रहें ।” पिछले सप्ताह टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हारी कीवी टीम के कप्तान विलियमसन से पूछा गया था कि क्या इंग्लैंड ने टी20 क्रिकेट खेलने के नये मानदंड कायम किये हैं ।

उन्होंने कहा, “कई मजबूत टी20 टीमें हैं और हमने टूर्नामेंट में देखा कि कइ उलटफेर हुए । इंग्लैंड ने काफी आक्रामक क्रिकेट खेला जो उनकी टीम के संतुलन के अनुरूप था । हर टीम अपनी ताकत पर काम करके उसके अनुरूप खेलना पसंद करती है ।” भारत के खिलाफ श्रृंखला में तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेले जायेंगे जो अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी के लिये अहम होंगे । भारत के सीनियर खिलाड़ी इस श्रृंखला से बाहर हैं लेकिन विलियमसन का मानना है कि भारतीय टीम में इतनी गहराई है कि वह मेजबान के लिये काफी कड़ी चुनौती पेश करेगी।

विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में कई बदलाव देखने को मिलेंगे । तेज गेंदबाज उमरान मलिक को बड़े स्तर पर खुद को साबित करने का मौका दिया गया है । आईपीएल में मलिक के साथ खेल चुके विलियमसन ने कहा ,“ उमरान काफी प्रतिभाशाली है। उसके साथ पिछले साल काफी समय बिताया और रफ्तार उसकी ताकत है । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे खेलते देखना अद्भुत होगा।'

## जयपुर पिंक पैंथर्स की जीत में चमके अर्जुन देशवाल

जयपुर, 15 नवंबर। अर्जुन देशवाल के दमदार खेल से जयपुर पिंक पैंथर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में मंगलवार को यहां यू मुंबा को 32-22 से शिकस्त दी। देशवाल ने इस मुकाबले में 13 अंक जुटाकर बड़ा अंतर पैदा किया। जयपुर की टीम ने मैच के पांचवें मिनट में ही यू मुंबा को ऑल आउट कर 9-2 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के समय जयपुर पिंक पैंथर्स के पास 19-11 की बढ़त थी। यू मुंबा ने मैच के दूसरे हाफ में जयपुर को अच्छी चुनौती दी और एक समय टीम महज चार अंक (19-23) से पिछड़ रही थी। जयपुर की टीम ने हालांकि एक बार फिर से मैच पर पकड़ बनाने हुए अपनी बढ़त 31-20 कर ली जहां से यु मुंबा के सामने वापसी का कोई मौका नहीं था।

## सुपर किंग्स ने ब्रावो की छुट्टी की

चेन्नई, 15 नवंबर। चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 सत्र की नीलामी से पहले टीम के प्रमुख ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अनुबंध से मुक्त कर दिया है। सीएसके ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बताया कि नीलामी से पहले ब्रावो, एडम मिल्ने, रॉबिन उथप्पा, क्रिस जॉर्डन, नारायण जगदीसन, हरि निशांत, केएम आसिफ और भगत वर्मा को अनुबंध से मुक्त किया गया है। ब्रावो 2011 से सुपर किंग्स का हिस्सा थे और उन्होंने 116 आईपीएल मैचों में सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये पुरुष हॉकी टीम घोषित

नयी दिल्ली, 15 नवंबर। हॉकी इंडिया ने 26 नवंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए 23 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा मंगलवार को की। भारत 13 जनवरी से शुरू होने वाले हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच खेलेगा।

अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह इस दौरे पर भारत की कप्तानी करेंगे, जबकि अमित रोहिदास को उप-कप्तान चुना गया है। फॉरवर्ड लाइन में मनदीप सिंह के साथ दिलप्रीत सिंह, अभिषेक और सुखजीत सिंह को शामिल किया गया है।

गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और सुमित मिडफ़ील्ड संभालेंगे। न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022/23 मैचों से चूकने के बाद डिफेंडर वरुण कुमार ने टीम में वापसी करते हैं। वरुण के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मंदीप मोर और नीलम संजीव ज़ेस भी रक्षा लाइन-अप में होंगे।

मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा हमारे लिए एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 में शीर्ष दावेदारों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा अवसर है। हमने अनुभवी खिलाड़ियों की एक ठोस टीम चुनी है। हमें विश्वास है कि यह वांछित परिणाम प्राप्त करने में हमारी मदद कर सकते हैं।

## राजस्थान ने दिल्ली को 52 रन से हराया

कोलकाता, 15 नवंबर। कुणाल सिंह राठौड़ की 75 गेंद में 70 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से राजस्थान ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में मंगलवार को यहां दिल्ली को 52 रन से शिकस्त दी। कम स्कोर वाले इस मैच में 218 रन पर ऑल आउट होने के बाद राजस्थान ने दिल्ली की पारी को 166 रन पर समेट दिया। टीम के लिए अनिकेत चौधरी और कमलेश नागरकोटी ने तीन-तीन जबकि दीपक चाहर ने दो विकेट लिये। स्पिनर राहुल चाहर और रवि बिश्नोई ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर राजस्थान ने सात रन पर दो विकेट गंवा दिये। अभिजीत तोमर (33), महिपाल लोमरोर (35) और कप्तान अशोक मनेरिया (31) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। सातवें क्रम पर बल्लेबाजी करने आये राठौड़ ने 75 गेंद में 70 रन की पारी खेल टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की आधी टीम 15वें ओवर तक पवेलियन लौट गयी थी।

## रोहन के शतक से केरल विजयी

बेंगलुरु, 15 नवंबर। केरल ने रोहन कुन्नुमल (134) के शानदार शतक की मदद से मंगलवार को विजय हज़ारे ट्रॉफी 2022 के ग्रुप-सी मुकाबले में गोवा को पांच विकेट से मात दी। गोवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केरल को 242 रन का लक्ष्य दिया, जिसे केरल ने पांच विकेट गंवाकर 38.1 ओवर में हासिल कर लिया। रोहन ने अपनी 134 रन की विस्फोटक पारी में 101 गेंदें खेलकर 17 चौके और चार छक्के जड़े। रोहन के पहले प्रथम-श्रेणी शतक की बदौलत केरल ने ग्रुप-सी में अपनी दूसरी जीत हासिल की। गोवा ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 117 रन पर ही आधी टीम गंवा दी।

# केकेआर ने आईपीएल की नीलामी से पहले किया 16 खिलाड़ियों को आउट

मुंबई, 15 नवंबर। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सत्र की नीलामी से पहले सर्वाधिक 16 खिलाड़ियों का अनुबंध खत्म कर दिया है। आईपीएल की सभी टीमों के लिए अपनी नवीनतम स्थिति की जानकारी देने के लिए 15 नवंबर तक का समय था। इसके अनुसार ही टीमों ने मंगलवार को अपनी स्थिति सार्वजनिक की।

केकेआर के बाद सबसे अधिक खिलाड़ियों को अनुबंध मुक्त करने वाली टीम मुंबई इंडियन्स है। उसने कीरन पोलार्ड सहित 13 खिलाड़ियों की छुट्टी की, जबकि सनराइज़र्स हैदराबाद ने पूर्व कप्तान केन विलियमसन सहित 12 खिलाड़ियों के साथ अनुबंध समाप्त किया है।

जिन खिलाड़ियों का उनकी वर्तमान टीम से अनुबंध समाप्त किया गया है और जो अगले टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध हैं, दूसरी टीमें उन पर बोली लगा सकेंगी। आईपीएल 2023 के लिये 'छोटी नीलामी' कोच्चि में 23 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

इसी बीच, पंजाब किंग्स ने भी सनराइज़र्स की तरह पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल सहित नौ खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया है। चार बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने ड्वेन ब्रावो और रॉबिन उथप्पा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों सहित आठ को नीलामी के लिये मुक्त किया है।

दिल्ली कैपिटल्स ने टिम सेफर्ट, मनदीप सिंह, अश्विन हेब्बार और श्रीकर भरत सहित सबसे कम चार खिलाड़ियों को बाहर किया है, जबकि शार्दुल ठाकुर पहले ही केकेआर के साथ जुड़ चुके हैं। आईपीएल 2023 की चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने कुल नौ खिलाड़ियों से संबंध समाप्त किये हैं। वह रहमानुल्लाह गुरबाज़ और लोकी फर्ग्यूसन को पहले ही केकेआर के सुपुर्द कर चुके हैं, जबकि जेसन रॉय और वरुण आरोन को नीलामी के लिये मुक्त कर दिया गया।

गुजरात से फाइनल हारकर दूसरे स्थान पर रहने वाली राजस्थान रॉयल्स ने चार विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल नौ खिलाड़ियों के साथ अनुबंध समाप्त किया है। रॉयल्स ने टी20 विश्व कप 2021 और 2022 के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के लिये अद्धर्शतक जड़ने वाले डैरिल मिशेल को भी टीम से बाहर कर दिया है। सनराइजर्स के पास 23 दिसंबर की नीलामी के लिए सर्वाधिक 42.25 करोड़ रुपये शेष हैं। इसके बाद पंजाब के पास 32.20 करोड़ रुपये, जबकि लखनऊ के पास 23.35 करोड़ रुपये हैं। मुंबई के पर्स में 20.55 करोड़ रुपये, चेन्नई के पास 20.45 करोड़ रुपये, दिल्ली के पास 19.45 करोड़ रुपये, गुजरात के पास 19.25 करोड़ रुपये, राजस्थान रॉयल्स के पास 13.2 करोड़ रुपये, बैंगलोर के पास 8.75 करोड़ रुपये जबकि केकेआर के पास सबसे कम 7.05 करोड़ रुपये हैं।

मुंबई इंडियन्स की मौजूदा टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), टिम डेविड, रमनदीप सिंह, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवल्ड ब्रेविस, जोफ्रा आर्चर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अरशद खान, कुमार कार्तिकेय, ऋतिक शौकीन, जेसन बेहरेनडोर्फ , आकाश मधवाल।

अनुबंध-मुक्त किए गये खिलाड़ी: कीरन पोलार्ड, अनमोलप्रीत सिंह, आर्यन जुयाल, बासिल थम्पी, डेनियल सैम्स, फैबियन ऐलन, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, राहुल बुद्धि, रिले मेरेडिथ, संजय यादव, टाइमल मिल्स। अदला-बदली के माध्यम से प्राप्त खिलाड़ी : जेसन बेहरेनडॉर्फ

पर्स शेष : 20.55 करोड़ रुपये

विदेशी खिलाड़ियों के लिये शेष स्थान : तीन

चेन्नई सुपर किंग्स की मौजूदा टीम : महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोईन अली, शिवम दूबे, राजवर्धन हांगरगेकर, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सेंटनर, रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्षणा।

अनुबंध-मुक्त किये गये खिलाड़ी : ड्वेन ब्रावो, रॉबिन उथप्पा, एडम मिल्ने, हरि निशांत, क्रिस जॉर्डन, भगत वर्मा, केएम आसिफ, नारायण जगदीसन।

शेष पर्स : 20.45 करोड़ रुपये

विदेशी खिलाड़ियों के लिये शेष स्थान : दो

गुजरात टाइटन्स की मौजूदा टीम : हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नालकांडे , जयंत यादव, आर साई किशोर, नूर अहमद

अनुबंध-मुक्त किये गये खिलाड़ी : रहमानुल्ला गुरबाज, लॉकी फर्ग्यूसन, डोमिनिक ड्रेक्स, गुरकीरत सिंह, जेसन रॉय, वरुण आरोन।

पर्स शेष : 19.25 करोड़ रुपये

विदेशी खिलाड़ियों के लिये शेष स्थान : तीन

दिल्ली कैपिटल्स की मौजूदा टीम : ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, रिपल पटेल, रोवमैन पॉवेल, सरफराज खान, यश ढुल, मिचेल मार्श, ललित यादव, अक्षर पटेल, एनरिक नॉर्खिया, चेतन सकारिया, कमलेश नागरकोटी, खलील अहमद, लुंगी एनगिडी , मुस्तफिजुर रहमान, अमन खान, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल

अनुबंध-मुक्त खिलाड़ी : शार्दुल ठाकुर, टिम सेफर्ट, अश्विन हेब्बार, श्रीकर भारत, मनदीप सिंह। अदला-बदली के माध्यम से प्राप्त खिलाड़ी : अमन खान

पर्स शेष: 19.45 करोड़ रुपये

विदेशी खिलाड़ियों के लिये शेष स्थान : 2



*जापान का सबसे गहरा रेल्वे स्टेशन "दोआई" निश्चित रुप से बेहद डरावना भी है। गुनमा प्रांत का यह स्टेशन, गर्म चश्मे वाले शहर, मीनाकामी के पास शीमीज़ू सुरंग में बहुत गहराई में है। शीमीज़ू कभी जापान की सबसे लम्बी सुरंग हुआ करती थी। वर्ष 1931 में जब यह सुरंग बनी थी तो टोक्यो से नीगाता के बीच की दूरी चार घंटे कम हो गई थी। दोआई स्टेशन से ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों को प्रवेशद्वार से 70 मीटर नीचे गहराई में जाना पड़ता है। इसलिए यह जापान का सबसे गहरा रेल्वे स्टेशन कहलाता है। इससे पहले यह उपाधि होकायडो के योशीओका-काइतेई स्टेशन के पास थी, जो 2014 में बंद हो गया। दोआई का डिज़ाईन बहुत अनूठा है। इसमें दो पृथक सिंगल साइड प्लेटफॉर्म हैं जो अलग- अलग ऊंचाई पर बने हैं। दक्षिण की तरफ जाने वाली ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म प्रवेशद्वार से कुछ सीढ़ी उतरते ही है और उत्तर की तरफ जाने वाली ट्रेनों वाले प्लेटफॉर्म पर पहुँचने के लिए एक गहरी सुरंग से होकर जाना पड़ता है। यह रास्ता बहुत ठंडा और गुफा जैसा है तथा प्लेटफॉर्म तक पहुँचने के लिए 486 सीढ़ियाँ उतरनी पड़ती हैं। जब ट्रेन यहां से गुजरती है तो बहुत तेज हवा आती है। इसकी एक और अजीब बात यह है कि, यह एक अनमैन्ड स्टेशन है, अर्थात् यहां टिकट चैक करने तक के लिए कोई कर्मचारी नहीं है। यात्रियों से ज्यादा यहाँ "गोस्ट हंटिंग" के शौकीन पर्यटक आते हैं।*

# एकल पट्टा प्रकरण में यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल को राहत

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने ए.सी.बी. कोर्ट की कार्रवाई रद्द करने के आदेश दिए।**

जयपुर 15 नवम्बर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एकल पट्टा प्रकरण में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को बड़ी राहत दी है। अदालत ने ए.सी.बी. कोर्ट में चल रही प्रोटैस्ट पिटिशन समेत अन्य आपराधिक कार्रवाई को शांति धारीवाल की हद तक रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि, प्रकरण में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है, ऐसे में यदि उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखी गई तो वह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश शांति धारीवाल की आपराधिक याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, एफ.आई.आर में याचिकाकर्ता शाांति धारीवाल का नाम नहीं है। नगरीय विकास विभाग (यूडीएच) के प्रमुख सचिव ने एकल पट्टा की फाइल यूडीएच मंत्री के समक्ष रखी थी, जिसे हाईकोर्ट के आदेश के तहत परीक्षण के बाद वापस विभाग में भेजा गया। वहीं जेडीए ने गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी के पार्टनर शैलेन्द्र गर्ग को जारी एकल पट्टा भी निरस्त कर दिया है।

मामले में रामशरण सिंह की शिकायत पर तत्कालीन जोन उपायुक्त ओंकारमल सैनी, निष्काम दिवाकर, यूडीए के पूर्व सचिव जी.एस. संधू और शैलेन्द्र गर्ग के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया, लेकिन याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं रखी गई। ए.सी.बी. कोर्ट की ओर से 3 मार्च 2016 को लिए प्रसंज्ञान में भी एक शब्द भी यूडीएच मंत्री के खिलाफ नहीं लिखा गया।

एसीबी की प्रगति रिपोर्ट में भी याचिकाकर्ता का अपराध प्रमाणित नहीं माना। एसीबी द्वारा 7 जुलाई 2021 को पेश एफ.आर. में भी इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है। ऐसे में एसीबी कोर्ट ने मामले की अग्रिम जांच के आदेश गलत दिए है।

याचिका में कहा गया कि, ए.सी.बी. कोर्ट ने गत 13 जून 2019 और 7 जुलाई 2021 की क्लोजर रिपोर्ट को निरस्त करते हुए कुछ बिन्दुओं पर अग्रिम जांच के आदेश दिए थे। एकल पट्टा प्रकरण के वक्त भी शांति धारीवाल यूडीएच मंत्री थे, इसके बाद भी प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति नहीं ली गई थी। यूडीएच विभाग ने एकल पट्टे के लिए 1 अप्रैल 2011 को स्वीकृति दी थी। जिसके आधार पर जेडीए ने 29 जून 2011 को पट्टा जारी किया था, लेकिन पट्टे में रही त्रुटि के कारण 10 मई 2013 को पट्टा निरस्त कर दिया। इसके बावजूद डेढ़ साल बाद एसीबी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। एफ.आई.आर., प्रथम और पूरक चार्जशीट के साथ ही पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी की अग्रिम अनुसंधान रिपोर्ट में शांति धारीवाल का नाम नहीं था। इसके बावजूद परिवादी ने गत 3 जनवरी को प्रोटैस्ट प्रार्थना पत्र पेश कर याचिकाकर्ता को आरोपी बनाने की प्रार्थना की। जिस पर सुनवाई करते हुए 18 अप्रैल 2022 को ए.सी.बी. कोर्ट ने कुछ बिन्दुओं पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से अग्रिम जांच के आदेश दे दिए।

राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने भी याचिकाकर्ता का समर्थन करते हुए कहा कि, जांच में शांति धारीवाल के खिलाफ अपराध साबित नहीं था। ए.सी.बी. ने सह आरोपियों के खिलाफ अभियोजन वापस लेने का प्रार्थना पत्र भी पेश किया था, लेकिन ए.सी.बी. कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। जिसकी अपील हाईकोर्ट में लंबित है।

## एमेज़ॉन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस नये हमले के अन्तर्गत, ऑर्गनाइज़र ने अपनी कवर स्टोरी में आरोप लगाया है कि "अमेरिकन बैप्टिस्ट चर्च" (ए.बी.एम.) नामक एक संगठन से कंपनी के वित्तीय संबंध हैं जिसका उद्देश्य पूवोत्तर भारत में "धर्म-परिवर्तन अभियान" चलाना है। पत्रिका ने आरोप लगाया है कि ए.बी.एम., ऑल इंडिया मिशन (ए.आई.एम.) नामक एक मोर्चा चला रहा है, जिसने पूर्वोत्तर में 25,000 लोगों का धर्मान्तरण करके उन्हें ईसाई बना दिया है। एमेज़ॉन ने इन आरोपों का खण्डन किया है तथा कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा है कि एमेज़ॉन इंडिया का ए.आई.एम. या इससे सम्बद्ध संगठनों से कोई संबंध नहीं है।

प्रसंगवश बता दें कि अरुणाचल प्रदेश के एक संगठन ने नैशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स" (एन.सी.पी.सी.आर.) के पास शिकायत भेजी थी कि इस सीमावर्ती राज्य में धर्मान्तरण किया जा रहा है। इसके बाद, आयोग ने एमेज़ॉन के खिलाफ लगाये गये आरोपों की जाँच चला रखी है।

## टी.आर.एस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आरोप लगाया गया था कि यह कंपनी उपचुनाव के दौरान मुनुगोडे चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं का पैसा बाँटा करती थी।

जी.एस.टी. अधिकारियों ने कथित रूप से कम्पनी के अधिकारियों से कुछ वित्तीय लेन देन के बारे में पूछताछ की और जांच के लिए कम्पनी के बही खाते जब्त कर लिए और कम्पनी के ऑडिटर्स को भी सम्मन भेजा।

कहा जा रहा है कि ये रेड्स राज्य के कल्याण मंत्री गांगुला कमलाकर पर ई.डी. रेड्स के प्रतिकार में डाली गई है, आरोप है कि वे ग्रेनाइट स्कैम में लिप्त हैं।

मुनुगोडे उपचुनाव में भाजपा की कड़ी टक्कर से परेशान टी.आर.एस. नेतृत्व ने पार्टी को मजबूत बनाना शुरु कर दिया है। ताकि भाजपा की ग्रोथ पर नियंत्रण लगाया जा सके। मुनुगोडे विधानसभा उपचुनाव यहां के विकास के राजगोपाल रेड्डी के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने की वजह से हुए थे। वे उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी थे।

ऐसे समय में जब भाजपा को विभिन्न राजनैतिक दलो के नेताओं के आगमन स्थल पर में देखा जा रहा है, और इसे टी.आर.एस. का विकल्प माना जा रहा है। इसलिए पार्टी इस अवधारणा को तोड़ने के लिए भाजपा के नेताओं को अपनी तरफ लाने की पूरी कोशिश कर रही है। इस सम्बंध में टी.आर.एस. अपने उन नेताओं को वापस लाने के प्रयास में है जो पार्टी छोड़कर भाजपा में चले गए थे। उन्हें सरकार में ऊंचे पद की पेशकश की जा रही है। टी.आर.एस. ओर भाजपा नेताओं ने इस स्थिति पर टिप्पणी करने से मना कर दिया।

समझा जाता है कि वार्ता अग्रिम दौर में है। पता चला है कि भाजपा मुख्यालय ने तेलंगाना के अपने वरिष्ठ नेताओं को इन हालात पर चर्चा के लिए दिल्ली बुलाया है।

इसी बीच टी.आर.एस. और भाजपा के बीच राजनैतिक टकराव ऐसी स्थिति में पहुंच गया है कि मुख्यमंत्री के.सी.आर. राजनैतिक शिष्टाचार निभाना भी भूल गए हैं। हाल ही में उन्होंने राज्य के दौरे पर आएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने का शिष्टाचार तक नहीं निभाया। इससे पहले भी प्रधानमंत्री के हैदराबाद आने पर वे उनसे नहीं मिले थे।

# 'भारत जोड़ो यात्रा ने "असली" राहुल गांधी को दुनिया के सामने पेश किया है'

**जयराम रमेश ने कहा कि, भाजपा ने सोशल मीडिया के मार्फत राहुल गांधी की गलत छवि पेश कर दी थी, अब वही सोशल मीडिया कह रहा है कि, यह राहुल गांधी वो नहीं हैं जैसा 70 दिन पहले थे**

- **जयराम रमेश ने कहा कि, राहुल गांधी कोई ब्रैण्ड नहीं है जिसकी रीब्रैण्डिंग करनी पड़े। भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी की जो छवि सामने रखी है, वही असली राहुल गांधी हैं।**

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। पिछले 2 महीनों से ज्यादा दिनों से चली आ रही भारत जोड़ो यात्रा बुधवार को महाराष्ट्र में शुरु हो चुकी है। राहुल गांधी की इस यात्रा में कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता समेत ब्लॉक के कार्यकर्ता और नेता शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं के अनुसार, इस पदयात्रा को जनता के के द्वारा जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। इसी बीच आज कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि, इस यात्रा से असली राहुल गांधी जनता के सामने आए हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि, राहुल गांधी के अगुवाई में पूरे देश में की जा रही यात्रा का किसी भी राज्य के चुनाव से कोई संबंध नहीं है और अगर इसके प्रभाव का आंकलन करना है तो यह 2024 के लोकसभा चुनाव में ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कहा कि, राहुल गांधी डेटॉल या फेविकोल ब्रांड नहीं हैं कि उन्हें फिर से रीब्रांडेड करना पड़े। उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा से पहले भाजपा ने उनकी खास छवि बना दी थी, खासकर सोशल मीडिया पर। इसने कभी भी सही राहुल गांधी को चित्रित नहीं किया। भारत जोड़ो यात्रा नए राहुल गांधी को नहीं, असली राहुल गांधी को दिखा रही है।

जयराम रमेश के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की छवि में पूरी तरह से बदलाव आया है। आज मीडिया या सोशल मीडिया में राहुल गांधी वैसे नहीं हैं जो 70 दिन पहले थे। उन्होंने कहा कि 3,570 किलोमीटर लंबी यात्रा का फायदा यह है कि वह (राहुल) बिना किसी बिचौलिए के, लोगों के साथ सीधे संपर्क में हैं। इसका नतीजा यह है कि असली राहुल गांधी सबके सामने हैं।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि, यात्रा का चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है और यह एक अलग पहल है। उन्होंने कहा, यह एक राजनीतिक दल की यात्रा है और हम समाज में आर्थिक असमानता, ध्रुवीकरण जैसी राजनीतिक चुनौतियों से लड़ रहे हैं। यात्रा में शामिल 90 फीसदी लोग राजनीतिक हैं।

# ज्ञानवापी मस्जिद केस में अखिलेश व ओवैसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा

- **वाराणसी की जिला अदालत ने दोनों नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।**
- **कोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की गई थी कि, अखिलेश यादव और ओवैसी के खिलाफ मुकदमा चलाया जाये। याचिका में कहा गया था कि, दोनों नेताओं ने ज्ञानवापी मस्जिद प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट और जिला अदालत के फैसलों के खिलाफ टी.वी. चैनल्स पर बयानबाजियां की थीं, जिससे हिंदुओं की भावनायें आहत हुई हैं।**

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। वाराणसी के ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। इस मामले में कोर्ट ने ओवैसी और अखिलेश यादव पर केस दर्ज करने की याचिका मंजूर कर ली है। पोषणीयता को लेकर चल रही बहस पर वादी वकील हरिशंकर पांडेय को बड़ी जीत हासिल हुई है। ओवैसी और अखिलेश यादव ने टी.वी. चैनलों पर बयानबाजी की थी।

गौरतलब है कि कोर्ट मंगलवार की दोपहर बाद करीब दो बजे समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के ज्ञानवापी पर दिए विवादित टिप्पणी के मामले में सुनवाई कर रहा था। इस मामले में पूर्व में भी सुनवाई के बाद आदेश को सुरक्षित रखा गया था। आज ये सुनवाई ए.सी.जे.एम. पंचम एम.पी./एम.एल.ए. उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत में हुई। गौरतलब है कि इस मामले में वकील हरिशंकर पांडेय के प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि अखिलेश यादव और असदुद्दीन ओवैसी ने ज्ञानवापी प्रकरण में अनर्गल टिप्पणी कीं, जिससे हिंदुओं की भावना आहत हुई है। इसलिए इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो।

## अन्ततोगत्वा रिपब्लिकन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सोशल मीडिया के माध्यम से हुए ट्रम्प के हमले के बाद से डीसैन्टिस ने उनके खिलाफ कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है, लेकिन लगता है कि ट्विटर पर डीसैन्टिस का मुख्य फोकस तूफान "निकल" से हुई तबाही के बाद ही स्थिति को फिर से व्यवस्थित करने पर है। इस तूफान से फ्लोरिडा के पूर्व तट पर गुरूवार को तबाही मची थी तथा इसे प्रथम श्रेणी का तूफान माना गया था। गवर्नर डीसैन्टिस की रेपिड रिस्पांस डायरैक्टर क्रिस्टिना पुशॉ ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि "तूफान से ध्वस्त हुई सड़क को साढ़े सात घंटे में दुरूस्त कर दिया गया। यदि यहां अभी डैमोक्रेट्स की सरकार होती तो इस काम में महीनों-साल लग जाते। फ्लोरिडा के नेतृत्व का आभार।"

डीसैन्टिस ने हालांकि ऐसा कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है कि वह वर्ष 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में हिस्सा लेंगे, जबकि ट्रम्प ने फ्लोरिडा बीच स्थित "मार-ए-लागो" रिज़ार्ट से मंगलवार को इसको लेकर एक बड़ी घोषणा की। डिसैन्टिस के सहयोगियों को उम्मीद है कि मई माह में होने वाले फ्लोरिडा के विधानसभा सत्र के बाद ही वह वर्ष 2024 को अपनी योजनाओं की घोषणा करेंगे।

रिपब्लिकन्स में डीसैन्टिस और ट्रम्प के अलावा जिन नेताओं को राष्ट्रपति चुनाव के संभावित प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है, उनमें देश के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली और वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन योंग्किन शामिल हैं।

# मैनपुरी सीट पर भाजपा ने शिवपाल यादव के नजदीकी को टिकट दिया

**भाजपा ने उम्मीदवार उतारकर मुकाबला बेहद रोचक कर दिया है**

- **पहले तो माना जा रहा था कि, शायद भाजपा मुलायम सिंह के सम्मान में कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी।**
- **देखना यह है कि, शिवपाल यादव अपने ही बेहद करीबी रहे रघुराज सिंह शाक्य के खिलाफ किस तरह से चुनाव प्रचार करते हैं।**

लखनऊ, 15 नवम्बर। उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने जा रहा उपचुनाव काफी दिलचस्प होता जा रहा है। समाजवादी पार्टी ने इस सीट से अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को उम्मीदवार बनाया है, वहीं बीजेपी से रघुराज सिंह शाक्य इस चुनाव में डिंपल के खिलाफ खड़े हुए हैं और वह बुधवार को नामांकन करेंगे। ये वही रघुराज हैं, जिन्हें शिवपाल सिंह यादव का करीबी माना जाता है। हैरानी की बात ये भी है कि एक तरफ शिवपाल के करीबी डिंपल के खिलाफ चुनाव में खड़े हुए हैं, वहीं यू.पी. में सपा ने जो अपने स्टार प्रचारक घोषित किए हैं, उसमें शिवपाल सिंह यादव भी हैं।

मैनपुरी सीट सपा के पूर्व अध्यक्ष व यू.पी. के सी.एम. रहे मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई है। पहले ऐसा माना जा रहा था कि मुलायम सिंह के सम्मान में भाजपा इस सीट से अपना कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। लेकिन आखिरी वक्त में भाजपा ने रघुराज सिंह शाक्य को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव समेत अन्य राज्यों के विधानसभा उपचुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। मगर पूरे देश की निगाह मैनपुरी लोकसभा सीट पर है, जहां से अखिलेश यादव की पत्नी अपने ससुर मुलायम सिंह यादव की सीट पर चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने यहां से रघुराज सिंह शाक्य को खास रणनीति के तहत उतारा है।

रघुराज सिंह शाक्य मुलायम सिंह के भाई शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। वहीं इससे पहले वह 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी की टिकट पर इटावा के सदर सीट से सांसद रह चुके हैं। साथ ही 2012 में इटावा के सदर से विधायक रह चुके हैं। 2017 विधानसभा चुनाव से पहले सपा में फूट पड़ने के बाद वह शिवपाल यादव के साथ हो लिए थे, क्योंकि रघुराज सिंह शाक्य उनके काफी करीबी थे। मगर यू.पी. इलेक्शन 2022 में वह भाजपा में शामिल हो गए। शाक्य मूल रूप से इटावा के निवासी हैं। उनके पिता रामसिंह शाक्य भी पूर्व सांसद रह चुके हैं।

## सरदारशहर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

घोषणा की गई है।

पिंचा पर एक बार फिर से भरोसा जताने में दिलचस्प बात यह है कि वह 4 विधानसभा चुनावों में हार का सामना कर चुके हैं उन्हें अब छठी बार टिकट दिया जा रहा है। भाजपा के सियासी गलियारों में भी इसे लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है। इधर सियासी गलियारों में चर्चा है कि अशोक कुमार पिंचा को प्रत्याशी बनवाने में भाजपा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और रतनगढ़ से भाजपा विधायक अभिनेष महर्षि की जमकर चली।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी चूरू जिले के राजगढ़ के ही मूल निवासी हैं। बताया जा रहा है कि तीनों नेताओं की सिफारिश पर ही पिंचा पर पार्टी ने फिर एक बार भरोसा जताया है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि पिंचा पूर्व मुख्यमंत्री वसुधरा राजे के समर्थक हैं। पहले भी राजे ने हारने के बाद भी पिंचा को टिकट दिया था। यह भी कहा जा रहा है कि संगठन के नेता इस सीट पर किसी जाट या ब्राह्मण पर दाव खेलना चाहते थे, लेकिन अन्त में पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने पिंचा का टिकट दिया। पिंचा ने 1998 में भाजपा के टिकट पर पहली बार सरदारशहर सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

उसके बाद 2003, 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हालांकि वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव पिंचा जीत गए थे। उन्होंने इसमें कांग्रेस प्रत्याशी भंवरलाल शर्मा को हराया था। चौबीस जुलाई 1960 को जन्मे अशोक कुमार पिंचा ने बीकॉम और बीएएमएस की पढ़ाई की है। वह शुरू से ही संघ से जुड़े रहे हैं और आरएसएस और जनसंघ के कार्यक्रमों में बढ़ -चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं।

अशोक कुमार ने पहली बार 1990 में हुए पालिका के चुनाव में पार्षद का चुनाव जीतकर राजनीति में कदम रखा था। वर्ष 1995 में वह सरदारशहर पालिका में उपाध्यक्ष रहे और उसके बाद उन्होंने 1998 में भाजपा के टिकट पर पहली बार सरदारशहर से विधानसभा का चुनाव लड़ा। उनकी पत्नी सुषमा पिंचा वर्ष 2015 में सरदारशहर नगर पालिका अध्यक्ष चुनी गई थीं। कांग्रेस नेता भंवर लाल शर्मा के निधन के कारण यहां विधानसभा उपचुनाव हो रहा है। वह गत विधानसभा चुनाव में सरदारशहर से विधायक निर्वाचित हुए थे।

## प्रेस काउन्सिल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निगमों द्वारा इसे दिये गए विज्ञापनों ने, विज्ञापनों से होने वाली आय के लिहाज़ से, इसे नौवे स्थान पर उतार दिया है। इस अखबार द्वारा पेश किये गये तथ्यात्मक आँकड़े दर्शाते हैं कि, इसे वर्ष 2020 के प्रथम 10 महीनों तथा वर्ष 2022 के प्रथम सात महीनों में राज्य के डायरैक्टोरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिक रिलेशन (डी.आई.पी.आर.) से शून्य विज्ञापन प्राप्त हुये, अर्थात् कोई विज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ। सन् 2021 में भी, जब पी.सी.आई. ने भेदभाव बरतने के संबंध में राज्य सरकार को नोटिस जारी किया, तब कहीं जाकर इसे करीब 10 प्रतिशत जैसी नगण्य राशि के ही विज्ञापन जारी किये गये।

जाँच रिपोर्ट में, "भेदभाव पूर्ण तरीके" तथा राज्य सरकार की "मॉडल एडवरटिज़मैंट पॉलिसी गाइड, 2014" के उल्लंघन को दर्शाने वाले बयान के लिये मुख्यमंत्री पर प्रहार किया गया है। पी.सी.आई. ने राज्य सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि यह मामला प्रेस काउंसिल के अधिकार क्षेत्र की परिधि में नहीं है तथा इसलिये इसे राज्य सरकार को कोई भी निर्देश जारी करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि इसका अधिकार क्षेत्र केवल समाचार पत्रों तथा समाचार एजेंसियों तक सीमित है।

पी.सी.आई. इस अखबार की इस बात से सहमत थी कि, राज्य सरकार ने क्षेत्राधिकार के मुद्दे को जाँच रोकने के उद्देश्य से उठाया है, जबकि संसद के एक अधिनियम के जरिये स्थापित पी.सी.आई. के उद्देश्य में साफ तौर पर कहा गया है कि, इसका उद्देश्य भारत में प्रैस की स्वतंत्रता को संरक्षण प्रदान करना तथा प्रैस के स्तर का सुधार करना है। पी.सी.आई. एक्ट, 1978 की धारा 13(1) इसी सिद्धांत को साकार करती है तथा धारा 13(2) आगे पुनः कहती है कि, प्रैस काउन्सिल का मुख्य काम समाचार एजेंसियों तथा समाचार पत्रों की, उनकी स्वतंत्रता बनाये रखने के मामले में, मदद करना है।

# 'पी.सी.आई. "सैंसर बोर्ड" नहीं है ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **पी.सी.आई. के आदेश में यह कहा गया कि, विज्ञापन सरकारी अनुदान नहीं हैं, और यह सरकार की मनमानी से नहीं दिए जा सकते। पी.सी.आई. ने यह भी कहा है कि, विज्ञापन जारी करना राजनीतिक प्रतिबद्धता से निर्धारित नहीं हो सकता।**

पल के दौरान ज़बान फिसलने की संज्ञा नहीं दी जा सकती, क्योंकि मुख्यमंत्री के बयान के बाद वहां बैठे पत्रकारों ने तुरंत कहा कि उनका बयान रिकॉर्ड हो रहा है। तब मुख्यमंत्री गहलोत ने अहंकार से मुस्कराते हुए कहा कि "अच्छा है, आप में से कई हैं जो मुझे खुश करना चाहेंगे।"

प्रैस काउन्सिल ने मुख्यमंत्री के उक्त बयान के खिलाफ 13 जनवरी, 2020 को स्वतः संज्ञान लिया था और राज्य सरकार को जवाब प्रस्तुति के लिये नोटिस भेजा था।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की ओर से पिछले तीन साल में कभी भी इस बात का खंडन नहीं किया गया कि मुख्यमंत्री ने मीडिया को धमकी दी थी, बल्कि जब प्रैस काउन्सिल की इन्क्वायरी कमेटी ने सरकार की विज्ञापन नीति और 2020 से जारी किये गये विज्ञापनों का रिकॉर्ड मांगा तो तब यह जाहिर हो गया था कि सरकार अपना जवाब प्रस्तुत नहीं करना चाहती और तारीख ले-लेकर मामले को आगे खिसकाना चाहती है। प्रैस कांउसिल की कमेटी ने कई बार सरकार की तारीख लेने की आदत पर नाराजगी भी जताई थी।

पर यह मामला केवल मीडिया को दी गई धमकी का ही नहीं है बल्कि धमकी को अमल में लाने के तरीकों का भी है। क्योंकि राज्य सरकार ने अपनी ही विज्ञापन नीति के खिलाफ जाकर जबानी आदेश से राष्ट्रदूत अखबार के सभी विज्ञापन बंद कर दिए थे, और 2020 से अभी तक यही स्थिति है। जबकि सरकार द्वारा प्रैस काउन्सिल में दिये आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि राष्ट्रदूत प्रदेश का तीसरा सबसे बड़ा अखबार है। जवाब में राष्ट्रदूत ने यह भी स्पष्ट किया कि गहलोत के बयान की इस अखबार ने कड़ी आलोचना की थी और उसके बाद समय-समय पर प्रमाणों पर आधारित आलोचना की थी। इसके फलस्वरूप राष्ट्रदूत को तीन साल में पूर्व वर्षों के अनुपात में केवल 10 प्रतिशत विज्ञापन ही जारी किये गये जो प्रसारण संख्या के आधार पर प्रदेश के 14वें नम्बर के अखबार से भी कम हैं। इसके अलावा भी सरकार द्वारा जारी विज्ञापनों के आंकड़ों में कई अखबारों के साथ भेदभाव किया गया है। जब राज्य सरकार से राष्ट्रदूत को विज्ञापन नहीं दिए जाने के बारे में पूछा गया तो अपना पक्ष रखते हुए राज्य सरकार ने पी.सी.आई. की जांच समिति को कहा कि राष्ट्रदूत अखबार हमारे मुख्यमंत्री की बहुत ही ज्यादा आलोचना करता है। परन्तु उल्लेखनीय है कि जब से सरकार सत्ता में है कभी उसने अखबार में छपी किसी भी "आलोचनात्मक खबर" का खंडन नहीं किया ना ही पी.सी.आई. में शिकायत की।

इस मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि 24 मार्च 2021 में राज्य सरकार द्वारा प्रैस काउन्सिल में जवाब दायर किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि पी.सी.आई. का कार्यक्षेत्र केवल न्यूज एजेंसियों तथा अखबारों को "सैंसर" करने का है।

सरकार की इस दलील के जवाब में राष्ट्रदूत की ओर से पी.सी.आई. को पत्र लिखा गया और स्पष्ट किया गया कि प्रैस काउन्सिल की स्थापना भारत में प्रैस के स्तर को बेहतर करने और मीडिया की स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिये किया गया था। प्रैस काउन्सिल एक्ट 1978 की धारा 13(1),13(2)(ए) इन्हीं सिद्धांतों को स्थापित करता है। उल्लेखनीय है कि पी.सी.आई. का गठन 1966 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई प्रैस कमीशन की बैठक के बाद किया गया था।

पी.सी.आई. ने 15 नवम्बर को प्रकाशित अपने फैसले में कहा है कि प्रैस काउन्सिल की स्थापना यकीनन देशभर में अखबारों-न्यूज एजेंसिंयों की स्वतंत्रता को बचाने के लिये हुई थी। इस आदेश में आगे कहा कि प्रैस काउन्सिल एक्ट,1978 के तहत पी.सी.आई. को ऐसी किसी भी गतिविधि या नीति पर नजर रखनी होती है जिससे जनहित में जारी न्यूज के प्रसारण और प्रकाशन में बाधा उत्पन्न हो। पी.सी.आई.ने आगे कहा कि सरकार की विज्ञापन नीति तदर्थ नहीं हो सकती और यह नीति तर्क संगत मापदंडों पर चलनी चाहिये। आदेश में आगे कहा गया है कि "राजनीतिक कारण" विज्ञापन जारी करने की नीति को प्रभावित नहीं कर सकते। विज्ञापन अखबारों की आर्थिक व्यवहार्यता के लिए आवश्यक है।

पी.सी.आई.ने अपने आदेश में कहा है कि विज्ञापन अनुदान नहीं है और इसे प्रशासन अपनी इच्छानुसार जारी नहीं कर सकता। पी.सी.आई. की इंक्वायरी कमेटी ने सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़े और राष्ट्रदूत द्वारा उन्हीं आंकड़ों को आधार बनाकर पेश किये गये तथ्यों को देखा और कहा कि ऐसा जाहिर है कि विज्ञापन जारी करने में राष्ट्रदूत के साथ पक्षपात किया गया है जिससे साफ जाहिर है कि गहलोत सरकार ने ना केवल मीडिया को धमकी दी है बल्कि अपना नजरिया प्रकाशित करने के लिये धमकी पर अमल भी किया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908